# GORAKHPUR POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 05-07-2022

# पशु तस्करों के खिलाफ एसपी सिटी का चला सर्च आपरेशन

गोरखपुर (एसएनबी)। एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई पशु तस्करों के खिलाफ सर्च आपरेशन शुरू कर दी है। पशु तस्करों को पकड़ने के लिए पुलिस टीम के साथ खुद को मानिटरिंग कर रहे है। पुराने और नये पशु तस्करों का अपटूडेट कुंडली खंगाली जा रही है। इसी क्रम सोमवार को राजघाट पुलिस और दो पशु तस्करों से मुठभेड़ के दौरान पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए तस्कर के पास से तमंचा वरामद की है।

**पशु तस्करों कुंडली खंगालने में लगी कई टीमे**

**राजघाट पुलिस ने मुठभेड़ में दो पशु तस्कर गिरफ्तार**

एसपी सिटी ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि अपराधों व पशु तस्करी की रोकथाम व अपराधियों की गिरफ्तारी के संबंध में दिए गए निर्देश के क्रम में सीओ कोतवाली की अगुवाई में पुलिस टीम हरेंद्र भारती पुत्र रामाकांत भारती निवासी दुधई थाना चौरीचौरा,गोरखपुर और लालबाबू भारती पुत्र सुरेश भारती निवासी दुधई थाना चौरीचौरा जिला गोरखपुर शहीद मुबारक खां मोड़ के पास से एक अदद देशी तमंचा315 बोर व एक अदद खोखा कारतूस एवं दो अदद जिंदा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया। इस मामले में मुकदमा संख्या 165,166,167/22 धारा 307, 120 बी एवं 3/4 लोक संपत्ति क्षति निवारण अधिनियम एवं 3/ 25 शस्त्र अधिनियम के तहत केस दर्ज कर कोर्ट में पेश किया जहां कोर्ट ने जेल भेज दिया।



गिरफ्तार पशु तस्कर के साथ पत्रकार वार्ता करते एसपी सिटी कृष्ण विश्नोई। फोटो : एसएनबी

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम

थाना प्रभारी संजय कुमार मिश्रा थाना राजघाट,उपनिरीक्षक अनूप कुमार मिश्र,उप निरीक्षक सुशील चौरसिया,उप निरीक्षक राजेंद्र सिंह थाना, सिपाही दीपक कुमार, मंगलदीप,अशोक सिंह, फतेह बहादुर गौतम शामिल थे।

# लापता बुजुर्ग नहीं मिला, फिरौती मांगने वाले दो गिरफ्तार

**गोरखपुर (एसएनबी)**। बासगांव इलाके का बुजुर्ग लापता है। एक करोड़ की फिरौती मांगने वाले आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस अभी तक बुजुर्ग की बरामदगी नहीं कर सकी है। पुलिस ने फिरौती मांगने की बात स्वीकार की है। फिलहाल पुलिस अभी जांच में जुटी है। बासगांव प्रतिनिधि से मिली जानकारी के अनुसार बेदौली गांव निवासी झब्बू यादव 9 दिन से लापता हैं। उनके परिवार से एक करोड़ रुपये की फिरौती मांगी गयी है। पुलिस ने फिरौती मांगने वाले दोनों आरोपियों को सोमवार को गिरफ्तार कर लिया है। थाना प्रभारी सत्यप्रकाश सिंह ने गिरफ्तारी की पुष्टि की है। दोनों की पहचान कमलेश यादव और राजमन के रूप में हुई है।

**खेत की रखवाली को गया बुजुर्ग लापता**

**खेत में रखवाली करने गए थे बुजुर्ग :** झब्बू यादव बीते 24 जून को खेत की रखवाली करने गया था। परिजनों ने 25 जून को थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। 26 जून को एक लेटर आया। जिसमें लिखा था कि एक करोड़ रुपये न देने पर झब्बू की हत्या कर दी जाएगी। पुलिस को बताने पर भी जान से मारने की धमकी दी गई थी। पुलिस ने गांव के कुछ लोगों को हिरासत में लिया और पूछताछ की। लापता बुजुर्ग व कुछ लोगों का मोबाइल नंबर भी सर्विलांस पर लगाया गया था। एसपी साउथ अरुण कुमार सिंह ने बताया कि आज मुखबिर से सूचना मिली। उसके बाद दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया।

# जन समस्याओं के निस्तारण व क्राइम कंट्रोल पर रहेगा फोकस

गोरखपुर (एसएनबी)। सोमवार की रात करीव नौ वजे नवागत एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर एनेक्सी भवन में जिले की कमान संभाली ली है। श्री ग्रोवर ने पुलिस अफसरों से मुलाकात की और जिले के वारे में जानकारी ली ।

नवागत एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर ने संभाला कार्यभार



एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर पर सीएम योगी ने भरोसा जताते हुए गोरखपुर का वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक वनाया। गौरव ग्रोवर की गिनती सख्त आईपीएस अधिकारी के रूप में की जाती है। 2013 वैच के आईपीएस गौरव लुधियाना के रहने वाले हैं। वह आईपीएस वनने से पहले पंजाव में एमवीवीएस डाक्टर थे। गोरखपुर आने के पहले वह मथुरा और वहराइच जिले के पुलिस कप्तान रह चुके हैं। श्री ग्रोवर मथुरा में एसएसपी रहते हुए वहां के आम जनमानस को पुलिस का संवेदनशील रूप देखने को मिला था। उम्मीद है उससे गोरखपुर के लोग भी दो चार होगे। उनकी पहचान अपराधियों के लिए सख्त अधिकारी के रूप में भी है। जिस समय उन्हे मथुरा भेजा गया था, वहां पर कई वड़े मामलों को लेकर पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठे थे। वहां पहुंच कर उन्होने न केवल पुलिसिंग प्रणाली को सुधारा अपितु मथुरा में कानून व्यवस्था को और वेहतर किया। अव सीएम सिटी गोरखपुर में पुलिसिंग व्यवस्था को वेहतर वनाने के लिए उनके अनुभव का पुट मिलेगा। उन्होने कहा कि अपराधियों पर नकेल कसने व पुलिसिंग व्यवस्था को दुरुस्त रखने में वह कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे, जिससे कानून व्यवस्था वेहतर हो सके। ट्रैफिक व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने के लिए गंभीर प्रयास किए जाएंगे। तहसील व थाना दिवस पर आए फरियादियों की समस्याओं का समाधान भी न्याय संगत तरीके से करने का प्रयास किया जाएगा। पूरी कोशिश होगी कि फरियादियों को इधर उधर किसी ऑफिस का चक्कर न लगाना पड़े।

# सेडिका के पूर्व प्रधानाचार्य जेके लाल की अग्रिम जमानत अर्जी खरिज

गोरखपुर (एसएनबी)। फर्जी एवं कूटरचित दस्तावेज तैयार कर सेंट एंड्रयूज डिग्री कालेज का मेमोरेंडम वदलने के आरोपित सेंट एंड्रयूज डिग्री कालेज के तत्कालीन प्रधानाचार्य डा. जेके लाल की अग्रिम जमानत अर्जी अपर सत्र न्यायाधीश अभय प्रकाश नारायण ने अपराध की गंभीरता को देखते हुए खारिज कर दी है। अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता एच एन यादव एवं संजीत शाही का कहना था कि वादी मोस्ट राइट रेव्ह आर्चविशप, विशप आफ लखनऊ/मेट्रोपालिटन आफ इंडिया, सैमुएल पीटर प्रकाश इंडिया चर्च ट्रस्टी एवं चेयरमैन एलडीटीए है।

आरोपित द्वारा वादी के अनुमति के वगैर फर्जी हस्ताक्षर कर वि-विद्यालय के तथ्यों को छिपाकर अनुमोदन लेकर 9 जून 2017 को समाचार पत्रों में गजट कर नियुक्ति के लिए विज्ञापन निकलवाया गया। जवकि हाईकोर्ट द्वारा किसी भी प्रकार की नियुक्ति पर रोक लगाई जा चुकी है। आरोपित द्वारा कूटरचित दस्तावेज तैयार कर सेंट एंड्रयूज डिग्री कालेज का मेमोरेंडम वदलकर नया मेमोरेंडम तैयार किया गया और एग्लिकन चर्च आफ इंडिया के किसी भी सदस्य से अनुमोदन भी नहीं लिया गया। डाक्टर जेके लाल द्वारा सेंट एंड्रयूज डिग्री कालेज का निजीकरण कर स्वयं निजी लाभ पाने के लिए कूटरचित दस्तावेज तैयार कर जालसाजी की गई। साथ ही साथ क्राइस्ट चर्च कैंपस में वनी दुकानों का फर्जी एग्रीमेंट एलडीटीए की एटार्नी वताकर निजी लाभ लेकर पैसा कमा रहे हैं।

# थानों में खड़ी जब्त गाड़ियों की नीलामी

भरोहियां (एसएनबी)। वर्षों से खड़े वाहनों की नीलामी सोमवार को पीपीगंज थाने में हुई। वाहनों की नीलामी में मिले राजस्व ने जिले के अन्य थानों को पीछे छोड़ दिया। 21 वाइकों की नीलामी कुल ₹162300 में की गई।



कैम्पियरगंज तहसीलदार नीलम तिवारी की मौजूदगी में सोमवार को वाइकों और एक कार की नीलामी होनी थी। नीलामी में भाग लेने कवाड़ व्यापारियों के अलावा तमाम व्यापारी व आसपास के लोग भी पहुंचे थे। कवाड़ खरीद के लाइसेंस वाले ले सके भागथानाध्यक्ष दुर्गेश सिंह तय किया कि जिसके पास कवाड़ खरीद फरोख्त का लाइसेंस जीएसटी सहित होगा केवल वही नीलामी में भाग ले सकेगा। हालांकि यह शर्त नीलामी के विज्ञापन में नही दर्शायी गयी थी जिससे आम लोग और अन्य व्यापार करने वालों को मायूस होकर लौट जाना पड़ा। नीलामी में टूटा कवाड़ियों का सिंडिकेटकवाड़ के धंधे से जुड़े नीलामी में आये व्यापारियों ने वताया कि जो भो व्यापारी नीलामी के लिए आता है सव आपस में समझौता करके सरकारी दर से 5-10 प्रतिशत तक की वोली लगाकर वाहनों को किसी एक व्यापारी के नाम पर नीलाम करा लेते हैं। वाद में आपस में वोली लगाकर मिलने वाले लाभ को वरावर वरावर वांट लेते हैं। इसे ही सिंडिकेट कहते हैं। इसमें सरकार को मामूली आय होती है जवकि व्यापारियों को ज्यादा मुनाफा हो जाता हैं। 28 व्यापारियों का वन गया था सिंडिकेटपीपीगंज में नीलामी में शामिल 28 व्यापारियों का तो सिंडिकेट वन गया लेकिन एक अन्य स्थानीय व्यापारी के समझौता न करने से वना वनाया खेल विगाड़ दिया जिससे सरकार का रिकार्ड राजस्व की आय हुई है।

## लावारिस वाहनों की नीलामी

झंगहा। झंगहा थाने में आज लावारिस 7 अदद दुपहिया वाहनों की नीलामी की गई। निलामी के द्वारा सरकारी खजाने में कुल ₹79,600 में दोपहिया वाहनों से सरकारी खजाने में धनराशि प्राप्त हुई। इस लावारिस दो पहिया वाहन की नीलामी विकास सिंह तहसीलदार मजिस्ट्रेट की अध्यक्षता में थानाध्यक्ष झंगहा राजेंद्र मिश्र, उपनिरीक्षक व हेड मोहरी चौथी राम की उपस्थिति में की गई। जिसमें एक अदद बजाज डिस्कवर, एक अदद पल्सर, एक अदद बजाज एक्ससीडी, एक अदद हीरो एचएफ डीलक्स, एक अदद अपाची, एक आदत बजाज, एक अदद हीरो स्प्लेंडर की नीलामी की गई। जिसको जंगल गौरी नंवर एक थाना झंगहा गोरखपुर निवासी अंकुर शर्मा पुत्र प्रभु नाथ शर्मा ने ₹79,600 में लिया ।

# एटीएम कार्ड बदलकर उड़ाया ₹20 हजार

भरोहिया (एसएनबी)। पीपीगंज स्थित एक निजी बैंक के एटीएम पर जालासाजों ने धक्का मुक्क ी करते हुए एक युवक का एटीएम बदलकर फरार हो गए। कुछ घण्टे बाद युवक के मोबाइल पर उसके खाते से एटीएम के माध्यम से 20 रुपये की निकासी का मैसेज आने के बाद युवक ने थाने सोमवार को थाने पहुंचकर न्याय की गुहार लगायी।

**एटीएम केबिन में धक्का मुक्की के दौरान पीड़ित का बदला एटीएम कार्ड, पैसा निकाले जाने का मैसेज आने के बाद हुई जानकारी**

महराजगंज जनपद के पनियरा थानाक्षेत्र के ग्रामसभा के अड़वड़हवा टोला करियारी निवासी अर्जुन पुत्र स्व0 बेचू ने पीपीगंज पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह रविवार को पीपीगंज कस्बे में खरीददारी करने आया था। नगद पैसे कम पड़ने पर वह गोरखपुर-सोनौली मार्ग पर टीचर कालोनी में स्थित हिटाची एटीएम पर पैसा निकालने पहुँचा। उसके पास सेंट्रल बैंक में खाते का एटीएम था। जब वह एटीएम पर पहुंचा तो वहां भीड़ थी। इस दौरान वहां धक्का मुक्की होने लगी। जालसाजों ने उसी वक्त उसका एटीएम कार्ड बदलकर अपना एटीएम कार्ड उसे दे दिया। अर्जुन को इसकी भनक भी नही लगी,एटीएम से अर्जुन वापस घर लौट गया। अर्जुन जब अपने घर पहुँचा उसी दौरान उसके मोबाइल पर खाते से बीस हजार रुपये एटीएम कार्ड से निकाले जाने का मैसेज आते ही अर्जुन के होश उड़ गए। आनन-फानन में अर्जुन ने सम्बंधित बैंक को सूचित करके एटीएम कार्ड को ब्लाक कराया। साथ ही सोमवार को सुबह पीपीगंज थाने पहुचकर अर्जुन ने पुलिस को तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है। वहीं जालसाज द्वारा जो एटीएम कार्ड अर्जुन को मिला है, वह सेंट्रल बैंक का बताया जा रहा है। जिसका डिटेल लेकर पुलिस ने अर्जुन को जांच कर न्याय का भरोसा दिया है।




बिना हेलमेट तीन सवारी स्कूटी से जा रहे युवकों के वाहन का शास्त्री चौराहे पर ई-चालान करते यातायात कर्मी। फोटो : एसएनबी

# पत्र भेजकर फिरौती मांगने वाले अरेस्ट

**GORAKHPUR (4 July):** बांसगांव क्षेत्र के बेदौली गांव से लापता 72 वर्षीय झब्बू यादव का दस दिन बाद भी पुलिस पता नहीं लगा पाई है. हालांकि पत्र भेजकर एक करोड़ की फिरौती मांगने वाले दो आरोपितों को पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार कर लिया. वह गांव के ही रहने वाले है और लालच में पत्र भेजने की बात कही है. आरोपियों को जेल भेज दिया गया. 24 जून की रात से झब्बू यादव लापता है. इसके दो दिन बाद ही उनके घर पत्र भेजकर एक करोड़ की फिरौती मांगी गई. एसपी दक्षिणी अरुण कुमार सिंह ने बताया कि गांव के कमलेश यादव और राजमन ने पत्र भेजकर फिरौती मांगी थी.

# चर्चा में गोरखपुर जोन की पुलिस पोल पीएचक्यू तक पहुंचा फीडबैक

**INITIATIVE**

**पब्लिक को फीडबैक देने में हो आसानी, इसलिए जारी किया पोल क्यूआर कोड**

gorakhpur@inext.co.in

GORAKHPUR (4 July): जोन के 11 जिलों की पुलिस कैसा काम करती है. पब्लिक के बीच पुलिस की क्या छवि है. इसको जानने के लिए एडीजी जोन अखिल कुमार की ओर से शुरू की गई पहल को डीजीपी ने सराहा है. बीते दिनों कुशीनगर में डीजीपी ने सराहना की थी. अब इस परफॉर्मेंस चेक प्रोग्राम की चर्चा पीएचक्यू लखनऊ तक पहुंच गई है. पब्लिक अप्रूवल रेटिंग सिस्टम से जनता का फीडबैक लेकर दो बार पुलिस का मूल्यांकन कर चुकी है. पुलिस का जून माह का परफॉर्मेंस जानने के लिए तीसरी बार 1 से 7 जुलाई तक पब्लिक का फीडबैक लिया जा रहा है. इसमे पब्लिक की संख्या बढ़ाने के लिए एडीजी ने सोमवार को पोल क्यूआर कोड भी जारी कर दिया, जिससे पोल करना और भी आसान हो गया है.

| जनपद | Twitter Poll QR Code | Direct Poll QR Code |
|---|---|---|
| गोरखपुर | | |

➢ QR Codes स्कैन कर मत (Vote) देने की विधि - कृपया उपरोक्त QR Codes (एक बार में एक ही) ... लेने हेतु जायें, आपको स्क्रीन पर कैमरे के विकल्पों में

● क्यूआर कोड स्कैन कर सकेंगे गोरखपुर पुलिस के लिए पोल.

## इस तरह क्यूआर कोड से करें वोट

क्यू आर कोड को एक बार में एक ही को फोकस कर अपने स्मार्ट फोन से फोटो लेने के लिए स्क्रीन पर कैमरे के ऑप्शन में गूगल लेंस पर गो टू यूआरएल, लिंक, कॉपी जैसे ऑप्शन आएंगे, जिनके माध्यम से आप सीधे वोट के लिंक पर पहुंचकर अपनी इच्छानुसार निर्धारित ऑप्शन पर वोट दे सकते हैं. इसके अलावा गूगल प्ले स्टोर पर जाकर कोई सिक्योर एप डाउनलोड कर भी आप क्यू आर कोड स्कैन कर अपना वोट कर सकते हैं. वोट के लिंक पर जाने पर अति उत्तम, उत्तम, साधारण और खराब का ऑप्शन आएगा. आप पुलिस के बारे में जैसी सोच रखते हैं, उस ऑप्शन पर क्लिक कर देना होगा.

## लगेंगे पोल क्यूआर कोड

एडीजी ने पोल क्यूआर कोड जारी कर सभी थानाध्यक्षों को निर्देश जारी कर दिया है. सभी थाना प्रभारियों को अपने क्षेत्र के भीड़ भाड़ वाली जगह, बस स्टेशन, रेलवे स्टेशन, बैंक, एटीएम और बाजारों में पोल क्यूआर कोड को चस्पा करना है. जिससे उस थाने की पब्लिक आसानी से अपना फीडबैक दे सके.

## अब थाना प्रभारियों का भी होगा मूल्यांकन

एडीजी अखिल कुमार ने बताया, अभी जोन के अन्य जिले में थाना प्रभारियों का भी मूल्यांकन किया जा रहा था, लेकिन गोरखपुर में नहीं हो रहा था. उन्होंने बताया कि नए एसएसपी के आने के बाद थाना प्रभारियों का भी मूल्यांकन इसी तरह कराया जाएगा.

### 1 से 4 जुलाई तक गोरखपुर पुलिस का फीडबैक



| फीडबैक | प्रतिशत |
|---|---|
| अति उत्तम | 44.8% |
| उत्तम | 9.2% |
| साधारण | 15.3% |
| खराब | 30.7% |

**डीजीपी ने की सराहना, पूरे प्रदेश में लागू हो सकता है परफॉर्मेंस चेक प्रोग्राम**



"अधिक से अधिक पब्लिक वोट कर सके. इसके लिए क्यूआर कोड भी जारी कर दिया गया है. थाना प्रभारी इस क्यूआर कोड को अपने क्षेत्र के भीड़ भाड़, बाजार, बैंक एटीएम में चस्पा करवाएंगे. आगे चलकर गोरखपुर में थाना प्रभारियों का भी इसी तरह मूल्यांकन कराया जाएगा.

**अखिल कुमार**, एडीजी जोन

## थाना प्रभारी को बढ़ाना होगा पोल

एडीजी ने बताया, पब्लिक का जो भी फीडबैक पुलिस के प्रति आता है. अगर पुलिस को पब्लिक फीडबैक में पुलिस को अच्छी रैंक मिली है. तो उसे दूसरे महीने में बढ़ाना होगा. वहीं जिस थाने के लिए पब्लिक का फीडबैक खराब आता है तो वहां के प्रभारी को इसे सुधारने के लिए कहा जाएगा. फिर भी नहीं सुधरा तो उन्हें वार्निंग दी जाएगी. इसके बाद सुधार नहीं आया तो तीसरी बार उन्हें रिवर्ट किया जाएगा.

PIC: DAINIK JAGRAN I NEXT

# गोरखपुर पहुंचे नए एसएसपी आज से करेंगे 'सीधी बात'



नवागत एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर.

**GORAKHPUR (4 July):** गोरखपुर के नए एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर सोमवार देर शाम गोरखपुर पहुंच गए. सर्किट हाउस में रात 9 बजे उन्होंने कागजी फार्मेल्टी पूरा कर कार्यभार संभाला. एसपी नॉर्थ, एसपी साउथ, एसपी सिटी समेत सभी अधिकारी एसएसपी का वेलकम करने पहुंचे. एसएसपी ने अधिकारियों से मिलकर गोरखपुर का मिजाज जाना. इस दौरान दैनिक जागरण आईनेक्स्ट से बात करते हुए उन्होंने बताया, गोरखपुर के बारे में समझ रहा हूं, मंगलवार से फरियादियों से सीधी बात होगी. उनकी लंबित शिकायतों पर अधीनस्थ स्टाफ से जवाब-तलब होगा.

## पसंद आया रामगढ़ताल

एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर सीधे सर्किट हाउस पहुंचे. उन्होंने बताया कि अभी तक रामगढ़ताल का नाम सुना था, आज देख भी लिया. ताल का बहुत ही सुंदर नजारा नजर आया. उन्होंने बताया कि पीड़ित को न्याय मिले, यही प्राथमिकता हर जगह रही है, आगे भी यही मेरी प्राथमिकता होगी. उन्होंने बताया कि हर जगह के बारे में थोड़ा होम वर्क करना होता है, उसे समझना होता है. गोरखपुर के बारे में और यहां की पुलिसिंग पर अधिकारियों से बात हुई है. बाकी होमवर्क करके मंगलवार से मैदान में उतरूंगा. एसएसपी ने बताया कि पुलिस पर पब्लिक का जो विश्वास कायम है, वो हमेशा बरकरार रहेगा.

# फायरिंग कर भाग रहे पशु तस्करों को पुलिस ने दबोचा

**GORAKHPUR (4 July):** पुलिस और पशु तस्करों के बीच रविवार की रात मुठभेड़ हो गई. इस दौरान बोलेरो सवार पशु तस्करों को राजघाट पुलिस ने रोकने की कोशिश की तो वह उनपर फायरिंग करने के साथ उनकी सरकारी जीप में ठोकर मारकर भागने लगे. बाद में पुलिस ने घेराबंदी कर मुबारक खान शहीद मोड़ के पास से दो तस्करों को अरेस्ट किया. इस बीच उनके दो साथी गाड़ी लेकर भागने में सफल रहे.

## गश्त के दौरान हुई मुठभेड़

राजघाट थानेदार संजय कुमार मिश्र, ट्रांसपोर्ट नगर चौकी प्रभारी अनूप कुमार मिश्र, दरोगा सुशील चौरसिया, राजेन्द्र सिंह अन्य पुलिस कर्मियों के साथ रविवार की रात में गश्त पर थे. इस दौरान उनको सड़क से पशुओं के उठाने वाले तस्करों की सूचना मिली. शहीद मुबाकर खान मोड़ पर वह पहुंचे ही थे कि पुलिस को देख कर तस्करों ने उनपर फायरिंग शुरू कर दी. सरकारी गाड़ी में ठोकर मारकर बोलेरो से भागने लगे. पुलिस ने घेराबंदी कर दो तस्करों को गिरफ्तार कर लिया. तलाशी में उनके पास से दो मोबाइल, 315 बोर का तमंचा, दो जिंदा कारतूस और एक खोखा बरामद हुआ. तस्करों की पहचान चौरीचौरा क्षेत्र के दुधई गांव निवासी हरेन्द्र भारती और लालबाबू भारती के रूप में हुई.



जनपद के नवागत एसएसपी गौरव ग्रोवर ने सोमवार कार्यभार ग्रहण किया।

# नवागत एसएसपी ने कार्यभार ग्रहण किया

गोरखपुर। 2013 बैच के आईपीएस गौरव ग्रोवर ने सोमवार देर रात गोरखपुर एसएसपी के तौर पर कार्यभार संभाल लिया। यहां एसएसपी रहे डॉ. विपिन ताडा का शनिवार को सहरानपुर तबादला हो गया था। उनकी जगह पर नई तैनाती गौरव ग्रोवर की हुई है। उन्होंने अपराध पर अंकुश व शिकायतों को थाने स्तर से त्वरित निस्तारण कराना प्राथमिकता में शामिल होना बताया।

# मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य ने पकड़े दो दलाल, चालान

- मरीज के साथ आए लोगों को दे रहे थे मेडिकल स्टोर की पर्ची
- सुपरस्पेशियलिटी ब्लॉक के न्यूरो सर्जरी ओपीडी के बाहर से पकड़ा

गोरखपुर, निज संवाददाता। बीआरडी मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य ने सोमवार को सुपर स्पेशियलिटी ब्लॉक में न्यूरो सर्जरी की ओपीडी के बाहर से दो दलालों को पकड़ा। दोनों दलाल दोनों मरीज के साथ आए लोगों को एक मेडिकल स्टोर की पर्ची बांट रहे थे। वह अंदर की दवा खराब होने की जानकारी देकर बाहर से दवा खरीदने के लिए गुमराह कर रहे थे। गुलरिहा पुलिस ने आरोपितों का शांतिभंग में चालान कर दिया है।

बीआरडी मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य सोमवार की सुबह सुपर स्पेशियलिटी ब्लाक का निरीक्षण कर रहे थे। 11 बजे के करीब न्यूरोसर्जरी ओपीडी के बाहर दो युवक पर्ची बांटने हुए दिखे। प्राचार्य ने उनसे पूछताछ की तो पता चला कि वह परिसर के बाहर स्थित मेडिकल स्टोर पर काम करते हैं। जिसके बाद दोनों को पकड़कर प्राचार्य ने मेडिकल कालेज चौकी प्रभारी को कार्रवाई के लिए सौंप दिया।

पूछताछ में उनकी पहचान पिपराइच क्षेत्र के जंगल छत्रधारी निवासी कृष्णा पासवान व देवरिया, रुद्रपुर के रहने वाले राजन पांडेय के रूप में हुई।

# दक्षिणांचल को अग्निशमन केंद्र का तोहफा

गोरखपुर। पिछले दिनों मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बांसगांव अग्निशमन केंद्र का लोकार्पण किया। यह अग्निशमन केंद्र दक्षिणांचल के लिए किसी तोहफे से कम नहीं है। इस केंद्र से बांसगांव विधानसभा के साथ ही चिल्लूपार एवं खजनी विधानसभा क्षेत्र को फायदा मिलेगा। संकट की घड़ी में गोरखपुर के गोलघर से फायर टेंडर पहुंचने का एक से डेढ़ घंटे का इंतजार नहीं करना पड़ेगा।

कार्यदायी संस्था उत्तर प्रदेश आवास निगम ने यहां प्रशासनिक भवन, बैरक का निर्माण कर जहां क्रियाशील कर दिया है। वहीं, कर्मचारी यहां 24 घंटे निवास करें, आवासीय परिसर का निर्माण भी अंतिम चरण में हैं। यहां 5000 लीटर क्षमता का एक और 450 लीटर क्षमता का दो फायर टेंडर उपलब्ध हैं। ट्यूबवेल और फॉटर हाइडेंट भी लगाए गए हैं। मानव संपदा के रूप में यहां दो लीडिंग फायरमैन, एक फायर सर्विस चालक, आठ फायरमैन, एक अनुचर/फालवर तैनात है। बाढ़ के दिनों में भी इससे काफी मदद मिलेगी।



बांसगांव अग्निशमन केन्द्र का नवनिर्मित प्रशासनिक भवन।

# संदिग्ध हालात में विवाहिता की मौत, चार पर मुकदमा

- गुलरिहा थाना क्षेत्र के हरसेवकपुर नंबर दो की है घटना
- विवाहिता की संदिग्ध हाल में मौत के बाद ससुराल वाले हुए फरार

गोरखपुर, निज संवाददाता। गुलरिहा क्षेत्र के हरसेवकपुर में किराये का कमरा लेकर रह रही विवाहिता की सोमवार को संदिग्ध हालात में मौत हो गई। मायके वालों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उधर, पुलिस ने पति, सास, ससुर एवं जेठ पर दहेज हत्या का केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

गोरखनाथ क्षेत्र के रामजानकी नगर, चक्साहुसैन पचपेड़वा की रहने वाली कविता चौहान की बेटी संजना को बीते 6 मार्च 2022 को गुलरिहा क्षेत्र के हरसेवकपुर नंबर दो निवासी पप्पू चौहान का बेटा राज चौहान भगाकर शादी कर लिया था। मायके वालों का आरोप है कि राज जब उसे लेकर घर पहुंचा तो ससुराल वाले दहेज की मांग कर उसे प्रताड़ित करने लगे। बाद में वह उनको घर से निकाल दिए। इसके बाद राज अपनी पत्नी को लेकर हरसेवकपुर नंबर दो में किराए का कमरा लेकर रहने लगा। सोमवार सुबह संजना की घर में बिस्तर पर संदिग्ध हालत में शव पड़ी थी। मकान मालिक ने यह देख इसकी सूचना पुलिस को दी।

# दुष्कर्म की कोशिश में पांच साल की कैद

गोरखपुर। नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म के प्रयास के जुर्म में विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट कोर्ट रोहित सिंह ने गुलरिहा थाना क्षेत्र के जंगल एकला नम्बर दो बिचला टोला निवासी अभियुक्त विशनु निषाद को पांच साल के कठोर कारावास व पांच हजार रुपया अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड न देने पर अभियुक्त को एक माह का कारावास अलग से भुगतना होगा।

अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक अरविंद श्रीवास्तव का कहना था कि 17 अगस्त 2017 को वादिनी अपनी छह वर्षीय नाबालिग बच्ची को घर पे सुलाकर खेत गई थी। एक बजे के करीब जब वादिनी घर वापस आई तो देखी कि अभियुक्त उसके घर से निकल कर भाग रहा था। वादिनी अंदर गई तो देखा कि वादिनी की लड़की के कपड़े उतारे हुए थे और वह आधी बेहोशी की हालत में थी।

# थाने की गाड़ी में ठोकर मार भाग रहे दो तस्कर दबोचे

गोरखपुर, निज संवाददाता। शहर में पशु तस्करों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। रविवार रात बोलेरो सवार पशु तस्करों को राजघाट पुलिस ने रोकने की कोशिश की तो वह उनपर फायरिंग करने के साथ उनकी जीप में ठोकर मारकर भागने लगे। बाद में पुलिस ने घेराबंदी कर शहीद मुबारक खान मोड़ के पास से दो तस्करों को पकड़ने में सफल रही। हालांकि उनके दो साथी गाड़ी लेकर भागने में सफल रहे।

राजघाट थानेदार संजय कुमार मिश्र, ट्रांसपोर्ट नगर चौकी प्रभारी अनूप कुमार मिश्र, दरोगा सुशील चौरसिया, राजेन्द्र सिंह अन्य पुलिस कर्मियों के साथ रविवार रात में गश्त पर थे। इस दौरान उनको सड़क से पशुओं के उठाने वाले तस्करों की सूचना मिली। शहीद मुबाकर खान मोड़ पर पहुंचने पर तस्कर पुलिस को देख कर उनपर फायरिंग कर दिए और वाहन में ठोकर मारकर बोलेरो से भागने लगे। पुलिस ने घेराबंदी कर दो तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी में उनके पास से दो मोबाइल, 315 बोर का तमंचा, दो जिंदा कारतूस और एक खोखा बरामद हुआ। तस्करों की पहचान चौरीचौरा क्षेत्र के दुधई गांव निवासी हरेन्द्र भारती और लालबाबू भारती के रूप में हुई। एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई ने बताया कि उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कोर्ट में पेश किया, जहां से उनको जेल भेज दिया गया। पुलिस उनके दो साथियों की तलाश में जुट गई है।

**गिरोह का सरगना है विक्की:** पशु तस्करों के गिरोह का सरकार चौरीचौरा क्षेत्र का रहने वाला विक्की है। पुलिस की पूछताछ में गिरफ्तार तस्करों ने बताया कि बोलेरो उसी का है। उसके साथ एक अन्य तस्कर संजय भी था। वह अब तक तीन बार शहर में पशुओं को उठाने आ चुके है। एक बार में वह तीन से चार गाय को लादकर बिहार ले जाकर बेच देते है।



दो पशु तस्कर को गिरफ्तार किया।

- **भाग रहे दो तस्करों को शहीद मुबारक खान मोड़ से दबोचा**
- **तस्करों के पास से दो मोबाइल तथा तमंचा और दो जिंदा कारतूस बरामद**

**दो माह में तीसरी बार हुआ मुठभेड़:** हाल के दिनों में पुलिस का पशु तस्करों से यह तीसरा मुठभेड़ है। एक जून की रात में तिवारीपुर क्षेत्र में पशु तस्करों से पुलिस का मुठभेड़ हुआ था। इसमें पांच तस्कर पुलिस के हत्थे चढ़ थे। उनके कब्जे से पांच गाय को मुक्त कराया गया था। इसके अलावा 22 जून को शाहपुर पुलिस ने 25 हजार के इनामी दो पशु तस्करों को गिरफ्तार किया था।

**पशु तस्कर पहले भी कर चुके है पुलिस पर हमला:** पशु तस्करों के आतंक का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि वह पहले भी शहर में कई बार पुलिस पर जानलेवा हमला कर चुके है। पशु तस्करों के हमले में सरकारी गाड़ी के साथ पुलिसकर्मी भी घायल हो चुके हैं। गोरखपुर शहर पशु तस्करों के लिए पहले से मुफिद रहा है। वह अपने मोडीफाई पिकअप या बोलेरो से शहर में प्रवेश करते है और सड़क पर घुम रही गाय व पशुओं को लाद कर फरार हो जाते है। जो उनको रोकने की कोशिश करता है वह उनपर ईंट-पत्थर से हमला करने के साथ गोली चलाने से भी नहीं हिचकते।

# एक करोड़ की फिरौती मांगने वाले दो गिरफ्तार

- गांव के दो युवकों ने लालच में पत्र भेजने की बात कही
- बुजुर्ग का पता नहीं चलने पर बांसगांव पुलिस तलाश में जुटी

गोरखपुर, निज संवाददाता। बांसगांव क्षेत्र के बेदौली गांव से लापता 72 वर्षीय झब्बू यादव का दस दिन बाद भी पुलिस पता नहीं लगा पाई है। हालांकि पत्र भेजकर एक करोड़ की फिरौती मांगने वाले दो आरोपितों को पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उनको कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया।

जानकारी के अनुसार 24 जून की रात से झब्बू यादव लापता हैं। इसके दो दिन बाद ही उनके घर पत्र भेजकर एक करोड़ की फिरौती मांगी गई थी। पुलिस मामले की जांच में जुटी थी कि इसी बीच सोमवार को आरोपियों को पकड़ लिया। एसपी दक्षिणी अरुण कुमार सिंह ने बताया कि गांव के रहने वाले कमलेश यादव और राजमन ने पत्र भेजकर एक करोड़ की फिरौती मांगी थी। पत्र की फोटो कॉपी कराकर भेजने के साथ मूलपत्र फाड़कर फेंक दिया था। पुलिस ने फटे मूल पत्र को बरामद करने के साथ दुकान से सीसीटीवी फुटेज बरामद कर लिया है। सीसीटीवी फुटेज से ही फिरौती मांगने वालों की पहचान हो गई और सबूत के आधार पर पकड़ लिया गया। पुलिस गहराई से मामले की जांच कर रही है।

# चारपाई पर मिला विवाहिता का शव, चार पर मुकदमा

**जासं. गोरखपुर** : तीन माह पहले प्रेम विवाह करने वाली युवती का शव सोमवार की सुबह कमरे में चारपाई पर मिला। स्वजन व रिश्तेदारों के साथ पहुंची मां ने दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए पति समेत चार पर मुकदमा दर्ज कराया है।

गुलरिहा थाना क्षेत्र के सरैया बाजार निवासी राज चौहान ने छह मार्च को गोरखनाथ के चक्सा हुसैन पचपेड़वा की रहने वाली संजना के साथ प्रेम विवाह किया था। दोनों परिवार के लोग रिश्ते के खिलाफ थे। शादी के बाद राज चौहान व संजना हरसेवकपुर नंबर दो निवासी सावर निषाद के घर में किराए पर कमरा लेकर रहते थे। संजना की मां कविता चौहान की तहरीर पर पति राज चौहान, सास, ससुर, भसुर प्रिन्स के खिलाफ दहेज के लिए हत्या करने का मुकदमा दर्ज किया है।

# थानेदार की जीप में तस्करों ने मारी टक्कर

## घेराबंदी कर पुलिस ने दो पशु तस्करों को दबोचा, मोबाइल, तमंचा व कारतूस मिले

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर** : बोलेरो सवार पशु तस्करों को रविवार की रात राजघाट थानेदार ने रोकने का प्रयास किया तो उनकी जीप में टक्कर मारकर भाग निकले। घेराबंदी करने पर फायरिंग करते हुए दो तस्कर पैदल ही मुबारक खां शहीद गली की तरफ भागे, जिन्हें पुलिस ने दबोच लिया। उनके दो साथी बोलेरो लेकर फरार हो गए। आरोपितों के कब्जे से एक तमंचा, दो कारतूस के खोखे व दो मोबाइल फोन मिले। हत्या की कोशिश, आर्म्स एक्ट व लोक संपत्ति क्षति निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपितों को सोमवार की दोपहर में कोर्ट में पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया।


पुलिस की गिरफ्त में पशु तस्कर ● जागरण

एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई ने सोमवार की दोपहर में पुलिस लाइन में प्रेस वार्ता कर बताया कि रविवार की रात में राजघाट थानेदार संजय कुमार मिश्र, ट्रांसपोर्ट नगर चौकी प्रभारी अनूप कुमार मिश्र के साथ गश्त पर थे। इस दौरान उन्हें छुट्टा पशुओं के उठाने वाले तस्करों के बारे में सूचना मिली। शहीद मुबाकर खां मोड़ पर तस्कर पुलिस को देख फायरिंग कर भागने लगे। घेराबंदी करने पर थानेदार की जीप में ठोकर मारकर बोलेरो लेकर भाग निकले। उनके दो साथियों को पुलिस ने पकड़ लिया। पूछताछ में उनकी पहचान चौरी चौरा क्षेत्र के दुधई गांव निवासी हरेन्द्र भारती और लालबाबू भारती के रूप में हुई। एसपी सिटी ने बताया कि फरार चल रहे आरोपितों की तलाश चल रही है।

**चौरी चौरा का विक्की है सरगना** : पशु तस्करी करने वाले गिरोह का सरगना चौरी चौरा का विक्की है। पकड़े गए तस्करों ने बताया कि घटना में इस्तेमाल बोलेरो उसी की है। उसके साथ संजय नाम का युवक भी था। तीन बार वह शहर में पशुओं को चुराने आ चुके हैं। एक बार में वह तीन से चार गाय बोलेरो में लादकर बिहार ले जाकर बेचते हैं।

**पशुओं को चुराकर बोलेरो से ले जा रहे तस्कर**: गोरखपुर : शहर में सक्रिय पशु तस्करों ने अब चोरी का तरीका बदल दिया है। पिकअप की घेराबंदी व जगह-जगह चेकिंग शुरू होने पर पुलिस से बचने के लिए छुट्टा पशुओं को चुराकर बोलेरो में लादकर बिहार ले जा रहे हैं। दो माह पहले शाहपुर में पशु तस्करों के बोलेरो से शहर में घूमने की सूचना मिली थी। पुलिस की छानबीन में पता चला कि तस्करों ने पीछे व बीच की सीट को निकलवा दिया है, जिसमें एक गाय व बछड़ा लादकर शहर के बाहर ले जाते हैं। रविवार की रात में पकड़े गए तस्करों ने पूछताछ इसकी पुष्टि की।

# प्राचार्य ने पकड़े दो दलाल शांतिभंग में हुआ चालान

**जासं. गोरखपुर** : बीआरडी मेडिकल कालेज के प्राचार्य ने सोमवार को सुपरस्पेशिलिटी ब्लाक में न्यूरोसर्जरी ओपीडी के बाहर दो दलालों को पकड़ा। दोनों मरीज के साथ आए लोगों को एक मेडिकल स्टोर की पर्ची बांट रहे थे। अंदर की दवा खराब होने की जानकारी देकर बाहर से दवा खरीदने के लिए गुमराह कर रहे थे। गुलरिहा थाना पुलिस ने आरोपितों का शांतिभंग में चालान कर दिया। बीआरडी मेडिकल कालेज के प्राचार्य सोमवार की सुबह सुपरस्पेशिलिटी ब्लाक का निरीक्षण कर रहे थे। 11 बजे के करीब न्यूरोसर्जरी ओपीडी के बाहर दो युवक पर्ची बांटने हुए दिखे। उनसे पूछताछ की तो पता चला कि वह परिसर के बाहर स्थित मेडिकल स्टोर पर काम करते हैं। जिसके बाद दोनों को पकड़कर प्राचार्य ने मेडिकल कालेज चौकी प्रभारी को सौंप दिया। उनकी पहचान पिपराइच के जंगल छत्रधारी निवासी कृष्णा पासवान व देवरिया, रुद्रपुर के रहने वाले राजन पांडेय के रुप में हुई।

# ट्विटर पोल के लिए जारी हुआ क्यूआर कोड

सतीश पांडेय ● गोरखपुर

ट्विटर व डायरेक्ट पोल में अधिक से अधिक लोगों के शामिल होने के लिए एडीजी कार्यालय ने क्यूआर कोड जारी किया है। जिसे स्कैन करके लोग कोई भी आसानी से पुलिस के बारे में अपनी राय व्यक्त कर सकता है। हर जिले के लिए अलग-अलग क्यूआर कोड जारी हुआ है।

पुलिस की कार्यप्रणाली कैसी है यह जानने के लिए एडीजी अखिल कुमार जोन के 11 जिलों में हर माह ट्विटर पर पोल कराते हैं। जिसमें आइजीआरएस, ट्विटर पर आने वाली शिकायत, एफआइआर, यातायात व्यवस्था, एफआइआर, विवेचना, डायल 112 के रेस्पांस के बारे में आमजन की राय ली जाती है। ट्विटर पर मिले फीडबैक के आधार पर जिले की ग्रेड तय होती है। मार्च, अप्रैल की अपेक्षा मई में आमजन का पुलिस के प्रति भरोसा बढ़ा था। जून में पुलिस की कार्यप्रणाली कैसी रही यह जानने के लिए ट्विटर पर पोल चल रहा है। जिसमें अधिक से अधिक लोग भाग लें इसके लिए क्यूआर कोड जारी हुआ है।

**डीजीपी कर चुके सराहना** : गोरखपुर जोन में शुरु हुए ट्विटर पर पोल के बारे में एडीजी अखिल कुमार ने डीजीपी को बताया था। इसकी सराहना करते हुए उन्होंने आगे भी जारी रखने को कहा था। जिसके बाद जोन के सभी पुलिस कप्तान थानेदारों की कार्यप्रणाली जानने के लिए ट्विटर पोल कराते हैं।



ट्विटर व डायरेक्ट पोल में अधिक से अधिक लोग शामिल हो इसके लिए हर जिले का क्यूआर कोड जारी हुआ है। जिले के पुलिस अधिकारी, थानेदार, चौकी प्रभारी व बीपीओ से कहा गया है कि क्यूआर कोड के बारे में लोगों को बताएं ताकि हर माह होने वाले पोल में भाग ले सकें।

**अखिल कुमार**, एडीजी जोन

# नवागत एसएसपी ने संभाला कार्यभार

**जासं. गोरखपुर :** नवागत एसएसपी डा.गौरव ग्रोवर ने सोमवार की रात सर्किट हाउस में कार्यभार ग्रहण किया। रात में ही जिले के पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक कर व्यवस्था की जानकारी ली।



डा.गौरव ग्रोवर कार्यभार ग्रहण करते हुए जागरण

2013 बैच के आइपीएस डा.गौरव भटिंडा (पंजाब) के रहने वाले हैं। वह बतौर एसएसपी मथुरा में करीब ढाई साल तक रहे। एमबीबीएस की पढ़ाई करने वाले डा.गौरव आइपीएस बनने से पहले पंजाब में प्रैक्टिस करते थे।

# सिग्नल की खराब टाइमिंग ने बिगाड़ी यातायात व्यवस्था

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर** : सिग्नल की खराब टाइमिंग ने शहर की यातायात व्यवस्था को बिगाड़ दिया है।आइटीएमएस(इंटेलीजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम) के इंजीनियर व यातायात पुलिस के अधिकारियों ने बिना प्लानिंग के टाइमिंग फीड कराई है। इससे स्थिति बिगड़ रही है और कई जगह जाम लग रहा है। सबसे खराब स्थिति छात्रसंघ चौराहा व पैडलेगंज मार्ग की है।

शहर के 21 चौराहों पर यातायात का संचालक सिग्नल से हो रहा है इसमें अधिकतर चौराहों पर टाइमिंग यातायात के दबाव के हिसाब से फ़ीड नहीं है। कई स्थान प्वाइंट तो ऐसे हैं, जहां यातायात का दबाव ज्यादा है लेकिन टाइमिंग कम है। कहीं पर दबाव कम है तो टाइमिंग ज्यादा। इसकी वजह से सुबह 10 बजे से शाम चार बजे के बीच जाम के हालात बन रहे हैं।सुबह को पैडलेगंज से छात्रसंघ मार्ग की ओर से जाने वालों की संख्या अधिक होती है,जबकि यहां की टाइमिंग कम है। इससे सुबह 10 से दोपहर एक बजे के बीच सबसे ज्यादा जाम लगता है। यही स्थिति मोहद्दीपुर व असुरन चौराहे की है।



छात्रसंघ चौराहे पर बायीं लेन में खड़े लोग, लगा जाम ● जागरण

- **छात्रसंघ चौराहे से पैडलेगंज के बीच रोज लग रहा जाम**
- **अधिकतर चौराहों पर टाइमिंग दवाव के हिसाब से फीड नहीं**

**कई चौराहों पर नहीं दिखता सिग्नल** : छात्रसंघ, आंबेडकर चौक, कालीमंदिर, यूनिवर्सिटी चौराहा पर सिग्नल के आगे पेड़ व डिजिटल स्क्रीन लगने की वजह से राहगीरों को सिग्नल हरा व लाल होने की जानकारी नहीं हो पाती। सिपाही व होमगार्ड जब तक इशारा नहीं करते कोई आगे नहीं बढ़ता, 10 से 15 सेकेंड बीत जाते हैं।







छात्रसंघ चौराहे पर पेड़ की ओट में ट्रैफिक लाइट ● जागरण



सिग्नल की टाइमिंग ठीक न होने से जिन चौराहों पर जाम की स्थिति रहती है उसका आकलन कराया जाएगा। यातायात विभाग के साथ ही आइटीएमएस के इंजीनियर इसको लेकर फिर से सर्वे करेंगे।सुगम यातायात के लिए बायां मोड़ खाली कराने के साथ ही टाइमिंग को भी सही कराया जाएगा।


**कृष्ण कुमार विश्नोई**, एसपी सिटी

# सेवानिवृत्त फौजी को मारी गोली, बाल–बाल बचे

- **बाएं कंधे को छूती हुई निकल गई गोली**
- **मुकदमे की तारीख देखकर लौट रहा था फौजी**

**जागरण संवाददाता, भर्रोह** : गोला थाना क्षेत्र के भर्रोह पुलिया के पास सोमवार की शाम मुकदमे की पैरवी कर लौट रहे सेवानिवृत्त फौजी पर एक युवक ने कट्टे से फायर कर दिया। संयोग से गोली उनके बाएं कंधे पर हल्की चोट करती हुई निकल गई। सूचना मिलते ही मौके पर कोतवाल जयंत कुमार सिंह व क्षेत्राधिकारी जगतराम कन्नौजिया पहुंच गए और उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। जहां से उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

थाना क्षेत्र के बरहज गांव निवासी सेवानिवृत्त फौजी 72 वर्षीय राधेश्याम मौर्य का गांव के ही एक व्यक्ति से जमीनी विवाद है। उनका कहना है कि इस मामले में बांसगांव दीवानी न्यायालय में मुकदमा चलता है। सोमवार को उसी मुकदमे की तारीख थी। वहीं से वह लौट रहे थे। इस संबंध में क्षेत्राधिकारी जगतराम कन्नौजिया का कहना है कि तहरीर मिलते ही मुकदमा पंजीकृत कर आगे की कार्यवाही की जाएगी।



**गोली से घायल फौजी के उपचार के लिए सीओ ने घंटाभर किया इंतजार**: गोला : गोला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में व्याप्त दुर्व्यवस्था का आलम यह है कि गोली लगने के बाद फौजी को अस्पताल लेकर पहुंचे क्षेत्राधिकारी जगतराम कन्नौजिया व कोतवाल जयंत कुमार सिंह को घंटाभर से अधिक इंतजार करना पड़ा। इमरजेंसी में तैनात चिकित्सक गायब मिले। फार्मासिस्ट डाक्टर की तरफदारी और बुलाने में लगा रहा। इंतजार करने के बाद क्षेत्राधिकारी ने एसडीएम रोहित कुमार मौर्य व तहसीलदार बृजमोहन शुक्ल को फोन पर सूचना दी। वे लोग भी मौके पर पहुंचे, लेकिन उसके बाद भी इमरजेंसी में तैनात चिकित्सक नहीं पहुंच सके। इस पर एसडीएम ने सीएमओ से बात की। उन्होंने कहा कि फार्मासिस्ट से ही रेफर कराकर घायल को जिला अस्पताल भेजिए। क्षेत्राधिकारी ने कहा कि अब वह मुख्यमंत्री दरबार में स्वयं उपस्थित होकर अस्पताल में व्याप्त दुर्व्यवस्था की शिकायत करेंगे।

सीओ साहब की रिपोर्ट पर अगली कार्रवाई के लिए सीएमओ व जिलाधिकारी को पत्र भेजा जाएगा।
**रोहित कुमार मौर्या, एसडीएम गोला**

# दुष्कर्म के दो आरोपित गिरफ्तार, भेजा जेल

**जासं. गोरखपुर :** शाहपुर व खोराबार थाना पुलिस ने दुष्कर्म के दो आरोपितों को सोमवार की सुबह गिरफ्तार किया। उन्हें कोर्ट में पेश किया गया जहां से जेल भेज दिया गया। कुशीनगर जिले के खड्डा, वार्ड नंबर 11 निवासी जमील अहमद कुरैशी के खिलाफ युवती ने दुष्कर्म, मारपीट व धमकी देने का मुकदमा दर्ज कराया था। प्रभारी निरीक्षक शाहपुर थाना रणधीर मिश्रा ने बताया कि आरोपित को सोमवार की सुबह रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर नौ से गिरफ्तार किया गया। वहीं खोराबार पुलिस ने गांव की रहने वाली किशोरी को अगवा कर दुष्कर्म करने वाले आरोपित युवक को सोमवार की सुबह गिरफ्तार किया।

# किशोरी लापता, युवक पर अपहरण का मुकदमा

**जासं. गोरखपुर** : खोराबार थाना क्षेत्र के एक गांव की किशोरी दो दिन से लापता है। खोजबीन के बाद स्वजन ने गांव के एक युवक पर अपहरण का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

14 वर्षीय किशोरी कक्षा सात की छात्रा है। पिता ने बताया कि शनिवार सुबह परिवार के लोग सोकर उठे तो देखा कि उनकी बेटी घर में नहीं है। खोजबीन करने पर कुछ पता नहीं चला। खोजबीन करने पर पता चला कि गांव का रहने वाला युवक उसे अपने साथ ले गया है।

# डॉ. जेके लाल की अग्रिम जमानत याचिका खारिज

अमर उजाला ब्यूरो

## कूटरचित दस्तावेज तैयार करके जालसाजी व धोखाधड़ी का मामला

**गोरखपुर।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अभय प्रकाश नारायण ने कूटरचित दस्तावेज तैयार करके जालसाजी व धोखाधड़ी के आरोपी सेंट एंड्रयूज डिग्री कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डॉ. जेके लाल की अग्रिम जमानत याचिका सोमवार को खारिज कर दी। तत्कालीन प्राचार्य के खिलाफ कैंट थाने में केस दर्ज हुआ था। वह अब कॉलेज से सेवानिवृत्त हो चुके हैं।

कैंट थाने में दर्ज केस के मुताबिक, हाईकोर्ट ने सेंट एंड्रयूज डिग्री कॉलेज में किसी भी तरह की नियुक्ति पर रोक लगाई थी। आरोप है कि डॉ. जेके लाल ने मनमानी की और कूटरचित दस्तावेज तैयार करके शिक्षकों की नियुक्ति का फर्जी तरीके से अनुमोदन करा लिया। क्राइस्ट चर्च परिसर की दुकानों का एग्रीमेंट गलत तरीके से करके निजी लाभ लिया गया। इन्हीं मामलों में डॉ. जेके लाल की तरफ से अग्रिम जमानत के लिए याचिका दाखिल की गई थी। इसपर अभियोजन की तरफ से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता और वादी के अधिवक्ता ने अपना-अपना पक्ष रखा।

**एनबीडब्लू जारी हुआ था, लेकिन पुलिस ने कुछ नहीं किया** : मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने मार्च 2022 में डॉ. जेके लाल के खिलाफ एनबीडब्लू जारी किया था, लेकिन पुलिस कुछ नहीं कर सकी।

# किशोरी से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

खोराबार। इलाके के एक गांव से किशोरी का अपहरण कर दुष्कर्म करने के आरोपी को पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भिजवा दिया।

जानकारी के मुताबिक, 27 अप्रैल 2022 को परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने गांव के ही एक युवक पर अपहरण का केस दर्ज किया था। किशोरी के मिलने पर दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट की धारा बढ़ाकर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। ब्यूरो

# दुष्कर्म के आरोपी को जेल भेजा

गोरखपुर। शाहपुर पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी को सोमवार को गिरफ्तार कर जेल भिजवा दिया। उसकी पहचान नेहरू नगर वार्ड नंबर 11, कुशीनगर निवासी जमील अहमद कुरैशी के रूप में हुई। इंस्पेक्टर ने बताया कि पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भिजवा दिया। ब्यूरो

# अवैध खनन के खिलाफ कार्रवाई, ट्रैक्टर-ट्रॉली पकड़ी

गोरखपुर। डीएम के निर्देश पर जिला खनन अधिकारी व तहसील के लेखपालों की टीम ने सोमवार को लालपुर टीकर नदुआ बालू खनन घाट पर छापा मारा। इस दौरान बिना अनुमति बांध के किनारे मिट्टी अवैध तरीके से खनन होता मिला, जिसपर उन्होंने मिट्टी लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली को खोराबार थाने की पुलिस को सुपुर्द कर दिया है। हालांकि टीम के छापा मारने की सूचना अवैध खनन करने वालों को पहले ही लग गई थी। जब तक टीम मौके पर पहुंची उसके पहले ही वहां खामोशी फैल गई। पूछताछ पर पता चला कि थोड़ी देर पहले ही मिट्टी लेकर गाड़ियां निकली हैं। जिला खनन अधिकारी ने पीछा कर सिक्टौर के पास एक मिट्टी लदी ट्रॉली को पकड़ा। जिला खनन अधिकारी जितेंद्र शर्मा का कहना है कि अवैध खनन के खिलाफ निरंतर कार्रवाई हो रही है। सूचना पर टीम मौके पर जाकर कार्रवाई कर रही है। ब्यूरो

# पत्र लिखकर गांव के ही दो लोगों ने मांगी थी फिरौती

## बांसगांव पुलिस ने दोनों आरोपियों को पकड़ा, बुजुर्ग का पता नहीं

अमर उजाला ब्यूरो

**बांसगांव।** इलाके के बेदौली गांव निवासी 72 वर्षीय झब्बू यादव को तो पुलिस नहीं बरामद कर पाई, लेकिन एक करोड़ की फिरौती मांगने के दो आरोपियों को पकड़ ली है। उनसे पूछताछ में पता चला है कि लालच में उन लोगों ने पत्र लिखकर फोटो कॉपी कराई थी और फिर पत्र भेज दिया था।

पुलिस फाड़कर फेंके गए मूल पत्र के अलावा जिस दुकान से फोटो कॉपी कराई गई और कागज खरीदे गए थे, वहां के सीसीटीवी फुटेज को हासिल कर ली है। हालांकि, पुलिस

**रुपये के लालच में पत्र भेजने की बात कही, पर पुलिस को यकीन नहीं**

आरोपियों की बात से संतुष्ट नहीं है। संदेह के आधार पर पुलिस की जांच जारी है। परिवार से जुड़े हिस्ट्रीशीटर भी जांच के दायरे में हैं।

पकड़े गए आरोपियों की पहचान बेदौली गांव निवासी कमलेश यादव और राजमन के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक, 24 जून की रात से झब्बू यादव लापता हैं। इसके दो दिन बाद ही उनके घर से पत्र भेजकर एक करोड़ की फिरौती की मांग की गई। पुलिस मामले की जांच में जुटी थी कि इसी बीच सोमवार को आरोपियों को पुलिस ने पकड़ लिया।

एसपी साउथ अरुण कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस को फाड़ कर फेंके गए मूल कॉपी के अलावा सीसीटीवी कैमरे की फुटेज मिल गई है, जिससे फिरौती मांगने वालों की पहचान हो गई और सबूत के आधार पर पकड़ लिया गया। पूछताछ में पकड़े गए आरोपियों की बात सही नहीं है, इसी वजह से पुलिस गहराई से मामले की जांच कर रही है। बुजुर्ग को भी जल्द बरामद कर लिया जाएगा।

# पुलिस पर किया हमला, दो पशु तस्कर गिरफ्तार

## राजघाट इलाके में हुई घटना, पुलिस जीप को भी क्षतिग्रस्त किया, फरार दो आरोपियों की तलाश

अमर उजाला ब्यूरो

**गोरखपुर।** राजघाट पुलिस टीम पर फायरिंग कर भाग रहे दो पशु तस्करों को रविवार देर रात पुलिस ने मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया, जबकि दो भाग निकले।

दोनों की तलाश की जा रही है। पुलिस जीप को भी क्षतिग्रस्त कर दिया गया। पकड़े गए आरोपियों के पास से पुलिस ने दो मोबाइल फोन, तमंचा, खोखा व कारतूस बरामद किया। इस मामले में लोक संपत्ति अधिनियम, हत्या की कोशिश, आर्म्स एक्ट की धाराओं में केस दर्ज किया गया है।

पकड़े गए आरोपियों की पहचान चौरीचौरा इलाके के दुधई गांव निवासी हरेंद्र भारती और यहीं के लालबाबू भारती के रूप में हुई है। एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई ने पुलिस लाइंस में प्रेस कांफ्रेंस कर पकड़े गए आरोपियों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राजघाट थानेदार संजय कुमार मिश्र, ट्रांसपोर्ट नगर चौकी प्रभारी अनूप कुमार मिश्र पुलिस टीम के साथ रविवार रात गश्त पर थे। इसी बीच मुखबिर से सूचना मिली कि जीप सवार तस्कर पशुओं को उठाने जा रहे हैं। पुलिस ने जाल बिछाया और शहीद मुबारक खां मोड़ के पास आरोपियों को घेर लिया। पुलिस को देखते ही तस्करों ने फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने जवाबी फायरिंग की तो दो बदमाशों ने अपनी गाड़ी से पुलिस की जीप में ठोकर मारते हुए फरार हो गए। इससे पुलिस की गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गई। भाग रहे दो तस्करों को पुलिस ने दबोच लिया। एसपी सिटी ने बताया कि पूछताछ में फरार आरोपियों की पहचान हो गई है, उनकी तलाश में टीमें लगी हैं।



पकड़े गए पशु तस्करों के बारे में जानकारी देते एसपी सिटी। अमर उजाला

### गिरोह का सरगना है विक्की

पकड़े गए पशु तस्करों ने पूछताछ में अपने सहयोगियों का नाम विक्की और संजय बताया। दोनों ही चौरीचौरा के रहने वाले हैं। विक्की ही पशु तस्करों के गिरोह का सरगना है। वह अब तक तीन बार शहर में पशुओं को उठाने आ चुका है। एक बार में वह तीन से चार गोवंश को लादकर बिहार ले जाकर बेच देता है।

### एक महीने में चौथे गिरोह का पर्दाफाश

पशु तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में रविवार रात पुलिस को चौथी बड़ी सफलता मिली है। एक महीने के भीतर पुलिस चार गिरोहों का पर्दाफाश कर 12 पशु तस्करों को जेल भेज चुकी है। एसपी सिटी का कहना है कि पुलिस का अभियान जारी रहेगा। दरअसल, गोरखपुर में पशु तस्करों का आतंक काफी बढ़ गया था, जिस वजह से इनके खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

# नाबालिग विवाहिता की मौत, चार पर केस दर्ज

अमर उजाला ब्यूरो

गुलरिहा। इलाके के हरसेवकपुर नंबर दो में नाबालिग विवाहिता संजना (15) की सोमवार सुबह बिस्तर पर लाश मिली। घरवालों ने दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पति समेत चार लोगों पर दहेज हत्या का केस दर्ज किया है। हालांकि, पति का कहना है कि उसने साड़ी का फंदा बनाकर पंखे से खुदकुशी की है। जान बचाने के लिए नीचे उतारे थे, लेकिन मौत हो गई।

जानकारी के मुताबिक, गुलरिहा के सरैया बाजार गांव निवासी राज चौहान ने संजना से छह मार्च 2022 को बहला-फुसला कर मंदिर में शादी की थी। संजना का मायका गोरखनाथ के

## किशोरी को बहला-फुसला कर मंदिर में की थी शादी

रामजानकी नगर के चक्का हुसैन में है। शादी की जानकारी होने पर घरवालों ने विरोध किया, लेकिन वह लेकर भाग गया और बाद में किराये के मकान में रहने लगा था। मौत के बाद आई लड़की की मां का आरोप है कि शादी के बाद से ही दहेज के लिए उसे प्रताड़ित किया जा रहा था। दहेज के लिए ही उसकी हत्या की गई है। पुलिस पति राज चौहान, सास पूनम, ससुर पप्पू और पति के बड़े भाई प्रिंस के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। एसपी नार्थ मनोज अवस्थी का कहना है कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज किया गया है। पोस्टमार्टम से मौत की वजह स्पष्ट होगी।

# डॉ. गौरव ग्रोवर ने संभाला एसएसपी का कार्यभार

गोरखपुर। जिले के नवनियुक्त एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर (आईपीएस 2013 बैच) ने सोमवार देर रात कार्यभार संभाल लिया। साथ ही प्राथमिकताएं भी गिनाईं।



डॉ. गौरव ग्रोवर

एसएसपी ने कहा कि हर पीड़ित को न्याय मिले, यही प्राथमिकता रहेगी। अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। अपराधियों की सही जगह जेल है। डॉ. गौरव ग्रोवर भटिंडा पंजाब के रहने वाले हैं। वह बतौर एसएसपी मथुरा में करीब ढाई साल रहे। आईपीएस बनने से पहले वह पंजाब में डॉक्टर थे। एमबीबीएस की पढ़ाई की है। ब्यूरो

## बच्चे को अगवा करने पर हड़कंप, बरामद

हरपुर बुदहट। इलाके के कटसहरा में आंगनबाड़ी केंद्र से पांच साल के बच्चे के अपहरण से हड़कंप मच गया। हालांकि, थोड़ी देर बाद ही बच्चा आरोपी युवक के साथ शराब की दुकान के पास मिल गया। नाराज भीड़ ने आरोपी की पिटाई कर पुलिस को सुपुर्द कर दिया। पुलिस जांच कर रही है। जानकारी के मुताबिक, कटसहरा निवासी पप्पू चौहान का पांच वर्षीय बच्चा मां संजू के साथ आंगनबाड़ी केंद्र पर गया था। इसी दौरान एक युवक आया और बच्चे को खुद का मामा बताकर गोद में उठा लिया। इस वजह से लोगों ने विरोध नहीं किया। थोड़ी देर बाद उसे लेकर लापता हो गया। मां की नजर जब पड़ी तो बच्चा गायब था। वह शोर मचाने लगी। इसकी जानकारी होने पर पुलिस भी पहुंच गई थी। इसी बीच ग्रामीणों ने बच्चे के साथ एक युवक को शराब की दुकान के पास से पकड़ लिया। उसकी पिटाई कर दी। पकड़े गए आरोपी की पहचान खजनी थाना क्षेत्र के रुद्रपुर निवासी सत्यदेव उर्फ गोलू के रूप में हुई है। ब्यूरो

## किशोरी को भगाने का केस दर्ज

खोराबार। इलाके के एक गांव से सातवीं की छात्रा को बहला-फुसलाकर भगाने का मामला सामने आया है। पिता की तहरीर पर गांव के ही एक युवक के खिलाफ केस दर्ज कर पुलिस, मामले की जांच कर रही है। जानकारी के मुताबिक, शनिवार सुबह मां सो कर उठी तो बेटी लापता थी। काफी तलाश के बाद पिता ने केस दर्ज कराया। ब्यूरो

# चीनी मिल कर्मचारी के गायब होने के मामले में अपहरण का केस

### दो आरोपियों पर केस दर्ज कर पुलिस जांच में जुटी

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। बीते फरवरी में लापता हुए चीनी मिल कर्मचारी दीनानाथ कुशवाहा के मामले में कैंट पुलिस ने रविवार को दो लोगों पर अपहरण का केस दर्ज कर लिया। दोनों आरोपी वर्तमान में जेल में हैं। पुलिस उन्हें रिमांड पर लेकर दीनानाथ के बारे में जानकारी जुटाने की तैयारी में है।

जानकारी के मुताबिक, देवरिया जिले के खामपार इलाके में रहने वाले निवासी दीनानाथ कुशवाहा बलरामपुर चीनी मिल में कार्यरत हैं। आठ फरवरी 2022 की रात को बलरामपुर से देवरिया आने के लिए ट्रेन पकड़े थे। सुबह करीब 7.50 बजे गोरखपुर रेलवे स्टेशन पर पहुंचने के बाद दीनानाथ ने बेटे मुकेश को फोन कर दोपहर तक घर पहुंचने की बात कही थी, लेकिन नहीं पहुंचने पर परिजनों ने उनकी तलाश की और फिर कैंट और जीआरपी में गुमशुदगी दर्ज कराई थी।

सर्विलांस की मदद से कैंट पुलिस ने छानबीन की तो पता चला कि चौरीचौरा के रहने वाले अशोक जायसवाल व उसके साले सच्चिदानंद ने दीनानाथ के मोबाइल फोन का इस्तेमाल किया था। एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई ने बताया कि दोनों आरोपियों को रिमांड पर लेकर जानकारी जुटाई जाएगी।

# DEORIA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 05-07-2022

# बिहार के दो इनामी बदमाश गिरफ्तार

हिन्दुस्तान दि० 5-7-22

तरकुलवा। गैंगस्टर एक्ट में वांछित दस-दस हजार रुपये के दो बदमाशों को पुलिस ने रविवार की रात में गिरफ्तार कर लिया। बिहार के रहने वाले दोनों बदमाशों का पुलिस ने चालान कर दिया।

थानाध्यक्ष टीजे सिंह को रविवार रात सूचना मिली कि गैंगेस्टर में फरार दो इनामी बदमाश नारायणपुर तिराहे पर मौजूद हैं। पुलिस तिराहे पर पहुंची तो उसे देख दोनों बदमाश भागने लगे। पुलिस ने दौड़ा कर दोनों को दबोच लिया। बदमाशों ने अपने नाम इरशाद अंसारी पुत्र राजा मियां निवासी खैरटिया थाना मीरगंज और असलम अंसारी पुत्र बिगू मिया निवासी पुराना सरिसवा थाना मीरगंज, जिला गोपालगंज, बिहार बताए। युवकों के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज हुआ था।

हिन्दुस्तान दि० 5-7-22

# गुजरात से किशोरी को भगा कर पहुंचा रामपुर कारखाना

रामपुर कारखाना, हिन्दुस्तान संवाद। पिता के साथ रह रही एक किशोरी को रामपुर कारखाना का एक युवक गुजरात से भगा ले गया। महीने भर बाद वह किशोरी को लेकर अपने गांव पहुंच गया। जानकारी मिलने पर किशोरी के परिजन गांव पहुंचे तो युवक ने परिजनों को लाठी डंडा लेकर मारने के लिए दौड़ा लिया।

स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति परिवार के साथ गुजरात में मजदूरी करता है। उसके साथ 16 वर्षीय बेटी भी रहती थी। थाना क्षेत्र के ही 1 गांव निवासी युवक गुजरात में ही डंफर चालक था। आरोप है कि महीने भर पहले वह बहला-फुसलाकर किशोरी को अपने साथ भगा ले गया। किशोरी के पिता ने गुजरात के कांडली थाने में किशोरी के अपहरण की तहरीर दिया। कुछ दिन इधर उधर रहने के बाद वह किशोरी के साथ 1 दिन पहले

- किशोरी के परिजन घर पहुंचे तो आरोपी ने मारने को दौड़ाया
- पीड़ित ने थाने मे तहरीर देकर लगाई बेटी की बरामदगी की गुहार

रामपुर कारखाना थाना क्षेत्र के अपने गांव पहुंचा। जानकारी मिलने पर किशोरी के परिजन सोमवार को आरोपी युवक के घर पहुंचे। आरोप है कि युवक अपने परिजनों के साथ लाठी डंडा लेकर किशोरी के परिजनों को मारने के लिए दौड़ा लिया। ग्रामीणों ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराया। देर शाम किशोरी के चाचा थाने पहुंचे और आरोपी युवक के खिलाफ तहरीर दिया। थानाध्यक्ष महेंद्र कुमार चतुर्वेदी ने कहा कि तहरीर मिली है। मामले की छानबीन की जा रही है।

हिन्दुस्तान दि० 5-7-22

# रिश्ते के बाबा ने किया किशोरी से दुष्कर्म

रुद्रपुर। एक व्यक्ति ने खून के रिश्ते को तार-तार करते हुए अपनी पट्टीदारी की पौत्री के साथ दुष्कर्म किया है। मामले में पुलिस ने आरोपी बाबा को गिरफ्तार कर लिया है।

क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली एक महिला ने पुलिस को तहरीर दी है। जिसमें उसने कहा है कि एक जुलाई 2022 की रात में उसकी 14 वर्षीया पुत्री कमरे में सो रही थी। गर्मी के चलते कमरे का फाटक खुला हुआ था। भोर में करीब तीन बजे उसका पट्टीदार किशोरी के बिस्तर पर जाकर मुंह बन्द कर उसके साथ जबरिया दुष्कर्म करके भाग गया।

घटना की जानकारी होने पर पूछताछ करने पर उसके साथ ही उसकी बेटी को गाली गलौज के साथ ही जानमाल की धमकी देते लगा। मामले में पुलिस ने दुष्कर्म और पाक्सो एक्ट के तहत मुकमा दर्ज की है। साथ ही आरोपी रामअशीष राजभर को गिरफ्तार कर लिया है।

दैनिक जागरण दि- 5-7-22

# किशोरी के साथ दुष्कर्म, आरोपित गिरफ्तार

जासं, रुद्रपुर: घर में सो रही किशोरी के साथ गांव के ही एक युवक ने दुष्कर्म कर दिया। इस मामले में मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से आरोपित को जेल भेज दिया गया।

किशोरी घर में अकेली सोई थी, भोर में लगभग तीन बजे आरोपित घुस गया और किशारी के साथ अश्लील हरकत करने लगा। किशोरी ने विरोध किया तो आरोपित ने पिटाई की और उसके साथ दुष्कर्म किया। जाते समय किसी से कहने पर जान से मारने की धमकी दी। इस मामले में किशोरी ने आरोपित रामाशीष राजभर के विरुद्ध दुष्कर्म, पाक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाल राजू सिंह ने कहा कि आरोपित के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया गया है।

## दो इनामी बदमाश गिरफ्तार

जासं, तरकुलवा : पुलिस ने दस-दस हजार रुपये के दो इनामी बदमाशों को सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद दोनों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिए गए। पड़ोसी प्रांत बिहार के गोपालगंज जनपद के मीरगंज थाना क्षेत्र के खैरटिया गांव का रहने वाला इरशाद अंसारी व सरिसवा मीरगंज का रहने वाला असलम अंसारी शातिर बदमाश हैं, इनके विरुद्ध सदर कोतवाली में गैंगस्टर का मुकदमा दर्ज था, साथ ही इसकी विवेचना तरकुलवा के प्रभारी निरीक्षक टीजे सिंह कर रहे थे। दोनों इनाम घोषित था।

दैनिक जागरण दि० -5-7-22

# पुलिस के हाथ लगा अहम सुराग, तीन को उठाया

**फालोअप**

- **महुआडीह थाना क्षेत्र के चिउरहा के पास अधेड़ का शव मिलने का मामला**
- **एसओजी ने कई स्थानों पर फरार संदिग्धों के लिए दी दबिश**

**जासं, देवरिया:** श्रीकांत हत्याकांड में पुलिस को अहम सुराग हाथ लग गए हैं। पुलिस तीन लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। घटना के पीछे प्रेम प्रसंग बताया जा रहा है। पुलिस जल्द ही इस घटना का पर्दाफाश कर देगी।

कुशीनगर जनपद के हाटा कोतवाली के करंज के रहने वाले श्रीकांत प्रसाद 27 जून की शाम धान की रोपाई करके साइकिल से रामपुर गौनरिया चौराहे पर बाजार करने गए थे।

अगले दिन उनका शव महुआडीह थाना क्षेत्र के चिउरहा के समीप से बरामद किया गया था। इस मामले में हत्या का मुकदमा दर्ज कर पुलिस जांच कर रही है। मोबाइल काल डिटेल से पुलिस को अहम सुराग हाथ लगा है। इस मामले में चौरीचौरा के एक दुकानदार समेत तीन को पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। सीओ सिटी श्रीयश त्रिपाठी ने बताया कि कुछ लोगों से पूछताछ की जा रही है। जल्द ही घटना का पर्दाफाश कर दिया जाएगा।

# देसी शराब के साथ गिरफ्तार

बंगरा बाजार : बनकटा पुलिस ने देसी शराब के साथ सोमवार को एक युवक को गिरफ्तार किया। पूछताछ के बाद पुलिस ने उसे जेल भेज दिया। पुलिस रामपुर बुजुर्ग के पास चेकिंग कर रही थी। इस बीच एक युवक तेजी से आया और जाने लगा। पुलिस टीम को मामला संदिग्ध लगा तो रोक लिया। इसके बाद पुलिस ने उसकी तलाशी ली। तलाशी के दौरान उसके पास से 45 शीशी देसी शराब बरामद की गई। आरोपित निर्भय सिंह निवासी भरौली थाना गुठनी जिला सिवान के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। (जासं)

दैनिक जागरण दि० 5-7-22

अमर उजाला दि० -5-7-22

# युवक को लिया हिरासत में

लार रोड। मईल थाना क्षेत्र के लार रोड कस्बे में शराब की दुकान के पास से सोमवार को एक युवक को पुलिस ने हिरासत में लिया है।

आरोप है कि युवक दस वर्षीया बालिका को अश्लील इशारा करके बुला रहा था। एसओ अनिल कुमार ने बताया कि युवक को थाने लाया गया है। पूछताछ की जा रही है। संवाद

अमर उजाला दि० 5-7-22

# महिला के चार लाख रुपये हड़पे, केस दर्ज

देवरिया। कंपनी में लगाने के लिए रुपये लेकर स्वयं के खाते में जमा करने वाले व्यक्ति के खिलाफ पुलिस ने धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया है। यह कार्रवाई पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर की है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के बढ़या बुजुर्ग गांव निवासी ज्ञांती देवी पत्नी रंजीत चौहान ने सदर कोतवाली पुलिस को दिए गए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है कि खोराराम गांव के रहने वाले बेचू चौहान पुत्र जवाहर चौहान ने एक कंपनी में अधिक लाभ मिलने की बात कहीं। उसके कहने पर महिला ने चार लाख रुपये का चेक बेचू को दे दिया। चेक लेने के बाद युवक ने कूटरचना कर उसे अपने खाते में जमा कर लिया। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया है। संवाद

अमर उजाला दि०-5-7-22

# पीस कमेटी की बैठक में शांति बनाए रखने की अपील

बरहज। स्थानीय थाना परिसर में ईद-उल-अजहा के मद्देनजर सोमवार को पीस कमेटी की बैठक आयोजित किया गया।

जहां सभी से शांति बनाए रखने की अपील करते हुए अधिकारियों ने माहौल बिगाड़ने वालों पर सख्त कार्रवाई का निर्देश दिया। मौके पर एसडीएम गजेंद्र सिंह, सीओ पंचम लाल, थानाध्यक्ष जयशंकर मिश्र, एसआई शेषनाथ कन्नौजिया, अमरनाथ सोनकर, आशीष यादव, अजय कुमार यादव, मुन्ना खरवार, मनोज यादव, अलका तिवारी, जया, ज्योति आदि मौजूद रहे। संवाद

अमर उजाला दि० -5-7-22

# दस-दस हजार के दो इनामी बदमाश गिरफ्तार

बघौचघाट। तरकुलवा पुलिस ने सोमवार को गैंगस्टर एक्ट के दस-दस हजार रुपये के दो इनामी बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। दोनों आरोपी काफी दिनों से फरार थे। थानाध्यक्ष टीजे सिंह ने बताया कि गैंगस्टर एक्ट के फरार चल रहे दो इनामी अपराधी थानाक्षेत्र के नरायनपुर के पास से सुबह 6 बजे के करीब गिरफ्तार किया गया है।

उनकी पहचान इरशाद अंसारी निवासी खैरटिया थाना मीरगंज तथा असलम अंसारी निवासी पुराना सरिसवा थाना मीरगंज जनपद गोपालगंज (बिहार) के रूप में हुई है। दोनों के खिलाफ धारा 3(1) यूपी गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस ने आरोपियों पर दस-दस हजार का इनाम घोषित किया था। संवाद

राष्ट्रीय सहारा दि०-5-7-22

# दुष्कर्म के आरोप में एक्ट के तहत केस

रुद्रपुर (एसएनबी)। स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के रामलक्षन चौकी अन्तर्गत एक गांव में नाबालिग किशोरी के साथ दुष्कर्म के आरोप में पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार लक्ष्मीपुर के शिवपुर पड़रही का रहने वाले एक युवक पर गांव के ही एक युवती के साथ दुष्कर्म का आरोप लगा है। इस मामले में पुलिस ने युवक पर पास्को एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है।

राष्ट्रीय सहारा दि० - 5-7-22

# दस हजार के दो इनामी बदमाश गिरफ्तार

**तरकुलवा(एसएनबी)।** तरकुलवा पुलिस ने सोमवार को गैंगेस्टर एक्ट के दस-दस हजार रुपए के दो इनामी बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार दोनों अपराधियों को पुलिस ने न्यायालय में पेश किया। जहां से कोर्ट ने दोनों




को जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष टीजे सिंह ने बताया कि मुखबीर ने सूचना दिया कि गैंगेस्टर एक्ट के फरार चल रहे दो इनामी अपराधी थानाक्षेत्र के नरायनपुर बाजार में मौजूद हैं। पुलिस टीम ने सक्रियता दिखाते हुए सुबह 6 बजे के करीब वहां पहुंचकर दोनों को दबोच लिया। पूछताछ में पकड़े गए अपराधियों ने अपना नाम व पता क्रमशः इरशाद अंसारी पुत्र राजा मियां निवासी खैरटिया थाना मीरगंज जनपद गोपालगंज (बिहार ) तथा असलम अंसारी पुत्र बिगू मियां निवासी पुराना सरिसवा थाना मीरगंज जनपद गोपालगंज (बिहार ) बताया। दोनों के खिलाफ धारा 3(1 ) यूपी गैंगेस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। सदर कोतवाली पुलिस ने आरोपियों पर दस- दस हजार रुपए का इनाम घोषित किया था। गिरफ्तार करने वाली टीम में एसएचओ तेज जगन्नाथ सिंह, एसआई कमलेश कुमार, कन्स्टेबल सदरुद्दीन अंसारी, सूर्य नाथ विश्वकर्मा, आदर्श तिवारी और राम अशीष यादव शामिल रहे।

हिन्दुस्तान दि०-5-7-22

# सजा दिलवाने में पैरोकार की अहम भूमिका

देवरिया। पुलिस अधीक्षक ने सोमवार को पुलिस लाइन के मनोरंजन गृह में थानों पर नियुक्त न्यायालय के पैरोकार के साथ बैठक किया। उन्होंने पैरोकार से न्यायालय में पैरवी कर अपराधियों को सला दिलाने में तेजी लाने का निर्देश दिया। एसपी संकल्प शर्मा ने कहा कि अपराधियों को सजा दिलवाने में थानों पर नियुक्त न्यायालय के पैरोकार की अहम भूमिका होती है।

हिन्दुस्तान दि०-5-7-22

# दो लाख की छिनैती की सूचना पर पुलिस परेशान

सलेमपुर। एक पूर्व सैनिक से दो लाख रुपए की छिनैती की सूचना पर सोमवार को कोतवाली पुलिस परेशान रही। पुलिस ने मामले में बैंक पहुंच कर छानबीन की। हलांकि पुलिस के सामने पीड़ित व्यक्ति न तो पहुंचा और न ही उसने कोई सूचना ही दी। एक रिटायर्ड सैनिक से दो लाख रुपए की छिनैती हो जाने की सूचना किसी ने कोतवाली पुलिस को दी।

हिन्दुस्तान दि०-5-7-22

# जनसेवा केन्द्रों का किया निरीक्षण

महुआडीह। थाना क्षेत्र के सभी जन सेवा केंद्रों पर पुलिस ने चेकिंग अभियान चलाया। कर्मी मिलने पर जनसेवा केंद्रों के संचालक को दिशा निर्देश दिया।

थानेदार प्रमोद सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने सोमवार को हरैया बसन्तपुर, रामपुर गौनरिया, पडौली, जंगल बेलवा, पकड़ी वीरभद्र अवरही हेतिमपुर सहोदर पट्टी गांव स्थित जनसेवा केन्द्रों का निरीक्षण किया।

# KUSHINAGAR POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 05-07-2022

# 8 बाइकें 7 सात चारपहिया गाड़ियों की हुई नीलामी

सिसवा नाहर। तरयासुजान थाने में सोमवार को छोटे-बड़े वाहनों की नीलामी एसडीएम की मौजूदगी में हुई। इसमें चार लोग शामिल हुए, लेकिन अंत में दो लोगों के बीच बोली लगी। वहीं, थाने परिसर में खड़ी आठ बाइकें और सात चार पहिया गाड़ियों की नीलामी हुई। नीलामी प्रक्रिया के दौरान सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

# सिस्टम के लिए जारी हुए क्यूआर कोड्स

पडरौना। अपर पुलिस महानिदेशक ने गोरखपुर जोन में सभी थानों की पुलिस के बारे में राय जानने के लिए पब्लिक अप्रूवल रेटिंग सिस्टम लागू किया है। इसके मूल्यांकन के लिए डायरेक्ट पोल एवं ट्वीटर लिंक पर लोगों से सुझाव मांगे जाते हैं। अब क्यूआर कोड्स भी जारी किये गये हैं।

जनपदीय पुलिस का मूल्यांकन करने के लिए पुलिस की कार्यप्रणाली एवं जनसमस्याओं का निस्तारण एवं जनता के प्रति व्यवहार पर जनता की संतुष्टि के संबंध में राय जानने के लिए, जिससे पुलिस कार्यप्रणाली में सुधार किया जा सके। इसके लिए अपर पुलिस महानिदेशक के निर्देश पर हर महीने एक से सात तारिख के बीच डायरेक्ट पोल एवं ट्वीटर लिंक पर लोगों से सुझाव मांगे जाते हैं। क्षेत्रीय जनता के व्हाट्सएप ग्रुप पर डायरेक्ट पोल एवं ट्वीटर लिंक शेयर किये जाते हैं।

# सोशल मीडिया पर कट्टा लहराते दो आरोपी दबोचे

तुर्कपट्टी। सोशल मीडिया पर कुछ दिनों से अवैध हथियार के साथ बाइक चला रहे तीन युवकों का वीडियो काफी तेजी से वायरल हो रहा था। सूचना के बाद सक्रिय हुई तुर्कपट्टी पुलिस ने आरोपी दो युवकों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जबकि एक अन्य आरोपी की तलाश कर रही है। बीते चार दिनों से थाना बाइक चलाते तीन युवक देशी कट्टा लहराते हुए आते-जाते देखे जा रहे थे।

# एसपी ने सीओ कार्यालय का किया औचक निरीक्षण

तमकुहीराज। एसपी धवल जायसवाल ने सोमवार को तमकुहीराज सीओ कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मातहतों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया। एसपी ने निर्देशित किया कि शिकायती प्रार्थना पत्रों का शत-प्रतिशत निस्तारण किया जाय। उन्होंने फरियादियों से प्राप्त प्रार्थना पत्रों के निस्तारण की समीक्षा करते हुए गुणवत्तापूर्ण निस्तारण का निर्देश दिया।

# दुष्कर्म के मुकदमे में वांछित गिरफ्तार

कुशीनगर। रामकोला थाने की पुलिस ने सोमवार को दुष्कर्म के मुकदमे में वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। रामकोला थाना क्षेत्र में हुए दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने देवरिया जिले के गौरीबाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत स्थित पोखरभिंडा गांव निवासी अखिलेश निषाद पुत्र सिंहासन निषाद दुष्कर्म सहित आईटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश कर रही थी।

# अपहरण के मामले में वांछित गिरफ्तार

जटहा बाजार। स्थानीय थाने के एसओ रामचंद्र राम नेतृत्व में पुलिस टीम ने अपहरण के मामले में वांछित नीरज यादव उर्फ मिट्ठू उम्र 20 वर्ष निवासी सितुहिया टोला, सेमरा लबेदहा, थाना पिपरासी पश्चिमी चम्पारण बिहार को कटाई भरपुरवा आदर्श गांव से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मौके पर पुलिस टीम में एसआई राजनारायन यादव, अरविंद यादव शामिल रहे।

# अश्लील वीडियो भेजना किशोर को पड़ा महंगा

खड्डा। खड्डा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 11वीं की छात्रा के मोबाइल पर अश्लील वीडियो गाना भेजना पड़ोसी एक किशोर को महंगा पड़ गया है। छात्रा की तहरीर पर पुलिस आरोपी किशोर को थाने ले आकर वीडियो के बारे में पूछताछ कर रही है। खड्डा क्षेत्र के एक गांव निवासी एक व्यक्ति की पुत्री किसी विद्यालय में कक्षा 11वीं की छात्रा है।

# अंधविश्वास फैलाने के मामले में दो पर केस दर्ज

हाटा। स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के गांव अथरहा में असाध्य रोग और भूत-प्रेत बाधा दूर कर अंध विश्वास फैलाने के मामले में पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया है। पुलिस ने जीतेंद्र राय पुत्र हीरालाल राय निवासी पुरैनी थाना रामकोला व गूंजलता पुत्री बशिष्ठ राव निवासी बड़हरा लक्ष्मीपुर थाना रामकोला के विरुद्ध रविवार की देर रात केस दर्ज किया।

# चोरी का खुलासा दो को दबोचा

पडरौना। सोमवार को अहिरौली बाजार थाने की पुलिस ने चोरी की घटना का खुलासा करते हुए दो चोरों को गिरफ्तार कर लिया है।

अहिरौली बाजार क्षेत्र के गिदहा चक बैरिया में चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया था। इसमें केस दर्ज कर पुलिस चोरों की तलाश में जुटी हुई थी। जिले में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान में पुलिस टीम सोमवार को थाना क्षेत्र में भ्रमण कर अपराधियों की टोह में लगी हुई थी। इस दौरान पकड़ी बाजार बैंक के पास से एक संदिग्ध व्यक्ति को पुलिस ने पकड़ा।

# युवक घर लौटा पड़ोसी पर केस दर्ज

सुकरौली। हाटा कोतवाली के गनेशपुर के 14 वर्षीय लापता युवक सकुशल घर लौट आया। जबकि युवक के परिजन पड़ोसी पर युवक पर आरोप लगाते हुये मुकदमा दर्ज कराया है।

हाटा कोतवाली के गनेशपुर केशिवम बीते 11 जून को लापता था।युवक की मां ने पुलिस को तहरीर में पड़ोसी पर केस दर्ज कराया था। दूसरे पक्ष श्रीभागवत ने एसपी को प्रार्थना देकर गुहार लगाया मेरी पड़ोसी अंगीरा देवी द्वारा उत्पीड़न किया जा रहा है। वहीं आपसी विवाद में बेटे का अपहरण का आरोप लगाते हुये मेरे ऊपर फर्जी केस दर्ज किया है। पुलिस जांच कर रही थी।

# दुष्कर्म के आरोपित का शांति भंग में चालान

**जासं, कसया:** क्षेत्र के एक गांव में घर के अंदर रंगे हाथ पकड़कर थाने लाए गए दुष्कर्म आरोपित का कसया पुलिस ने शांति भंग में चालान कर दिया। पुलिस की कार्रवाई से क्षुब्ध पीड़िता ने उच्चाधिकारियों से न्याय की गुहार लगाई है।

पीड़िता की तहरीर के मुताबिक दो जुलाई की रात सुनसान घर देखकर युवक, युवती के घर में घुस कर जबरन दुष्कर्म करने लगा। युवती के शोर मचाने पर स्वजन ने युवक को पकड़ कर पुलिस को सौंपा। युवती का आरोप है कि 15 वर्ष से शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बना रहा है। प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि दोनों बालिग हैं। पुराना संबंध है। युवती- युवक के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं चाह रही है।

# चोरी के साउंड के साथ एक गिरफ्तार

**अहिरौली बाजार :** अहिरौली बाजार पुलिस ने बीते दिनों साउंड बाक्स की दुकान में हुई चोरी में शामिल एक शातिर को सोमवार को गिरफ्तार किया। पुलिस उसे न्यायालय ले गई, वहां से उसे जेल भेज दिया गया। अहिरौली बाजार पुलिस दोपहर में गश्त पर थी। तभी सूचना मिली कि क्षेत्र के पकड़ी बाजार के पास एक संदिग्ध व्यक्ति मौजूद है। टीम वहां पहुंची तो पुलिस को देख एक युवक भागने लगा। पुलिसकर्मियों ने उसे दबोच लिया। पूछताछ में उसकी पहचान सूरज राजभर निवासी लखिमा थाना अहिरौली बाजार के रूप में हुई। (जासं)

# न्यायालय के आदेश पर जब्त गाड़ियों की नीलामी

**जासं, तरयासुजान** : न्यायिक आदेश के अनुपालन के क्रम में तरयासुजान थाने पर 15 लावारिस वाहनों की नीलामी एसडीएम व्यास नारायण उमराव की उपस्थिति में हुई, जिसमें सर्वाधिक बोली छह लाख 75 हजार छह सौ रुपये की रही। एसडीएम व प्रभारी निरीक्षक कपिलदेव चौधरी ने संयुक्त रूप से बताया कि थाने में लावारिस दशा में जब्त सात चार पहिया व आठ दोपहिया वाहन को नीलाम करने का आदेश हुआ था।

न्यायालय ने 296300 रुपये न्यूनतम दर निर्धारित किया था। तरयासुजान क्षेत्र के दनियाड़ी निवासी जितेंद्र राय, कसया क्षेत्र के टेकुआटार निवासी राधाकृष्ण गुप्त ने बोली लगाई। जितेंद्र राय 5.65 लाख पर बोली लगाई। राधा कृष्ण गुप्त ने 5.70 हजार बोली लगाई थी।

# जनपद पुलिस की कार्यप्रणाली पर दीजिए अपनी राय

- **ट्विटर के अलावा क्यूआर कोड स्कैन कर सीधे बताएं अपनी राय**
- **सात जुलाई तक चलने वाले अभियान में शामिल होने की अपील**

**जागरण संवाददाता, पडरौना:** एडीजी जोन गोरखपुर अरुण कुमार के निर्देश पर बीते जून में कुशीनगर पुलिस की कार्यप्रणाली कैसी रही, इसे लेकर नागरिकों से राय मांगी गई है। एक से सात जुलाई तक जनपदवासी पुलिस के कार्य-व्यवहार पर अपनी राय दे सकते हैं। इसमें अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित हो सके, इसे लेकर एसपी ने जनपदीय पुलिस के अधिकारिक ट्विटर हैंडल के अलावा क्यूआर कोड जारी कर इस अभियान में सभी से शामिल होने का आह्वान किया है।

एसपी धवल जायसवाल ने बताया कि जोन में लागू पब्लिक अप्रवूल रेटिंग सिस्टम, पीएआरएस, व्यवस्था का काफी सकारात्मक असर हुआ है। यह देखते हुए विगत महीनों की तरह जून में भी जनपदीय पुलिस की कार्यप्रणाली, जनसमस्याओं का निस्तारण एवं जनता के प्रति व्यवहार पर नागरिकों से राय मांगी गई है, ताकि पुलिस के कार्यों का मूल्यांकन किया जा सके। कोई भी नागरिक कुशीनगर पुलिस के ट्विटर हैंडल तथा सीधे पोल के लिए क्यूआर कोड के माध्यम से सात जुलाई तक अपनी राय व सुझाव दे सकते हैं। क्यूआर कोड को जनपद के विभिन्न वाट्सएप ग्रुपों, महत्वपूर्ण व्यक्तियों जैसे व्यापार संघ अध्यक्ष, पेट्रोल पंप संघ तथा ट्रांसपोर्ट संघ अध्यक्ष, प्रधान संघ अध्यक्ष, बीडीसी के अलावा बीट पुलिस अधिकारी के माध्यम से बनाए गए विभिन्न ग्रुप तथा क्षेत्र के संभ्रांत लोगों में शेयर कराया जा रहा है। ट्विटर पोल लिंक एडजी कार्यालय के आफिशियल ट्विट्र हैंडल @AdgGkr पर उपलब्ध है। नागरिक क्यूआर कोड के माध्यम से भी अपनी राय दे सकते हैं। क्यूआर कोड को पुलिस अधिकारी तथा थानेदार द्वारा सार्वजनिक स्थानों पर चस्पा कराया जा रहा है।

कुशीनगर

कुशीनगर पुलिस का क्यूआर कोड ● सौ. पुलिस मीडिया सेल

### ऐसे दें राय

गूगल प्ले स्टोर पर जाकर कोई वैरिफाइड एप डाउनलोड कर खबर में प्रकाशित क्यूआर कोड स्कैन करें। तत्पश्चात गूगल लेंस अथवा Go to URL/Link/Copy Link जैसे विकल्प प्राप्त होंगे। इसके माध्यम से सीधे लिंक पर जाकर अपनी राय दे सकते हैं।

# इंटरनेट मीडिया पर तमंचा लहराने वाले दो गिरफ्तार



तमंचा दिखाते युवक ●सौ. इंटरनेट मीडिया

**जासं, तुर्कपट्टी :** इंटरनेट मीडिया पर तमंचा लहरा कर दहशत का माहौल बनाने वाले दो मनबढ़ युवकों को तुर्कपट्टी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उनके पास से दो तमंचा भी बरामद हुआ है। एक युवक फरार है। उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस दबिश दे रही है।

मधुरिया चौकी के जोकवा-छहूं मार्ग, सेमरा बागीचा तथा धुनवालिया-रजवाबर मार्ग पर बाइक चलाते तीन युवक हाथ में देसी तमंचा को लहराते हुए आते-जाते देखे जा रहे थे। रविवार की शाम को युवक बाइक पर लाला गुरवलिया में भी देखे गए। इसी बीच इनका इंटरनेट मीडिया पर एक 19 सेकेंड का वीडियो वायरल हुआ, जिसमें तमंचा लहराकर दहशत का माहौल बना रहे हैं। इसकी जानकारी होते ही पुलिस सक्रिय हुई। प्रभारी निरीक्षक जयप्रकाश पाठक ने मनबढ़ युवकों के पीछे मुखबिर लगाया और उनकी गतिविधि की जानकारी ली। सोमवार को एसएचओ लाला गुरवलिया पहुंचे तथा दो को दबोच लिया। इनकी पहचान तुर्कपट्टी के डिघवा पट्टी निवासी राजा कुमार एवं प्रशांत कुमार के रूप में हुई।

# खूनी संघर्ष में 24 घायल, बुजुर्ग की मृत्यु

## तनाव को देखते हुए गांव में तैनात की गई पुलिस, छह लोगों की हालत गंभीर, चार गिरफ्तार



रोते बिलखते मृतक के स्वजन● जागरण



घायल अनिल।



नंदलाल।



हिरामन।



घायल रामू।



इंदल।



बुद्ध।

**जागरण संवाददाता, नेबुआ नौरंगिया :** नेबुआनौरंगिया के खजुरिया बाजार में पुराने भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों में रविवार की रात खूनी संघर्ष हो गया। 24 लोग घायल हो गए। घायलों में महिलाएं भी शामिल हैं। उपचार के लिए ले जाते समय घायल बुजुर्ग की मृत्यु हो गई। छह की हालत गंभीर बनी हुई है। तनाव को देखते हुए गांव में पुलिस तैनात है। मृत बुजुर्ग के स्वजन की तहरीर पर मुकदमा दर्ज नगीना, सतीश, रामप्रवेश व रामप्रताप को नेबुआनौरंगिया थाने की पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार कर लिया।



मृतक सहती ● फाइल फोटो।

खजुरिया गांव के सहती कुशवाहा की पुश्तैनी भूमि है। इसका कुछ हिस्सा नगीना गुप्ता के दरवाजे के सामने पड़ता है, आरोप है कि इस भूमि पर उनका जबरिया कब्जा है। इसी को लेकर काफी दिनों से विवाद चल रहा है। दो दिन पहले इसी बात को लेकर दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए थे। पुलिस समझा बुझाकर मामला शांत कराई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की । घटना की रात भी इसी विवाद को लेकर दोनों पक्षों के बीच एक बार फिर से कहासुनी शुरू हुई जो खूनी संघर्ष में बदल गया। दोनों ओर से धारदार हथियार, लाठी डंडा चले। एक पक्ष के सहती, हिरामन, रामू, रामअवध, बुद्ध, सुर्दशन, नन्दलाल, राजकुमार, गोलू, रामसनेही, अनिल, इंदल, गुलबदन, रिंकी, तिजिया, रीना, पिंकी, सरोज, प्रियंका, छोटी, भोलू गंभीर रूप से घायल हो गए। दूसरे पक्ष के नगीना, रामप्रवेश, रामप्रताप, शिवकुमार, सुगंधी भी घायल हो गए। शोर सुनकर ग्रामीण पहुंचे, बीच बचाव किए। घायलों को उच्चीकृत स्वास्थ्य केंद्र नेबुआ नौरंगिया से चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। यहां से तीन को अति गंभीर हालत में मेडिकल कालेज गोरखपुर रेफर कर दिया गया है। रास्ते में सहती कुशवाहा 65 वर्ष की मृत्यु हो गई। मेडिकल कालेज गोरखपुर में रामअवध, बुद्ध. जिंदगी और मृत्यु से जंग लड़ रहे हैं। घटना के बाद तनाव को देखते हुए एहतियातन गांव में पुलिस तैनात कर दी गई है। प्रभारी निरीक्षक नेबुआनौरंगिया गिरजेश उपाध्याय ने बताया कि मृतक पक्ष की ओर विपक्ष के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। दूसरे पक्ष की भी तहरीर मिली है। जांच की जा रही है। एएसपी रितेश कुमार सिंह ने बताया कि कार्रवाई करने के साथ ही यह भी जांच की जा रही है विवाद को लेकर पुलिस ने क्या कदम उठाए।



# बकरीद को लेकर प्रशासन सतर्क, आमजन करें सहयोग

**कप्तानगंज:** मुस्लिम समुदाय के त्योहार बकरीद को लेकर सोमवार को कप्तानगंज थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक हुई। इसमें कस्बा समेत ग्रामीण क्षेत्र के दोनों समुदाय के संभ्रांत लोग शामिल रहे। वरिष्ठ उपनिरीक्षक विशाल सिंह ने कहा कि त्योहार को लेकर प्रशासन सतर्क है। अराजकता किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। दोनों समुदाय के लोग मिल जुलकर शांतिपूर्ण ढंग से त्योहार मनाएं। कस्बा हो या गांव, कोई समस्या हो तो बता दें, उसका तुरंत निस्तारण कराया जाएगा।

एसआइ प्रमोद कुमार, देवेंद्र यादव, ग्राम प्रधान जय सिंह, सभासद खलील अंसारी, रब्बुल हुसैन, महेश भारती, मुख्तार अहमद, तैयब अंसारी, विश्वजीत राय, अजय तिवारी आदि मौजूद रहे। (जासं)

# ग्रामीणों ने मोबाइल चोरों को किया पुलिस के हवाले

**जासं, जोकवा बाजार:** तुर्कपट्टी थाने के गांव मधुरिया चौहान पट्टी के सामने फोरलेन पर सोमवार को बाइक चालक से मोबाइल छीन कर भाग रहे बाइक सवार दो उचक्कों को ग्रामीणों ने पकड़ लिया, पिटाई के बाद पुलिस के हवाले कर दिया।

मधुरिया चौहान पट्टी निवासी जीतनारायन चौहान कसया से बाइक से घर आ रहे थे। अभिनायकपुर गांव के सामने मोबाइल पर किसी का फोन आया। वह गाड़ी सड़क किनारे रुक कर बात करने लगे। पीछे से एक बाइक पर सवार आए दो उचक्कों ने झपट्टा मारकर मोबाइल छीन लिया। चौहान ने दूसरे मोबाइल से घर पर फोन कर इसकी सूचना दी। गांव के कुछ युवक सड़क पर आ गए और उचक्कों का इंतजार करने लगे। सड़क पर युवकों को खड़ा देख उचक्के बाइक छोड़ खेत के रास्ते भागने लगे। ग्रामीणों ने उन्हें दौड़ा कर पकड़ लिया। प्रभारी निरीक्षक जयप्रकाश पाठक ने बताया कि युवकों को थाने लाया गया है। पूछताछ की जा रही है।

# घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचें सीओ व थानेदार

**जासं, तमकुहीराज:** एसपी धवल जायसवाल ने सोमवार की सायंकाल तमकुहीराज सीओ कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अपराध पर प्रभावी रोकथाम के लिए आवश्यक कदम उठाए जाने तथा सीओ-थानेदार को घटना होने पर तत्काल मौके पर पहुंचने का निर्देश दिया। कहा कि कार्यालय या थाने आए फरियादियों की बात सुन उनकी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कराया जाए। लापरवाही बतरने वाले पुलिसकर्मी किसी भी दशा में बख्शे नहीं जाएंगें।

सीओ कार्यालय पहुंचे एसपी ने कार्यालय व परिसर का निरीक्षण किया। कहा कि बिहार बार्डर के नजदीक होने के कारण यह कार्यालय अत्यंत महत्वपूर्ण है। यहां तैनात पुलिसकर्मी अपने दायित्वों को लेकर विशेष सतर्कता बरतें। पीड़ितों से अच्छा व्यवहार करें। उनकी समस्या सुन प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कराएं। काफी दिनों से लंबित विवेचनाओं के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। कहा कि विवेचनाओं में देरी से अपराधियों का मनोबल बढ़ता है। एसपी ने सफाई पर ध्यान देने को कहा।



सीओ जितेंद्र सिंह कालरा से जानकारी लेते एसपी धवल जायसवाल बाएं ● जागरण

# मोबाइल छीनकर भाग रहे दो को ग्रामीणों ने पकड़ा

जौरा बाजार। तुर्कपट्टी थानाक्षेत्र मधुरिया चौहानपट्टी के पास एक व्यक्ति से मोबाइल फोन छीनकर भाग रहे बाइक सवार दो युवकों को ग्रामीणों ने दौड़ाकर पकड़ लिया। बाद में पुलिस के हवाले कर दिया। ग्रामीणों के मुताबिक पकड़े गए बाइक सवार पहले भी मोबाइल फोन छीनकर भाग चुके हैं। मधुरिया चौहानपट्टी निवासी जीत नारायन चौहान कसया से बाइक से घर आ रहे थे। कसया क्षेत्र के अभिनायकपुर गांव के पास फोन आने पर सड़क के किनारे ही बाइक रोककर मोबाइल से बात करने लगे। तभी पीछे से बाइक से आ रहे दो युवक झपट्टा मारकर मोबाइल फोन छीन लिया और भागने लगे। युवक ने दूसरे मोबाइल फोन से घर पर फोन कर दिया। संवाद

# 15 वाहनों की हुई नीलामी



गाड़ियों की नीलामी में मौजूद अधिकारी और बोलीकर्ता। संवाद

**तमकुहीराज।** तरयासुजान थाने में लावारिस वाहनों की न्यायालय के आदेश पर सोमवार को नीलामी की गई। सर्वाधिक छह लाख बहत्तर हजार छह सौ रुपये की बोली लगाने वाले के पक्ष में 15 वाहनों की नीलामी की गई। एसडीएम व्यास नारायण उमराव की उपस्थिति में वाहनों की नीलामी की गई। तरयासुजान थाने में सात चार पहिया एवं आठ दो पहिया वाहनों का न्यूनतम मूल्य तीन लाख अस्सी हजार रुपये तय किया गया था। परवरपार के हरिओम कांदू, दुदही के राधाकृष्ण गुप्ता, टेकुआटार के बलिराम और दोमाठ के जितेंद्र राय ने बोली लगाई। राधाकृष्ण गुप्ता ने सर्वाधिक बोली लगाई। उनके पक्ष में नीलामी की गई। इस दौरान एसओ कपिलदेव चौधरी सहित अन्य लोग मौजूद रहे। संवाद

# महिलाओं को किया जागरूक

खड्डा। महिलाओं को यातायात नियम का पालन करने के लिए सोमवार को जागरुकता अभियान चलाया गया।

महिला दरोगा के नेतृत्व में सिपाहियों ने महिला चालकों व अन्य राहगीरों को यातायात नियमों का पालन करने की सलाह दी। खड्डा थाने में तैनात सब इंसपेक्टर प्रिंसी पांडेय ने टीम के साथ कस्बे में चेकिंग की। हेलमेट न पहनने वालों को हिदायत देकर नियम का पालन करने की चेतावनी दी। इस दौरान लोगों को पुलिस के हेल्पलाइन नंबरों की भी जानकारी दी गई। संवाद

# असलहा लहराते फोटो वायरल, आरोपी गिरफ्तार

संवाद न्यूज एजेंसी

**तुर्कपट्टी/गुरवलिया।** तुर्कपट्टी क्षेत्र में असलहा लहराकर दहशत फैलाने वाले दो युवकों को पुलिस ने सोमवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से दो तमंचा बरामद हुआ है। पुलिस का कहना है कि बाइक पर सवार होकर आरोपी कई दिनों से असलहा लहरा रहे थे। खेतों में असलहे के साथ सोशल मीडिया पर फोटो भी वायरल हुआ था।

चार दिनों से जोकवा-छहूं मार्ग, सेमरा बगीचा और धुनवलिया राजवाबर मार्ग पर बाइक चलाते तीन युवक हाथ में तमंचा लहराते हुए घूम रहे थे। लोगों को तमंचा दिखाकर डराने की कोशिश करते थे।

रविवार शाम तीनों युवक फिल्मी अंदाज में बाइक पर लाला गुरवालिया में देखे गए। किसी ने उनका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वीडियो वायरल होने पर पुलिस हरकत में आ गई। सोमवार दोपहर करीब 12 बजे तुर्कपट्टी पुलिस ने ग्राम लाला गुरवलिया दक्षिण-



पुलिस के गिरफ्त में आरोपी। संवाद

## सोशल मीडिया पर फोटो वायरल होने पर हुई थी शिकायत

पश्चिम में असलहा लहराते दो युवकों को पकड़ लिया। उनकी पहचान राजा कुमार (19) ग्राम दिघवा पट्टी और इसी गांव के प्रशांत कुमार (21) के रूप में हुई। उनके पास दो तमंचा और बाइक बरामद हुई। प्रभारी निरीक्षक जयप्रकाश पाठक ने बताया कि तमंचा लहराने वाले दो युवकों को पकड़ लिया गया है। उनके अन्य साथियों की जानकारी जुटाई जा रही है।

# त्योहार में खलल डालने वालों को पुलिस ने चेताया

## पीस कमेटी की बैठक में बकरीद को शांति पूर्ण माहौल में मनाने की अपील



कप्तानगंज थाना परिसर में शांति समिति की बैठक में मौजूद लोग। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

**कप्तानगंज।** थाना परिसर में सोमवार को पीस कमेटी की बैठक में बकरीद को शांति पूर्ण माहौल में मनाने की अपील की गई। त्योहार में खलल डालने वालों को चेताया गया।

वरिष्ठ उप निरीक्षक विशाल सिंह ने कहा कि त्योहार अमन-चैन एवं शांति का पैगाम लेकर आते हैं। बैठक में कस्बा चौकी इंचार्ज विजय शंकर यादव, देवेंद्र यादव, प्रमोद गौतम, विश्वजीत राय, भगवान यादव, अजय तिवारी, मिथिलेश राय, खलील अंसारी, इजहार अहमद खान, तैयब अंसारी, महेश भारती, ब्रजेश उपाध्याय, अब्दुल वाजिद, अली हुसैन, राम प्रसाद, मेघलाल सिंह आदि मौजूद रहे।



सुरक्षा के लिए फ्लैग मार्च करते पुलिसकर्मी। संवाद

## पुलिस ने गश्त कर दिलाया सुरक्षा का भरोसा

**समउर बाजार।** पुलिस चौकी के इंचार्ज ने पुलिसकर्मियों के साथ गश्त कर लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया। चौकी इंचार्ज प्रमोद कुमार ने पुलिसकर्मियों के साथ पटहेरवा थानाक्षेत्र के समउर बाजार, गंगुआ बाजार, रामकोलाचट्टी, बरईपट्टी आदि में गश्त किया। उन्होंने लोगों से अपील की कि समउर बाजार और आसपास के गांवों और चौराहों पर यदि कोई संदिग्ध व्यक्ति दिखे तो उसकी सूचना तत्काल पुलिस को दें। इस दौरान कांस्टेबल ओमप्रकाश वर्मा, मुकुटनाथ चौधरी, उमाशंकर कुमार, जितेंद्र यादव, रामभोज साहनी आदि पुलिसकर्मी मौजूद रहे। संवाद

# MAHARAJ GANJ POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 05-07-2022

# दहेज हत्या केस में सीओ ने नौ दिन में पूरी की विवेचना

महराजगंज, निज संवाददाता। दहेज हत्या के एक केस में सीओ सदर अजय सिंह चौहान ने महज नौ दिन में ही विवेचना पूरी कर चार्ज शीट न्यायालय में दाखिल कर दी है।

पत्रावली के मुताबिक चिलुआताल निवासी एक व्यक्ति ने पनियरा थाना में तहरीर देकर बताया कि 28 अप्रैल 2022 को उसने अपनी बेटी की शादी पनियरा क्षेत्र के अभय उर्फ मुन्ना के साथ किया था। शादी के बाद से ही उनकी बेटी को उसके पति, ससुर व सास अतिरिक्त दहेज की मांग करते हुए उत्पीड़न शुरू कर दिया। 23 जून 2022 को दिन में 11 बजे सूचना मिली ससुराल में उनकी बेटी की मौत हो गई है। तहरीर के आधार पर पनियरा पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ धारा 498ए,304बी भादवि व 3/ 4 डीपी एक्ट के तहत केस दर्ज किया।

# फेसबुक पर अभद्र टिप्पणी करने वाले शख्स को जेल

नौतनवा, हिन्दुस्तान संवाद। सोनौली पुलिस ने सोमवार को फेसबुक पर अभद्र टिप्पणी करने वाले एक शख्स के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है।

नौतनवा एवं सोनौली के कुछ नागरिकों ने पुलिस से शिकायत की थी कि सोशल मीडिया के माध्यम से एक व्यक्ति द्वारा धर्म से संबंधित आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल किया गया है। इससे क्षेत्र में माहौल खराब हो सकता है। पुलिस तत्काल उक्त व्यक्ति द्वारा सोशल मीडिया पर किए गए पोस्ट का डिटेल खंगालना शुरू कर दिया। रविवार की देर शाम पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया। कोतवाल मनोज कुमार राय ने बताया कि शिकायत पर दुर्गा चौरसिया निवासी कुनसेरवा थाना सोनौली के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार किया गया।

# भारत में घुसपैठ करते इटली का नागरिक हिरासत में

**जासं, सोनौली:** नेपाल के रास्ते भारत में घुसपैठ करते इटली के एक नागरिक को सोमवार की शाम एसएसबी जवानों ने हिरासत में ले लिया। उससे सुरक्षा एजेंसियां पूछताछ कर रहीं हैं।

भारत-नेपाल सीमा के डांडा हेड बीओपी एसएसबी 22 वीं वाहिनी के जवान गश्त कर रहे थे। इस दौरान एक नागरिक नेपाल से भारत की सीमा में प्रवेश करता दिखाई दिया। जवानों ने पकड़कर पूछताछ की तो अपना नाम नेगरी फ्रेडरिको निवासी नोवीलीगुरे इटली बताया। वह भारत में प्रवेश के लिए आवश्यक प्रमाण नहीं दिखा सका। वह वर्ष 2014 में भारत के रास्ते नेपाल गया था, तभी से वहां था। अब भारत आने की फिराक में था, लेकिन बीजा अवधि समाप्ति होने के चलते उसे अधिकृत रूप से प्रवेश नहीं मिल रहा था, जिसके कारण वह डांडा हेड से पगडंडी के रास्ते भारत में प्रवेश करने की कोशिश कर रहा था कि जवानों ने पकड़ लिया। एसएसबी के कमांडिंग अफसर वरुण कुमार ने बताया कि सुरक्षा एजेंसियां उससे पूछताछ कर रहीं हैं।



हिरासत में नेगरी फ्रेडरिको ● सौ.एसएसबी

# भारतीय नागरिक की हत्या के आरोप में तीन नेपाली गिरफ्तार

- अहमदाबाद के कुबेरनगर निवासी नरेश कुमार की नेपाल में 26 जून को हुई थी हत्या
- एक आरोपित के घर पर नरेश कुमार का था आना-जाना, एक अप्रैल 2022 को वह नेपाल आया था

**जासं, भैरहवा (नेपाल):** नेपाल पुलिस ने भारतीय नागरिक की हत्या के आरोप में नेपाल के तीन नागरिकों को गिरफ्तार किया है। इनमें एक महिला भी शामिल है। तीनों पर पर अहमदाबाद के कुबेरनगर निवासी जपडिया नरेश कुमार बाबू की हत्या का आरोप है। नरेश कुमार की हत्या 26 जून को नेपाल के अर्जुनधारा नगर पालिका सात में एक आरोपित के घर पर कर दी गई थी।

जिला पुलिस प्रमुख बिश्वमणि पोखरेल ने बताया कि अर्जुनधारा नगर पालिका सात की रहने वाली जानुका सूबेदी थापा दिसंबर 2019 में काम के लिए गुजरात गई थी। इस बीच उसका नरेश कुमार से संपर्क हो गया। इसी आधार पर नरेश नेपाल आता रहता था। एक अप्रैल 2022 को वह नेपाल आया था और उसे 59 हजार भारतीय रुपये के साथ इलाका पुलिस कार्यालय रानी ने गिरफ्तार किया था। उसे उसी दिन आंतरिक राजस्व कार्यालय से जमानत पर रिहा कर दिया गया। उस पर मुकदमा चल रहा था और जून में पैरवी करने वह नेपाल आया था। तीन दिन तक वह जानुका के घर पर रुका और एक दिन नरेश कुमार ने जानुका को उसके पति के सामने ही छेड़ दिया। इससे नाराज पति-पत्नी ने सुनसरी बाराह क्षेत्र नगर पालिका-10 निवासी सुरेश परियार को तीन लाख रुपये की सुपारी देकर नरेश की हत्या करवा दी। नरेश का शव अर्जुनधारा नगर पालिका-चार में जुकेखडी-सहसी टोल में सड़क किनारे ह्यूम पाइप के अंदर बोरे में मिला था। पुलिस ने सोमवार को तीनों आरोपितों जानुका सूबेदी थापा, उसके पति बृख बहादुर थापा और सुरेश परियार को उनके गांव से गिरफ्तार कर लिया।

# आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में आरोपित गिरफ्तार

सोनौली : इंटरनेट मीडिया पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने के मामले में पुलिस ने रविवार की शाम आरोपित को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। सोनौली व नौतनवा दोनों थानों की पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। सोनौली कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार राय ने बताया कि एक पक्ष के लोगों ने तहरीर में लिखा था कि एक व्यक्ति के फेसबुक पर गलत टिप्पणी करने से उनकी भावनाओं को ठेस पहुंची है। शांतिपूर्ण माहौल बिगाड़ने का प्रयास किया जा रहा है। तहरीर मिलते ही आरोपित दुर्गा चौरसिया निवासी कुनसेरवा थाना सोनौली की लोकेशन ट्रेस कर उसके घर से दबोच लिया गया। मुकदमा दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया। (जासं)

# समाधान दिवस में समस्याओं का हुआ निस्तारण

**फरेंदा।** शासन की मंशा के अनुरूप ग्रामीणों की समस्याओं का गांव में ही समाधान करने के लिए सोमवार को बाजारडीह के ग्राम सचिवालय में ग्राम समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जहां लोगों की सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं से जुड़ी समस्याओं का समाधान किया गया।

ग्राम समाधान दिवस में पेंशन, परिवार रजिस्टर, जन्म-मृत्यु प्रमाणपत्र, नए नाम जोड़ना सहित कई तरह की शिकायतों का निस्तारण किया गया। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि रविंद्र सिंह ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप ग्राम पंचायत में ही अधिकारियों की मौजूदगी में लोगों की समस्याओं का समाधान कराया जा रहा है। यह सरकार की अच्छी पहल है। ग्राम विकास अधिकारी रजनीश कुमार सिंह ने कहा कि अब ग्रामीणों की समस्याओं का निराकरण गांव में हो जाएगा।

लोगों को सुविधा होगी। रोस्टर के अनुसार विकास खंड के सभी गांवों में ग्राम समाधान दिवस का आयोजन होगा। संवाद

# पुलिस ने किया दंगा नियंत्रण का पूर्वाभ्यास

**महराजगंज।** जिले के सभी थाना क्षेत्रों में सोमवार को पुलिस ने दंगा नियंत्रण का पूर्वाभ्यास किया। दंगा होने पर कैसे हालात को नियंत्रित करना है, इसके बारे में अभ्यास किया गया। पहले से हुई तैयारियों की क्षमता की परख हुई। संवेदनशील स्थानों पर मार्च किया गया।

पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ ने बताया कि समस्त थाना प्रभारियों की ओर से आगामी त्योहारों को देखते हुए शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त पुलिस बल के साथ संवेदनशील स्थानों पर मार्च किया गया। किसी भी विषम परिस्थिति से निपटने के लिए पूर्वाभ्यास हुआ।

इस दौरान आमजन से संवाद स्थापित कर शासन की ओर से जारी आदेशों-निर्देशों से अवगत कराया गया एवं सौहार्द व भाईचारे के साथ रहने की अपील की गई। संवाद

# BASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 05-07-2022



हरैया थाना क्षेत्र के छपिया शुक्ल में बॉक्स से चोर जेवरात और नगदी ले गए।

# रोडवेजकर्मी व रिटायर दरोगा के घर में लाखों की चोरी

हरैया, हिन्दुस्तान संवाददाता। हरैया थाना क्षेत्र के दो गांव में रविवार की रात रोडवेज कर्मी व रिटायर दरोगा के घर से अज्ञात चोर लाखों रुपए के जेवरात और नगदी लेकर फरार हो गए। सूचना पर सोमवार को पहुंची हरैया थाना पुलिस ने मौका मुआयना किया। फोरेंसिक टीम ने सबूत जुटाए।

पहली घटना थाना क्षेत्र के छपिया शुक्ल गांव में परिवहन निगम के परिचालक ओंकारनाथ शुक्ला के घर हुई। छत पर चढ़कर सीढ़ी के रास्ते घर में घुसे चोरों ने तीन कमरे का ताला तोड़कर दो बड़ी अलमारी, दो बड़े और दो छोटे बॉक्स का ताला तोड़ तीन लाख रुपए का जेवर, 65 हजार रुपए नगदी, साड़ी तथा बर्तन चुरा ले गए। सोमवार को भोर में छत से नीचे पहुंचे परिजनों ने घर में बिखरा पड़ा सामान देखा तो सूचना पर हरैया पुलिस मौके पर पहुंची।

दूसरी घटना थाना क्षेत्र के जीवधरपुर गांव में हुई। चोरों ने रिटायर्ड दरोगा सूर्यनारायण के घर को निशाना बनाया। खिड़की के लोहे का जंगला तोड़कर कमरे में घुसे चोर अलमारी में रखे कीमती सामान और हजारों रुपए नकदी चुरा ले गए। पीड़ित कमरे पर ताला बंद कर घर के बाहर सो रहे थे। सुबह जब कमरे का ताला खोला तो सामान बिखरा पड़ा देख दंग रह गए। सूचना पर पहुंची हरैया पुलिस और फोरेंसिक टीम ने मामले की छानबीन शुरू की।

# शातिर चोर गिरफ्तार ई-रिक्शा बरामद

बस्ती। कलवारी पुलिस व एंटी व्हीकल थेफ्ट की संयुक्त टीम ने सोमवार को शातिर चोर संदीप चौधरी निवासी अखलाखोर कप्तानगंज को बहदग्राम अमिलहा पुलिया से दबोचा। ई-रिक्शा, एक तमंचा, चोरी की एक बैटरी और 21 सौ रुपए नगद बरामद हुआ।

पता चला संदीप ने ग्राम मलियाचुहा में एक घर के बाहर सो रहे व्यक्ति के पास से दो मोबाइल चोरी किया था। तीन माह पहले नगर बाजार से एक ई-रिक्सा व खटौवा की एक इलेक्ट्रानिक की दुकान से दो बैटरी, एक इन्वर्टर, कॉपर वायर तथा काउन्टर में रखा करीब पांच हजार रुपए चोरी किया था।

उसके पर थाना नगर व दुबौलिया में भी केस दर्ज है। कलवारी पुलिस ने आर्म्स एक्ट व अन्य धाराओं में केस दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया। गिरफ्तार करने वाली टीम में एसओ कलवारी प्रदीप कुमार सिंह, एसआई राहुल गुप्ता, रामसुरेश, अजय कुमार, करमचंद, धर्मेंद्र, आलोक आदि रहे।

# कैदियों को तकनीकी रूप से किया जाएगा दक्ष

**जागरण संवाददाता ,बस्ती:** जिला कारागार में कैदियों को विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिससे कैदियों को हुनरमंद बनाया जा सके। जिससे वह सजा पूरी करने के बाद बाहर निकलने पर स्वावलम्बी बन सकें। कारागार के वरिष्ठ अधीक्षक शशिकांत सिंह की देखरेख में टीसीएस कंपनी लखनऊ से आए ट्रेनर प्रशांत व शिवानी सोमवार से यहां बंदियों को विशेष प्रशिक्षण देना शुरू कर दिए है। वरिष्ठ अधीक्षक ने कहा कि बंदियों को अपराध से निकालकर कौशल विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के प्रयास में जेल प्रशासन तेजी से जुटा हुआ है। जल्द ही बंदियों को तकनीकी रूप से दक्ष किया जाएगा।

कारागार में एक हजार से अधिक बंदी निरुद्ध है। इनमें महिलाएं भी शामिल हैं। बंदियों को ट्रेनिंग कराकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाया जाएगा।

उद्देश्य बंदियों को तकनीकी ज्ञान प्रदान करने के साथ शिक्षित भी करना है जिससे उनका मानसिक एवं बौद्धिक विकास भी हो सके। अभी 160 बंदियों को चिन्हित कर लिया गया। तीन शिफ्ट में पचास- पचास बंदियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा।

# अपहरणकर्ताओं के छूटने की अफवाह से व्यापारियों में भय

**जागरण संवाददाता, रुधौली, बस्ती :** पिछले दिनों रुधौली कस्बे से अपहृत किए गए व्यवसायी पुत्र अखंड के अपहरणकर्ताओं के जमानत मिलने की सूचना पर सोमवार को रुधौली कस्बे के व्यापारियों में भय का माहौल बन गया।

जमानत मिलने की सूचना पर अनेक व्यापारियों ने अपनी दुकानें बंद कर दी। इसी बीच बाजार में पहुंचे प्रभारी निरीक्षक रामकृष्ण मिश्रा ने व्यापारियों को समझा शांत कराया। कहा कि उनकी जमानत अर्जी अपर न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम अर्पिता यादव के न्यायालय से खारिज हो गई है।

23 अप्रैल 2022 को रुधौली कस्बे से कपड़ा व्यवसायी अशोक कुमार गुप्ता के पुत्र अखंड कसौधन का अपहरण उन्हीं के व्यापारी साथियों ने पैसे के लालच में कर लिया था। इसका पर्दाफाश एक हफ्ते बाद पुलिस ने अखंड को सकुशल बरामद कर किया था। अपहरणकर्ता गोरखपुर थाना क्षेत्र के सहजनवा निवासी आदित्य सिंह उर्फ धीरज सिंह तथा सूरज सिंह को एसटीएफ व पुलिस की संयुक्त टीम ने गिरफ्तार किया था।

सोमवार को कस्बे के व्यापारियों को यह सूचना मिली कि अखंड के अपहरणकर्ताओं को कोर्ट ने जमानत दे दी है। जिस पर व्यापारियों में दहशत व्याप्त हो गया। प्रभारी निरीक्षक और अन्य पुलिसकर्मी द्वारा व्यापारी वर्ग व जनसामान्य को समझाया गया कि अभियुक्तगण की जमानत निचली अदालत से खारिज कर दी गई है। मौके पर शांति व्यवस्था के लिए पुलिस बल लगाया गया है।

**अखंड अपहरण कांड**



तनाव को देखते हुए रुधौली कस्बे में तैनात पुलिस बल ●जागरण

# शांति समिति की बैठक

**गोटवा बस्ती** : नगर थाना परिसर में बकरीद व कांवड़ यात्रा को देखते हुए एसडीएम शैलेश दुबे की अध्यक्षता में सोमवार को शांति समिति की बैठक हुई। एसडीएम ने परंपरागत रूप से कुर्बानी करने तथा कोई नई परंपरा न शुरू करने का निर्देश दिया। (जासं)

# ई–रिक्शा,तमंचा के साथ बदमाश गिरफ्तार

## नगर के तीन व दुबौलिया की एक **घटना का पर्दाफाश,** सयुंक्त टीम को मिली सफलता



कलवारी थाने मे बरामद चोरी का ई–रिक्शा, आरोपित तथा पुलिस टीम •जागरण

**जागरण संवाददाता, बस्ती** : कलवारी पुलिस व एंटी व्हीकल थेफ्ट की संयुक्त टीम ने अमिलहा पुलिया के पास एक बदमाश को चोरी की ई-रिक्शा, बैटरी, दो मोबाइल, देसी तमंचा, कारतूस व 2100 रुपये के साथ गिरफ्तार किया है। इसकी गिरफ्तारी से नगर के तीन व दुबौलिया थानाक्षेत्र की एक घटना का पर्दाफाश हुआ है।

थानाध्यक्ष कलवारी प्रदीप कुमार सिंह और एंटी व्हीकल थेफ्ट की संयुक्त टीम ने एक सूचना के आधार पर चार जुलाई को सुबह नौ बजे के करीब टांडा- बस्ती रोड पर अमिलहा पुलिया के पास संदीप चौधरी निवासी अकलाखोर थाना कप्तानगंज जनपद बस्ती को गिरफ्तार कर लिया। उसके विरुद्ध थाना कलवारी में मुकदमा दर्ज किया गया। आरोपित की गिरफ्तारी व बरामदगी से थाना नगर व दुबौलिया में दर्ज चोरी की घटनाओं का पर्दाफाश हो गया है। थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि आरोपित पर नगर, दुबौलिया व कप्तानगंज थाने में चार आपराधिक मुकदमे पहले से ही दर्ज हैं।

**तीन माह पहले नगर बाजार से चुराया था ई-रिक्शा:** आरोपित ने पूछताछ में बताया कि उनके पास जो ई-रिक्शा मिला है वह उसने लगभग तीन माह पहले नगर बाजार से चुराया था। इसका नंबर प्लेट बदलकर फर्जी नंबर प्लेट लगाया गया है। चोरी के बाद इसी ई-रिक्शा से नगर थाने के ग्राम खड़ौवा स्थित एक इलेक्ट्रानिक सामान की दुकान से दो बैटरी, एक इन्वर्टर, कापर तार तथा काउंटर में रखा पांच हजार रुपये चोरी किया था। इन्वर्टर व एक बैटरी तथा कापर तार उसने फुटहिया चौराहे पर एक अज्ञात ट्रक ड्राइवर को पांच हजार रुपये में बेच दिया। जो एक बैटरी

**नगर बजार से चुराकर ई-रिक्शा का बदल दिया था नम्बर प्लेट**
**इससे पहले इलेक्ट्रानिक दुकान से दो बैट्री व एक इन्वर्टर भी चुराया था**

पास में बरामद हुई है वह उसी चोरी की है। करीब दो माह पहले उसने इसी ई-रिक्शा से जाकर थाना दुबौलिया के ग्राम भिठरा से एक मकान की छत से एक बाइब्रेटर मशीन, दो डिलेवरी पाइप, एक वैक्यूम क्लीनर और एक हैलोजन लाइट चुराया था। जिसे छावनी थाने के अमोढ़ा चौराहे पर एक अज्ञात पिकअप वाले को 2500 रुपये में बेच दिया था। बताया कि 28 जून को नगर थाने के ग्राम मलियाचूहा में एक घर के बाहर सो रहे व्यक्ति के पास से दो मोबाइल चोरी किया था। वह सोमवार को चोरी की बैटरी व मोबाइल बेचने ले जा रहा था, इसी बीच पुलिस ने उसके पकड़ लिया।

# रेस्टोरेंट में छापेमारी कर खाद्य पदार्थों का भरा नमूना

**बस्ती :** आमजन को गुणवत्तायुक्त खाद्य पदार्थ मिल सके। इसके लिए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन छापेमारी की कार्रवाई को तेज कर दिया है। शिकायत मिलने पर सोमवार को डेयरी और रेस्टोरेंट में छापेमारी करते हुए खाद्य पदार्थों के नमूने लिये और जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे हैं। जिला अभिहित अधिकारी अपूर्व श्रीवास्तव ने बताया कि न्याय मार्ग स्थित यादव डेयरी में छापेमारी की गई, यहां से दूध और पेड़ा का नमूना भरा गया। इसके बाद टीम गांधीनगर स्थित शंकर रेस्टोरेंट एवं बेकर्स के यहां पहुंची। यहां से भूना चना, पनीर का नमूना एकत्र किया गया। जांच के लिए खाद्य प्रयोगशाला लखनऊ भेजा गया है। जांच रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जाएगी। खाद्य सुरक्षा अधिकारी धनंजय सिंह, खाद्य सुरक्षा अधिकारी गीता त्रिपाठी मौजूद रहे। अधिकारियों ने निर्देश दिए कि शुद्धता पर विशेष ध्यान दिया जाए। (जासं)

# दुष्कर्म में वांछित गिरफ्तार

**हरैंया, बस्ती:** हरैंया पुलिस ने थाने में दर्ज दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट के मामले में वांछित पंकज निवासी बसदेवा कुंवर थाना हरैंया बस्ती को गिरफ्तार कर लिया। निरीक्षक अनीता यादव और उनकी टीम ने आरोपित की गिरफ्तारी की।

**खडे ट्रेलर से वाइक सवार भिड़ा,दुवौलिया:** रामजानकी मार्ग पर कसैला बाबू गांव के पास सड़क किनारे खड़े ट्रेलर में एक बाइक सवार पीछे से भिड गया। हादसे में वह घायल हो गया। मौके पर पहुंचे परिजन घायल को इलाज के लिए जिला अस्पताल अयोध्या ले गए। थाना क्षेत्र के समौडा गांव निवासी मनोज सोमवार की शाम बाइक से विशेषरगंज गए थे। वहां से लौटते समय कसैला बाबू गांव के पांस पहुचे ही सड़क किनारे खडे ट्रेलर में पीछे से भिड गए।

# रामायण वन की स्थापना से शुरू होगा पौधरोपण अभियान

## नोडल अधिकारी व अपर मुख्य सचिव ने रामायण वन स्थल का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत आयोजित वन महोत्सव का शुभारंभ रामायण वन से किया जाएगा। रामायण वन को सुनियोजित ढंग से विकसित करने के लिए उच्च शिक्षा की अपर मुख्य सचिव एवं जिले की नोडल मोनिका एस गर्ग ने सोमवार रामायण वन स्थापित होने वाली जगह का स्थलीय निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

इसके पूर्व अपर मुख्य सचिव ने सिकटा गांव में स्थापित होने वाले रामायण वनस्थली के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए इसको एक टूरिस्ट स्पॉट के रूप में विकसित करने का निर्देश दिया। मुख्य द्वार पर भव्य गेट बनवाने का निर्देश देते हुए कहा कि प्रत्येक वाटिका के सामने छोटा गेट बनवा कर परिचयात्मक बोर्ड भी लगाया जाए। उन्होंने रंगो के अनुसार सफेद, लाल, पीले व हरे वृक्षों को लगाने का सुझाव दिया। अलग-अलग वाटिका में अलग-अलग रंगों के फूल देने वाले वृक्ष लगाए जाने को कहा। कहा कि यहां पर काफी जमीन है और यहां पर वृक्षारोपण के लिए अगले 5 साल तक की योजना बनाकर कार्य कराना उचित होगा। इसके साथ जिले में पड़ने वाले 55 किमी रामजानकी रोड के दोनों तरफ रामायण कालीन पौधों का रोपण करने का निर्देश दिया।

रामायण वन के बारे में डीएम प्रियंका निरंजन ने बताया कि इसमें लगभग 55 सौ वृक्ष लगाए जाएंगे। इसमें नौ वाटिकाएं विकसित की जाएंगी, जिसका नामकरण रामायण के प्रमुख चरित्र जैसे-राजा दशरथ, माता कौशल्या, सुमित्रा, कैकेयी, राम, भरत, लक्ष्मण, शत्रुघ्न, लव एवं कुश और गुरू वशिष्ठ के नाम पर किया जाएगा। कहा कि पौधरोपण का मुख्य कार्यक्रम यहीं पर आयोजित किया जाएगा। इस मौके पर सीडीओ डॉ. राजेश कुमार प्रजापति, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट अमृतपाल कौर, डीएफओ नवीन कुमार शाक्य, एसडीएम सदर शैलेश दुबे व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



गौर थाना परिसर में पौधरोपण करते पुलिसकर्मी। संवाद

### थाना परिसर में हुआ पौधरोपण

**गौर।** मानव जीवन पूर्ण रूप से स्वस्थ तभी होगा जब कदम-कदम पर पौधे लगेंगे। पौधरोपण जीवन के लिए बेहद जरूरी है। ऑक्सीजन देने वाले पौधों की महत्ता को दरकिनार नहीं किया जा सकता है। पर्यावरण संतुलन से ही मानव सुरक्षित व खुशहाल रह सकता है। सोमवार को गौर थाना परिसर में पौधरोपण किया। अभियान के एक दिन पहले प्रभारी थानाध्यक्ष रामेश्वर यादव ने कहा कि मानव का यह नैतिक धर्म है कि पर्यावरण को संतुलित बनाने के लिए अधिक से अधिक पौधों का रोपण करे। पौधे हमें न सिर्फ ऑक्सीजन देते हैं बल्कि फूल, फल, औषधि व इमारती लकड़ियां भी देते हैं। प्रभारी थानाध्यक्ष ने पुलिस कर्मियों के सहयोग से परिसर में कई तरह के पौधे लगाए। इस मौके पर उप निरीक्षक रविंद्र सिंह, मनोहर लाल, रमेश यादव, मान सिंह यादव, कांस्टेबल सौरभ,धीरेंद्र, रामप्रकाश, महिला आरक्षी पूजा राज आदि मौजूद रहे। संवाद

# आज वन महोत्सव में रोपे जाएंगे 26.24 लाख पौधे

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** वन महोत्सव का शुभारंभ मंगलवार को सुबह छह बजे से होगा। इस मौके पर शाम छह बजे तक चलने वाले पौधरोपण अभियान के तहत कुल 26 लाख 24 हजार 486 पौधे रोपे जाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके अनुसार सभी विभागाध्यक्ष लगातार निगरानी करते रहें और उसकी रिपोर्ट कमांड सेंटर को देते रहें।

यह निर्देश सोमवार को अपर मुख्य सचिव उच्च शिक्षा व जिले की नोडल मोनिका एस गर्ग ने कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित तैयारी बैठक को संबोधित करते हुए दिया। कहा कि जिले में कुल 36.72 लाख पौधरोपण किया जाना है। इसमें पहले दिन 26.24 लाख पौधे रोपे जाएंगे। सजग किया कि सभी नोडल अधिकारी समय से हर पल पौधरोपण की रिपोर्ट भेजना सुनिश्चित करें क्योंकि मुख्यमंत्री पोर्टल पर कभी भी निरीक्षण कर सकते है। डीएम प्रियंका निरंजन ने पूरे इंतजाम का ब्यौरा दिया। डीएफओ नवीन कुमार शाक्य ने पावर प्वाइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से पौधरोपण अभियान की विस्तृत कार्ययोजना प्रस्तुत की।

### सुबह छह बजे से शाम छह बजे तक चलेगा पौधरोपण अभियान

***ऑक्सीजन देने वाले पौधे बनेंगे पौधरोपण अभियान का विशेष हिस्सा :*** इस बार भी वृहद पौधरोपण अभियान के तहत आक्सीजन देने वाले पौधे पौधरोपण अभियान का विशेष हिस्सा बनेंगे। वन विभाग आक्सीजन देने वाले पौधों को प्राथमिकता के तौर पर रोपित करेगा।

यह तीसरी बार होगा जब कोरोना काल को देखते हुए विभाग ने अपनी नर्सरियों में फलदार, छायादार व आक्सीजन के श्रोत वाले 50 लाख पौधों को तैयार किया है और इन्हीं के जरिए धरती पर आक्सीजन उपलब्ध कराने का भरपूर प्रयास किया जाएगा।

पर्यावरण संरक्षण को लेकर हर साल वन विभाग करोड़ों पौधों को रोपित करता है। इधर जुलाई 2020 का पौधरोपण कोरोना काल में हुआ तो ऑक्सीजनयुक्त पौधों का महत्व बढ़ गया। विभाग ने 20 फीसदी आक्सीजन देने वाले पौधों को अपनी दो दर्जन नर्सरियों में तैयार किया और 80 फीसदी पौधे इमारती व छायादार तैयार कर पौधरोपण अभियान को पूरा किया। आक्सीजन की किल्लत झेल गए कोरोना मरीजों का मामला जब तेजी से बढ़ा तो इसी अंदाज में वन विभाग ने 2021 के पौध रोपण अभियान में भी पौधे रोपे।

इस बार 36.74 लाख पौधों का रोपण आज से 15 अगस्त तक किया जाएगा। वन विभाग ने इसके लिए 50 लाख पौधों की नर्सरियां तैयार किया है। इन नर्सरियों में 20 फीसदी तकरीबन दस लाख बरगद, पीपल, नीम, पाकड़ और अन्य उन पौधों को तैयार किया गया है, जो आक्सीजन के प्रमुख श्रोत माने जाते हैं।

इस संबंध में डीएफओ नवीन कुमार शाक्य ने बताया कि इस बार भी पौधरोपण अभियान में ऑक्सीजन प्रदान करने वाले पौधों को प्राथमिकता के तौर पर रोपा जाएगा ताकि पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ पर्याप्त ऑक्सीजन की उपलब्धता भी सुनिश्चित हो सके।

SIDDHARTH NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 05-07-2022

# सड़क हादसे में घायल भारतीय युवक के कब्जे से नेपाल पुलिस ने बरामद किया पिस्तौल व कारतूस

**सिद्धार्थनगर(एसएनबी)।** पड़ोसी राष्ट्र नेपाल के रूपनदेही जिले की पुलिस ने रविवार को रात में लुंबिनी क्षेत्र से दो भारतीय सीमा क्षेत्र के सिद्धार्थ नगर के रहने वाले दो भारतीय सहित तीन लोग सड़क हादसे में घायल हो गए, घायलों में भारत के सिद्धार्थ नगर के रहने वाले एक व्यक्ति के कब्जे से पुलिस ने एक पिस्तौल,2 गोली तथा चाकू बरामद किया है।

इलाका पुलिस कार्यालय लुम्बिनी के इंस्पेक्टर जंग कार्की के मुताबिक लुम्बिनी सांस्कृतिक नगर पालिका के पास वार्ड नं 6 स्थित एक भारतीय प्लेट की मोटरसाइकिल संख्या यूपी 55 0684 एक गाय से टकरा गई,जिससे उसपर सवार भारतीय सीमा क्षेत्र के सिद्धार्थ नगर के रहने वाले 34 वर्षीय मेहदी हुसैन उर्फ चिनक,51 वर्षीय अकबर खान तथा नेपाल के रूपनदेही के रहने वाले 55 वर्षीय आशिक अली घायल हो गए,घायलों में मेंहदी हुसैन के कब्जे नेपाल की पुलिस ने एक पिस्तौल,दो गोलियां तथा एक चाकू बरामद किया है।





बरामद पिस्तौल व कारतूस व पकड़े गए अभियुक्त,। फोटो : एसएनबी

# तस्करी कर नेपाल ले जाया जा रहा दो बोरी यूरिया बरामद

**बढ़नी (एसएनबी)।** कल्लन डिहवा के रास्ते मोटरसाइकिल से अवैध तरीके से नेपाल ले जा रहे 2 बोरी यूरिया खाद को बढनी पुलिस द्वारा बरामद किया गया है। पकड़े गए खाद, मोटरसाइकिल तथा युवक को बढनी कस्टम के सुपुर्द कर दिया गया है। उक्त जानकारी देते हुए बढनी चौकी इंचार्ज बृजेश सिंह ने बताया कि बजाज सीटी-100 मोटरसाइकिल (नंयूपी 55 एबी-1805) पर लादकर 2 बोरी यूरिया खाद को अभियुक्त रामकुमार पुत्र विक्रम प्रसाद (25 वर्ष) निवासी ग्राम खैरा,वार्ड नं 10, ष्णनगर (थाना गणेशपुर), कपिलवस्तु, नेपाल अवैध तरीके से लेकर जा रहा था,जिसे पकड़कर धारा 11 कस्टम अधिनियम के तहत चालान कर दिया गया है। बरामद सामान व अभियुक्त को बढनी कस्टम के सुपुर्द कर दिया गया है। उक्त बरामी में उपनिरीक्षक बृजेश सिंह के अलावे कांस्टेबल धीरज यादव, पूरन यादव यादव शामिल रहे।

C
M
B

# शांतिपूर्ण माहौल में मनाएं त्योहार

बर्डपुर। कपिलवस्तु कोतवाली में सोमवार को बकरीद एवं सावन माह को लेकर पीस कमेटी की बैठक हुई। थाना प्रभारी सूर्य प्रकाश सिंह ने सभी से पर्व को शांतिपूर्ण माहौल में मनाने की अपील की।

# 45 वाहनों का चालान किया

सिद्धार्थनगर। यातायात पुलिस ने वाहन चेकिंग अभियान के दौरान सोमवार को कागजात में खामियां मिलने, यातायात नियमों का उलंघन करने के आरोप में 45 वाहनों का चालान कर दिया। साथ ही 42500 रुपये शमन शुल्क वसूली की कार्रवाई की गई। इस दौरान लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरुक भी किया गया।

# पांच केंद्रों पर होगी बीएड की प्रवेश परीक्षा

जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर : जिलाधिकारी संजीव रंजन व पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बीएड सयुंक्त परीक्षा की तैयारी की समीक्षा बैठक की। परीक्षा से संबंधित शासन से मिले दिशानिर्देशों की जानकारी दी। छह जुलाई को पांच केंद्र पर 2093 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए जाएंगे। कोविड नियमों का पालन करना अनिवार्य होगा।

डीएम ने कहा कि परीक्षा कराने के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। रतनसेन डिग्री कालेज बांसी व शिवपति पीजी कालेज, शोहरतगढ़ में 500-500, बुद्ध विद्यापीठ डिग्री कालेज व व शिवपति इंटर कालेज शोहरतगढ़ में 400-400 और रतनसेन इंटर कालेज बांसी में 293 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। दो पालियों में परीक्षा संपन्न होगी। नकल विहीन परीक्षा कराने के लिए कड़े इंतजाम किए गए हैं। केंद्र से 500 मीटर की परिधि की सभी फोटोकापी की दुकान, साइबर कैफे व पीसीओ को परीक्षा के दौरान बंद रखा जाएगा। पांच जुलाई को सभी केंद्र प्रतिनिधि व पर्यवेक्षक परीक्षा केंद्र का निरीक्षण कर लें। अनुचित साधन के प्रयोग से संबंधित मामलों की लिखित रिपोर्ट की जाएगी। परीक्षार्थी को प्रवेश-पत्र, फोटो युक्त पहचान पत्र के साथ ही प्रवेश करने की अनुमति प्रदान की जाएगी। केंद्र अध्यक्ष, पर्यवेक्षक व केंद्र प्रतिनिधि को ही मोबाइल ले जाने की अनुमति होगी। परीक्षा प्रारंभ होने के आधा घंटा बाद किसी को प्रवेश नहीं मिलेगा। यदि कोई अभ्यर्थी किन्हीं कारणों से प्रथम प्रश्न पत्र की परीक्षा नहीं दे सका है लेकिन दूसरी पाली में परीक्षा देना चाहता है तो उसे रोका नहीं जाएगा। एडीएम उमाशंकर, एएसपी सुरेश चंद्र रावत, डीआइओएस अवधेश नारायण मौर्या, बीएसए देवेंद्र कुमार पांडेय, प्राचार्य बुद्ध विद्यापीठ डिग्री कालेज डा. अभय कुमार श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।



कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक को संबोधित करते डीएम संजीव रंजन साथ में मौजूद एसपी अमित कुमार आनंद ● जागरण

## नवागत कुलसचिव ने किया कार्यभार ग्रहण

जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर : सिद्धार्थ विश्वविद्यालय के नए कुलसचिव अमरेंद्र कुमार सिंह ने सोमवार को कार्यभार ग्रहण किया। निवर्तमान कुलसचिव राकेश कुमार ने इन्हें प्रशासनिक व विभागीय दायित्वों को सौंपा। कुलपति प्रो. हरि बहादुर श्रीवास्तव से नवागत कुलसचिव ने शिष्टाचार मुलाकात की। निवर्तमान कुलसचिव का स्थानातंरण गोरखपुर विश्वविद्यालय में परीक्षा नियंत्रक पद पर हुआ है। नवागत कुलसचिव ने बताया कि शासन ने जो दायित्व सौंपा है, उसका निवर्हन किया जाएगा। संस्थान में उच्च शिक्षण कार्य स्थापित करने का प्रयास किया जाएगा। कोविड संक्रमण के कारण पाठन-पाठन प्रभावित हुआ था। लेकिन सिविवि ने समय से पाठ्यक्रम को पूरा कर परीक्षा संपन्न कराई। प्रदेश में सबसे पहले परीक्षाफल घोषित करने का भी गौरव प्राप्त किया है। इसे कायम रखने का पूरा प्रयास किया जाएगा। सिविवि शैक्षिक क्षेत्र में अपनी पहचान बनाने की राह पर तेजी से चल रहा है। यह जानकारी सिविवि के सूचना जनसंपर्क अधिकारी डा. अविनाश प्रताप सिंह ने दी है।

# शांति व सौहार्द कायम रखना सभी की जिम्मेदारी

जासं, कपिलवस्तुः बकरीद पर्व व सावन मास के दौरान होने वाले धार्मिक आयोजनों को लेकर सोमवार को शांति कमेटी की बैठक हुई, जिसमें शांति व सौहार्द पर्व के दौरान भी कायम रखने को लेकर सभी की जिम्मेदारी तय की गई। कोतवाल सूर्य प्रकाश सिंह ने कहा कि शांति व्यवस्था कायम रखना व उसमें सहयोग करना हर नागरिक की जिम्मेदारी है। उपस्थित दोनों समुदाय के धर्म गुरुओं से अपील करते हुए उन्होंने कहा कि पर्व को शांतिपूर्ण माहौल में मनाया जाना चाहिए। सभी को एक दूसरे का सहयोग करना चाहिए। त्योहार भाईचारा बढ़ाने का संदेश देता है। समाज में कुछ अराजक तत्व होते हैं, जो माहौल को बिगाड़ने का काम करते हैं, जिनसे निपटने के लिए पुलिस मुस्तैद रहेगी। लेकिन सभी नागरिकों को सहयोग के रूप में ऐसे व्यक्तियों के बारे में जानकारी देनी होगी तभी पुलिस अपनी कार्यवाही पूरी कर शांति कायम रखने में सफल हो सकेगी। उन्होंने कहा कुर्बानी के बाद बकरे के मलवे को गड्ढे में दबाया जाय, जिससे कोई जानवर पक्षी मलवे को किसी के घर या धार्मिक स्थलों पर ना गिराएं। सावन माह में मंदिरों पर जलाभिषेक किया जाएगा। एसआइ दिलीप यादव, किशोरी लाल चौधरी, चौकी प्रभारी अरविंद गुप्ता, सुग्रीव चंद्रा, श्याम सुंदर प्रजापति, प्रदीप चौधरी, सोलंकी, कलाम, जलालुद्दीन खान आदि मौजूद रहे।

# सुरक्षा को लेकर चौराहों पर किया फ्लैगमार्च

**जासं, जोगिया :** बकरीद पर्व व सावन माह के दौरान शांति व सुरक्षा को लेकर सोमवार को कोतवाली पुलिस के जवानों ने अपर पुलिस अधीक्षक सुरेश चंद्र रावत के नेतृत्व में फ्लैग मार्च किया।मार्च के दौरान जवानों ने सभी से शांति व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने की अपील की। जवानों ने कस्बा निवासियों को सुरक्षा का भरोसा दिलाते हुए संदिग्धों के बारे में पुलिस को जानकारी देने पर जोर दिया। जोगिया कोतवाली से निकला पुलिस बल का जत्था नादेपार, टिकरिया, जोगिया, करौंदा मसिना, करनहा आदि छोटे-बड़े चौराहों पहुंचा। कोतवाल एसओ दिनेश कुमार सरोज, उपनिरीक्षक राजेश शुक्ला, उपनिरीक्षक भीम सिंह, उपनिरीक्षक रणंजय सिंह, उपनिरीक्षक अख्तर मौजूद रहे।

# नेपाल में पकड़े गए जिले के तीन हिस्ट्रीशीटर

## रुपन्देही पुलिस ने दबोचा, पिस्टल, कारतूस व चाकू बरामद, जेल से छूटने के बाद नेपाल में रहने लगे थे

जासं, भैरहवा (नेपाल) / सिद्धार्थनगर : नेपाल की रुपन्देही पुलिस ने रविवार रात लुंबिनी में हथियारों के साथ तीन भारतीय नागरिकों को गिरफ्तार किया। तीनों सिद्धार्थनगर जिले के हिस्ट्रीशीटर हैं।

रुपन्देही के पुलिस निरीक्षक बेद पौडेल ने बताया कि रुपंदेही के इंस्पेक्टर युवराज जंग कार्की की टीम गश्त पर थी। इसी बीच लुंबिनी सांस्कृतिक नगर पालिका वार्ड नंबर छह में एक बाइक पर सवार तीन लोग जाते दिखे। पीछा किए जाने पर उन्होंने बाइक की गति बढ़ा दी। वार्ड में बस पार्क के पास पहुंचते ही उनकी बाइक बैल से टकरा गई और तीनों गिर पड़े। गिरते ही टीम ने उन्हें दबोच लिया। टक्कर इतनी तेज थी कि बैल की मृत्यु हो गई। उनकी पहचान सिद्धार्थनगर जिले के गांव राम्मगढ़ के टोला बंजाराडीह निवासी मेंहदी हुसैन उर्फ चीनक, गोपीजोत निवासी अकबर खान और आशिक अली के रूप में हुई। बाइक चला रहे मेंहदी हुसैन उर्फ चीनक के पास से पिस्टल, दो कारतूस और चाकू बरामद हुआ। उनके पास अवैध हथियार कहां से आए और तीनों नेपाल में कहां जा रहे थे, इसकी जांच हो रही है। सिद्धार्थनगर कार्यालय के अनुसार, मेंहदी हसन उर्फ चीनक के खिलाफ मोहाना थाने में लूट, चोरी, मारपीट, गैंगस्टर समेत 12 मुकदमे दर्ज हैं। अकबर खान के खिलाफ सात और आशिक अली के खिलाफ चोरी, मारपीट, लूट से जुड़े आठ मामले दर्ज हैं। मोहाना पुलिस ने तीनों को जेल भेजा था। कुछ दिन पहले जेल से छूटने के बाद वे नेपाल में रहने लगे और वहां आम बेचने का कारोबार करते थे।



नेपाल में पकड़े गए तीनों आरोपितों के खिलाफ मोहाना थाने में कई मुकदमे दर्ज हैं। तीनों थाने के हिस्ट्रीशीटर हैं। अन्य थानों से जुड़े उनके आपराधिक मामले खंगाले जा रहे हैं।

**सुरेश चंद्र रावत**, एएसपी



नेपाल के रुपन्देही में पकड़े गए मोहाना थाने के हिस्ट्रीशीटर ● जागरण

# फर्जी अंकपत्र पर नौकरी करने का आरोप, मुकदमा

जासं, लोटन : लोटन थाना में धोखाधड़ी कर नौकरी हथियाने के आरोप में एक व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

गेल्हागाढ़ी गांव निवासी आरोपित मुरारी सिंह पर हाईस्कूल व इंटरमीडियट का फर्जी अंकपत्र लगाकर रोजगार सेवक की नौकरी प्राप्त करने का आरोप है। न्यायिक दंडाधिकारी मनीषा गुप्ता के निर्देश पर थाना पुलिस मुकदमा दर्ज किया है।गेल्हागाढ़ी गांव निवासी अनिल सिंह ने न्यायिक दंडाधिकारी की अदालत में वाद दाखिल कर आरोप लगाया कि आरोपित ने कूटरचित अंकपत्र लगाकर धोखाधड़ी करते हुए रोजगार सेवक की नौकरी प्राप्त की है। अपने जन्मतिथि की भी सही जानकारी नहीं दी है। संबंधित सभी साक्ष्य प्रस्तुत किया। अदालत ने एफआइआर दर्ज कर मामले में कार्रवाई करने का निर्देश दिया। सीओ सदर प्रदीप कुमार यादव ने बताया कि जांच शुरू है।

# डुमरियागंज में फिर अतिक्रमण शुरू

## सरकारी जमीन पर दोबारा कब्जा करने में जुटे लोग, फिर बढ़ेगी जाम की समस्या

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**डुमरियागंज।** सरकारी जमीन से अतिक्रमण हटवाने के बाद प्रशासन के जिम्मेदारों की शिथिलता से फिर से लोग अवैध कब्जा करने में जुट गए हैं। इसका कारण फिर से लोगों को सड़क जाम और पार्किंग की समस्या से दो-चार होना पड़ेगा।

प्रदेश सरकार की जमीन और फुटपाथ पर किए गए अतिक्रमण को हटाने के निर्देश के बाद डुमरियागंज में भी सरकारी जमीन को खाली करवाया गया था। इसके पहले नगर स्थित ब्लॉक, राजकीय पौधशाला और बीज गोदाम की चहारदीवारी सहित कुछ और जगह सरकारी जमीन पर अतिक्रमणकारियों की ओर से पक्का और स्थायी निर्माण कराकर दुकानें संचालित की जा रही थीं।



डुमरियागंज ब्लॉक दफ्तर के सामने फिर होने लगा अतिक्रमण। संवाद

कई बार अतिक्रमणकारियों को नगर और ब्लॉक प्रशासन की ओर से कब्जा हटाने की चेतावनी दी गई थी। अतिक्रमणकारी कब्जा नहीं हटा रहे थे। आठ जून को अतिक्रमण पर प्रशासन का बुलडोजर चला। जगह खाली कराई गई। अब अतिक्रमणकारी फिर से कब्जा कर दुकान संचालित कर रहे हैं। नगर के अधिवक्ता आशीष श्रीवास्तव, कृष्ण मुरारी, निजामुद्दीन, बृजमोहन, विशाल आदि ने कहा कि फुटपाथ पर अतिक्रमणकारी दोबारा हो गया तो फिर से जाम और वाहनों की पार्किंग की समस्या बढ़ने के साथ ही हादसे की भी संभावना बढ़ जाएगी। वहीं, सीओ अजय श्रीवास्तव ने कहा एसडीएम की अगुवाई में अतिक्रमण हटवाया गया था। एसडीएम के निर्देश के बाद फिर से अतिक्रमण करने वालों को हटाकर कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध में उपजिलाधिकारी डुमरियागंज विकास कुमार कश्यप ने कहा कि उन्हें दोबारा अतिक्रमण करने को लेकर कोई शिकायती पत्र नहीं मिला है। शिकायत मिलने पर पुनः किए गए अतिक्रमण को हटवा दिया जाएगा।

# भाईचारे का संदेश देते हैं त्योहार

## त्योहारों को ध्यान में रखते हुए शांति समिति की बैठक हुई

संवाद न्यूज एजेंसी

**कपिलवस्तु।** कोतवाली परिसर में सोमवार को बकरीद त्योहार एवं सावन माह को ध्यान में रखते हुए शांति समिति की बैठक हुई। कोतवाली के प्रभारी सूर्य प्रकाश सिंह ने धर्म गुरुओं से अपील करते हुए कहा किए पर्व को शांतिपूर्ण माहौल में मनाया जाए। त्योहार भाईचारे का संदेश देता है।

उन्होंने कहा कि समाज में कुछ अराजक तत्व होते हैं, जो माहौल को प्रभावित करते हैं। उन्हें सबक सिखाने के लिए पुलिस मुस्तैद रहेगी। उन्होंने कहा कुर्बानी के बाद मलवे को गड्ढे में दबाया जाए। मलवे को किसी के घर के पास या धार्मिक स्थलों पर न गिराएं। सावन मास में मंदिरों में जलाभिषेक किया जाएगा।



कपिलवस्तु कोतवाली में शांति समिति की बैठक हुई। संवाद

इसके लिए मंदिरों में सुरक्षा व्यवस्था की जाएगी। इस दौरान एसआई दिलीप यादव, किशोरी लाल चौधरी, चौकी प्रभारी अरविंद गुप्ता, सुग्रीव चंद्रा, श्याम सुंदर प्रजापति, ग्राम प्रधान संघ के ब्लॉक अध्यक्ष प्रदीप कुमार चौधरी, सोलंकी, कलाम, जलालुद्दीन खान, अहमद हुसैन आदि मौजूद रहे।

# पांच केंद्रों पर 2093 अभ्यर्थी देंगे बीएड की संयुक्त प्रवेश परीक्षा

## कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक कर डीएम ने दिए नकल विहीन परीक्षा कराने के निर्देश

संवाद न्यूज एजेंसी

**सिद्धार्थनगर।** बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा-2022 को सकुशल संपन्न कराने के लिए जिलाधिकारी संजीव रंजन ने कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक की। एसपी अमित कुमार आनंद की मौजूदगी में डीएम ने केंद्र व्यवस्थापक तथा पर्यवेक्षक को शुचिता पूर्ण एवं नकल विहीन तरीके से प्रवेश परीक्षा कराने के निर्देश दिए।

डीएम संजीव रंजन को जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि सभी 2093 अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित होंगे। जनपद में परीक्षा के लिए पांच केंद्र बनाए गए हैं, जहां दो पालियों में परीक्षा होगी। इसमें रतनसेन डिग्री कॉलेज बांसी में 500 अभ्यर्थी, शिवपति डिग्री कॉलेज शोहरतगढ़ में 500 अभ्यर्थी, बुद्ध विद्यापीठ डिग्री कॉलेज सिद्धार्थनगर 400 अभ्यर्थी, शिवपति इंटर कॉलेज शोहरतगढ़ में 400 अभ्यर्थी और रतनसेन इंटर कालेज बांसी में 293 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। जिलाधिकारी संजीव रंजन ने परीक्षा केंद्र के 500 मीटर की परिधि में सभी फोटोकॉपी की दुकानें, साइबर कैफे तथा पीसीओ को परीक्षा के दौरान बंद रखने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने केंद्र प्रतिनिधि तथा पर्यवेक्षक को पांच जुलाई को परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करने के निर्देश दिए।



कलेक्ट्रेट सभागार में बीएड सयुंक्त परीक्षा को सकुशल संपंन कराने के लिए बैठक करते डीएम संजीव रंजन, एसपी अमित कुमार आनंद। विज्ञप्ति

अनुचित साधन का प्रयोग, दुराचरण तथा व्यक्तियों की बदली मामलों की लिखित रिपोर्ट की जाएगी। अभ्यर्थी को प्रवेश-पत्र के साथ एक फोटो युक्त तथा वैध फोटो पहचान पत्र के बिना परीक्षा में शामिल नहीं होने दिया जाएगा। मोबाइल फोन केंद्र केअध्यक्ष, सहायक केंद्र के अध्यक्ष पर्यवेक्षक एवं केंद्र प्रतिनिधि के अतिरिक्त किसी के पास नहीं रहेगा। परीक्षा प्रारंभ होने के 30 मिनट बाद किसी भी अभ्यर्थी को प्रवेश नहीं दिया जाएगा। कैल्कुलेटर, स्मार्ट वाच इत्यादि किसी इलेक्ट्रानिक उपकरण का इस्तेमाल परीक्षा केंद्र पर पूर्णतया प्रतिबंधित है। यदि कोई अभ्यर्थी किन्हीं कारणों से प्रथम प्रश्न-पत्र में उपस्थित नही रह पाता है और द्वितीय प्रश्न-पत्र में बैठना चाहता है तो उसे द्वितीय प्रश्न-पत्र की परीक्षा में बैठने की अनुमति दी जाएगी। इस दौरान एडीएम उमाशंकर, एएसपी सुरेश चंद्र रावत, डीआईओएस अवधेश नारायण मौर्य, बीएसए देवेंद्र कुमार पांडेय आदि उपस्थित रहे।

### परीक्षा परिधि क्षेत्र में लागू रहेगी निषेधाज्ञा

बांसी। नकल विहीन परीक्षा संपन्न कराने के लिए प्रशासन काफी सख्त है। उत्तर प्रदेश संयुक्त प्रवेश परीक्षा बीएड द्विवर्षीय की परीक्षा छह जुलाई को होनी है। सकुशल व नकलविहीन परीक्षा कराने को लेकर एसडीएम प्रमोद कुमार ने निषेधाज्ञा 'धारा 144' लागू कर परीक्षा केंद्र से 500 मीटर की परिधि में सभी फोटोकॉपी की दुकानें, साइबर कैफे तथा पीसीओ आदि की परीक्षा प्रारंभ होने के पूर्व से परीक्षा समाप्त होने तक बंद रहेंगे। केंद्र के अध्यक्ष परीक्षा के दौरान परीक्षा पर कंप्यूटर, प्रिंटर, फोटो कॉपी मशीन एवं स्कैनर आदि का प्रयोग नहीं करेंगे। यह सुनिश्चित किया जाए कि परीक्षा के दौरान पर्यवेक्षक, केंद्र के अध्यक्ष, सहायक केंद्र के अध्यक्ष तथा केंद्र के प्रतिनिधि के अतिरिक्त केंद्र पर अन्य किसी के पास मोबाइल फोन न हो । साथ ही सभी लोग कोविड-19 के सुरक्षात्मक नियमों का पालन करें। संवाद

# SANT KABEER NAGAR POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 05-07-2022

# युवक की पिटाई,तीन नामजद

**धनघटा (एसएनबी)।** धनघटा थाना क्षेत्र के वड़गो गांव में कुछ मनबढ़ों द्वारा की गई एक युवक की पिटाई की घटना में पुलिस ने सोमवार को तीन लोगों के विरूद्ध मारपीट का मुकदमा दर्ज कर घटना की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार पुरानी रंजिश को लेकर थाना क्षेत्र के बड़गो गांव निवासी राजकुमार राय पुत्र सूर्यप्रकाश राय को विपक्षी गांव निवासी धर्मेन्द्र राय,नरेन्द्र राय उर्फ साहब तथा अरविन्द राय पुत्रगण जोखन राय बीते 2 जुलाई की शाम घेर लिए और मारपीट कर बुरी तरह घायल कर दिया। इलाज कराने के बाद सोमवार को धनघटा थाने पहुंचे घायल राजकुमार राय ने उक्त तीनों हमलावरों के विरूद्ध पुलिस को लिखित प्रार्थनापत्र देकर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की जिसके आधार पर पुलिस ने उक्त तीनों हमलावरों के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज कर घटना की छानबीन शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक धनघटा केडी सिंह ने बताया कि नामजद आरोपियों को जल्द ही गिरफ्त में लेकर कानूनी कार्रवाई पूरी कर दी जाएगी।

# थानों व चौकी परिसरों में लगे पौधे

**संतकबीरनगर (एसएनबी)।** वन महोत्सव सप्ताह के अवसर पर पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार के निर्देशन में सोमवार को समस्त थानों/चौकी पर वृहद स्तर पर वृक्षारोपण अभियान चलाया गया गया। जिसके तहत समस्त थाना प्रभारी/चौकी प्रभारियों द्वारा थाना परिसर व आसपास विभिन्न प्रकार के छायादार व फलदार वृक्षों को रोपित किया गया।

# पुलिस की कार्यप्रणाली में सुधार हेतु मांगे सुझाव

**संतकबीरनगर (एसएनबी)।** जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखने, अपराध एवं अपराधियों पर नकेल कसने, आमजनमानस में विश्वास व सुरक्षा का वातावरण बनाने के उद्देश्य से अपने अपने थाना क्षेत्रांतर्गत पड़ने वाले बैंक, एटीएम, ज्वैलर्स की दुकानों, वित्तीय प्रतिष्ठानों के आसपास एवं बैंकों के आस-पास संदिग्ध वाहनों/व्यक्तियों की सघन चेकिंग की गयी। आम जनमानस को टप्पेबाजी व साइबर फ्राड से बचाव हेतु जागरुक किया गया। साथ ही पुलिस कार्यप्रणाली में सुधार के लिए आम जनमानस से सुझाव मांगे गए। यह अभियान अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन गोरखपुर अखिल कुमार, पुलिस महानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र बस्ती आरके भारद्वाज के निर्देशन, पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार के मार्गदर्शन, अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह के पर्यविक्षण में जिले में समस्त क्षेत्राधिकारियों/ थाना/चौकी प्रभारियों द्वारा चलाया गया। पुलिस अधीक्षक निर्देशन में बैंक/सर्राफा बाजार/व्यवसायिक चेकिंग के दौरान आमजन से संवाद स्थापित किया गया। इसके साथ ही अपर पुलिस महानिदेशक, गोरखपुर जोन द्वारा पब्लिक अप्रूवल रेटिंग सिस्टम के अंतर्गत माह- जून, 2022 में संतकबीरनगर पुलिस की कार्यप्रणाली व जनता के प्रति व्यवहार के संबंध में कराये जा रहे सर्वे के दृष्टिगत क्यूआर कोड को स्कैन करवा कर पोल करवाया गया। महत्वपूर्ण दुकानों/ प्रतिष्ठानों पर क्यू आर कोड को चस्पा कर आमजनमानस से अधिक से अधिक संख्या में ऑनलाइन पोल हेतु प्रेरित किया गया।

# नकल व पेपर लीक न हो, अन्यथा होगी कड़ी कार्रवाई : डीएम

**06 जुलाई को होने वाली बीएड प्रवेश परीक्षा की तैयारियों को लेकर कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में हुई बैठक**

संतकबीरनगर (एसएनबी)। 06 जुलाई 2022 को बीएड की प्रवेश परीक्षा को सकुशल, सुचितापूर्ण, नकलविहिन व शांतिपूर्णढंग से सम्पन्न कराने हेतु तैयारियों की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी ने बताया कि बीएड की प्रवेश परीक्षा के लिए जिले के सात विद्यालयों में बनाए गए नौ केन्द्रों पर होगी। इसमें कुल 4212 परीक्षार्थी शामिल होंगे। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि परीक्षा नकल विहीन, सुचिता पूर्ण और सख्ती के बीच हो और जो भी कमी हो उसे तत्काल पूर्ण करा लिया जाय। उन्होंने कहा कि नकल एवं पेपर लीक न होने पाये अन्यथा संबंधित जो भी अधिकारी/कर्मचारी दोषी पाये जाते हैं उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी केन्द्र व्यवस्थापक यह सुनिश्चित करेंगे कि बिना पहचान पत्र के कोई भी कक्ष निरीक्षक ड्यूटी पर न रहे। ड्यूटी पर लगाये गये सभी मजिस्ट्रेट कल निरीक्षण करके सभी केन्द्रों पर तैयारियों के संबंध में जायजा लें। पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार ने 06 जुलाई 2022 को होने वाली बीएड प्रवेश परीक्षा के संबंध में सभी केन्द्र व्यवस्थापक एवं प्रधानाचार्यों व संबंधित अधिकारियों को अवगत कराया है कि परीक्षा को सकुशल, सुचितापूर्ण, नकलविहिन व शांतिपूर्णढंग से सम्पन्न कराने हेतु पुलिस फोर्स प्रत्येक परीक्षा केन्द्रों पर पर्याप्त संख्या में उपलब्ध रहेगी। अपर जिलाधिकारी मनोज कुमार सिंह ने बताया कि बीएड प्रवेश परीक्षा सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में होगी। उन्होंने बताया कि इस परीक्षा में प्रत्येक केन्द्र का प्रभारी जनपद स्तरीय अधिकारी को बनाया गया है। परीक्षा की निगरानी के लिए दो सचल दल गठित किया है सभी सचल दल में पांच-पांच सदस्य हैं। परीक्षा को सकुशल संपन्न कराने के लिए एक जोनल और चार सेक्टर मजिस्ट्रेट बनाए गए हैं। जिला विद्यालय निरीक्षक मनमोहन शर्मा ने बताया कि जिले में परीक्षा के लिए सात विद्यालयों में कुल नौ केन्द्र बनाए गए हैं। जिसमें एचआर इंटर कालेज खलीलाबाद और एचआरपीजी कालेज में दो-दो केन्द्र बनाए गए हैं। इसके अलावा राजकीय कन्या इंटर कालेज, खलीलाबाद, मौलाना आजाद इंटर कालेज, खलीलाबाद, नेहरू कृषक इंटर कालेज खलीलाबाद, संतकबीर आचार्य राम विलास इंटर कालेज मगहर, पीबी गर्ल्स इंटर कालेज खलीलाबाद को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। उन्होंने बताया कि नौ अधिकारियों की ड्यूटी केन्द्र प्रतिनिधि के रूप में लगाई गई है, वहीं नौ अधिकारियों को बतौर स्टैटिक मजिस्ट्रेट लगाया गया है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय द्वारा नामित नोडल अधिकारी समन्वयक/हीरालाल रामनिवास स्नातकोत्तर महाविद्यालय खलीलाबाद के प्राचार्य डॉ. ब्रजेश कुमार त्रिपाठी, शासन द्वारा नामित उप नोडल अधिकारी/ हीरालाल रामनिवास स्नातकोत्तर महाविद्यालय खलीलाबाद के उप प्राचार्य डॉ. प्रताप विजय कुमार, जिलाधिकारी द्वारा नामित मजिस्ट्रेट/अपर उप जिलाधिकारी रमेश चन्द्र श्रीवास्तव, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी दिनेश कुमार, मौलाना आजाद इंटर कालेज के प्रधानाचार्य युनुस अख्तर खान, राजकीय बालिका इंटर कालेज की प्रधानाचार्या श्रीमती आशा यादव सहित सभी केन्द्रों के केन्द्र व्यवस्थापक/प्रधानाचार्यगण उपस्थित रहे।

### ये है दो सचल दल की टीम...

जिलाधिकारी ने परीक्षा की निगरानी के लिए दो सचल दल गठित किया है। एक डीआईओएस मनमोहन शर्मा के नेतृत्व में तो दूसरा जीशान रिजवी डीसी एनआरएलएम के नेतृत्व में गठित किया गया है। सभी सचल दल में पांच-पांच सदस्य हैं। सचल दल में सहायक अध्यापक रमाकांत, ओम प्रकाश, श्रीमती मालती, श्रीमती सीमा, राज कुमार, प्रदीप कुमार मिश्रा, श्रीमती साधना, श्रीमती निमिषा चौधरी शामिल हैं।





बैठक को संबोधित करतीं जिलाधिकारी, एसपी, एडीएम, डीआईओएस तथा उपस्थित नामित नोडल, केन्द्र प्रतिनिधि अधिकारी व अन्य।

### एक जोनल चार सेक्टर मजिस्ट्रेट की लगी ड्यूटी

परीक्षा को सकुशल संपन्न कराने के लिए एक जोनल और चार सेक्टर मजिस्ट्रेट बनाए गए हैं। एसडीएम खलीलाबाद अजय कुमार त्रिपाठी जोनल मजिस्ट्रेट की जिम्मेदारी निभाएंगे। इसके अलावा तहसीलदार खलीलाबाद शेख आलमगीर, तहसीलदार मेंहदावल निशा श्रीवास्तव, तहसीलदार धनघटा रत्नेश तिवारी, नायब तहसीलदार विजय कुमार गुप्ता को सेक्टर मजिस्ट्रेट बनाया गया है।

# बकरीद के दृष्टिगत दुधारा पुलिस ने किया पैदल गश्त

दुधारा पुलिस ने थानाध्यक्ष सर्वेश राय ने मयफोर्स दुधारा, सेमरियावां सहित विभिन्न चौराहों पर फ्लैग मार्च किया। उन्होंने कहा कि बकरीद पर्व पर क्षेत्र में शान्ति व्यवस्था बनाए रखने के प्रति हम पूरी तरह वचनबद्ध हैं। क्षेत्र में शान्ति व्यवस्था बनाए रखने में क्षेत्र के लोगों का पूरा सहयोग मिलेगा। कानून व्यवस्था से खिलवाड़ किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस दौरान उप निरीक्षक अमरनाथ यादव, मोतीलाल यादव, राम दरश यादव सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# सावन मेले में भीड़ नियंत्रण को रूट डायवर्जन

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। आगामी श्रावण मास व मास शिवरात्रि के पर्व पर तामेश्वरनाथ धाम में लगने वाले भव्य मेला और कांवड़ यात्रा को लेकर डीएम दिव्या मित्तल ने सोमवार को तामेश्वरनाथ धाम का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीएम, एसपी ने पहले जलाभिषेक किया, उसके बाद वहां की व्यवस्था देखी और फिर परिसर में बैठक की। बैठक के दौरान स्थानीय लोगों और मंदिर कमेटी के सदस्यों से बात की। रूट डायवर्जन व महिला और पुरुष की अलग-अलग लाइन की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। पुलिस और प्रशासन के जिम्मेदारों को भी सुरक्षा, रूट डायवर्जन, भीड़ नियंत्रण को लेकर सभी को निर्देश दिया।

डीएम ने कहा कि भीड़ नियंत्रित रहे इस लिए रूट डायवर्जन की व्यवस्था की जाएगी। महिला और पुरुष की अलग-अलग लाइन रहेगी। जलाभिषेक के लिए एक साथ अधिक लोगों को नहीं भेजा जाएगा। परिसर की क्षमता के अनुसार ही लोगों के

- डीएम व एसपी ने तामेश्वरनाथ धाम का लिया जायजा
- सावन मेले को लेकर डीएम ने की बैठक, मातहतों को दिए निर्देश

अन्दर प्रवेश दिया जाएगा। लाइन के लिए पहले ही बैरिकेडिंग का काम पूरा कर लिया जाए। पूरे परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। जिससे निगरानी आसानी से हो सके। अग्निशमन दल भी मुस्तैद रहेगा। खोया पाया शिविर भी लगाया जाएगा। उन्होंने एसडीएम को निर्देश दिया कि अपनी देख-रेख में सारी तैयारियों को पूरी कराएं। श्रद्धालुओं को किसी भी तरह की कोई समस्या नहीं होनी चाहिए। कोविड-19 नियमों का भी पालन कराया जाएगा। श्रद्धालुओं के विश्राम स्थान और भोजन व्यवस्था के साथ ही बिजली आदि की व्यवस्था पर भी चर्चा की। एसपी सोनम कुमार ने कहा कि



सोमवार को तामेश्वरनाथ में सावन मेले को लेकर डीएम दिव्या मित्तल व एसपी सोनम कुमार ने मंदिर परिसर का निरीक्षण करने के बाद जलाभिषेक किया।

सुरक्षा व्यवस्था सख्त रहेगी। इस दौरान एडीएम मनोज कुमार सिंह, एसडीएम सदर अजय कुमार त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

**ग्राम प्रधान ने सौंपा मांग पत्र:** ग्राम प्रधान अंजू पासवान ने डीएम को ज्ञापन सौंपकर श्रावण मास शुरू होने से पहले सारी व्यवस्था ठीक कराने की मांग किया। अंजू ने मांग किया कि नौरंगिया चौराहे से मंदिर के पोखरे के पार तक पीडब्लूडी की सड़क एक दम गड्ढे में तब्दील है। पीडब्लूडी को पहले ही इसकी सूचना दी गई थी, लेकिन कुछ नहीं हुआ। इसके अलावा डीपीआरओ को आदेशित कराकर परिसर की पूरी सफाई कराने की मांग की। 15 सफाई कर्मचारी को 10 जुलाई से 19 अगस्त तक के लिए तैनात किया जाए। प्रशासनिक अधिकारी के साथ ही पीएसी और पुलिस बल को भी तैनात किया जाए। स्वचालित शौचालय की व्यवस्था कराए जाने की भी मांग किया।

# हत्या के प्रयास का आरोपी गिरफ्तार

संतकबीरनगर। धनघटा पुलिस ने सोमवार को हत्या के प्रयास के एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। वहां से उसे जेल भेज दिया गया। इंस्पेक्टर धनघटा केडी सिंह ने बताया कि अधिवक्ता पर जानलेवा हमले के आरोपी सुरेन्द्र यादव पुत्र अमरजीत यादव निवासी बहराडाड़ी को गिरफ्तार किया गया।

# शांतिभंग में पांच गिरफ्तार

संतकबीरनगर। जनपद में अशांति फैलाने वालों के खिलाफ चल रहे अभियान के क्रम में सोमवार को जिले की पुलिस ने पांच अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। इसमें कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने तीन और महुली पुलिस ने दो अभियुक्त को गिरफ्तार किया।

# विश्वास हनन के मुकदमे के आरोपी के घर नोटिस चस्पा

- 82 सीआरपीसी के तहत हुई करवाई
- महुली थाना क्षेत्र के पुतसर का मामला

नाथनगर, हिन्दुस्तान संवाद। महुली पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर सोमवार को पुंतसर में विश्वास हनन के एक मुकदमें में नामजद व्यक्ति के घर पर नोटिस चस्पा कर 82 सीआरपीसी की करवाई की है। पुलिस ने डुग्गी मुनादी भी कराई। कोर्ट में निर्धारित तिथि को प्रस्तुत न होने पर की कुर्की कार्रवाई करने की चेतावनी दी है।

चौकी प्रभारी काली जगदीशपुर रमजान अली ने बताया कि कुछ माह पूर्व पुंतसर गांव निवासी अनिल कुमार प्रजापति पुत्र हरिराम प्रजापति के खिलाफ एक व्यक्ति ने विश्वास के आपराधिक हनन की धारा में मुकदमा दर्ज कराया था। इस मामले में कोर्ट द्वारा कई बार सम्मन भेजकर तलब किया गया था। लेकिन अनिल प्रजापति ने आदेश का उल्लंघन किया। न्यायालय के आदेश पर अनिल कुमार प्रजापति के घर पर डुग्गी-मुनादी करके नोटिस चस्पा की गई। 82 सीआरपीसी की करवाई पूरी की गई। ग्रामीणों को जानकारी दी गई। चौकी प्रभारी रमजान अली ने बताया कि न्यायालय द्वारा निर्धारित तिथि में अनिल कुमार के पेश न होने पर उनके खिलाफ कुर्की की कार्रवाई होगी। कांस्टेबल शरद राय, एसआई नत्थू प्रसाद मौजूद रहे।

# पुरानी परम्परा के अनुसार ही मनेगी बकरीद

धर्मसिंहवा, हिन्दुस्तान संवाद। आगामी बकरीद त्योहार को देखते धर्मसिंहवा थाना क्षेत्र के मुसहरा गांव में ग्रामीणों के साथ एसडीएम मेंहदावल और सीओ ने बैठक की। लोगों को पूरी तरह से आश्वस्त किया कि बकरीद का त्योहार पुरानी परम्पराओं के अनुसार ही मनाया जाएगा। गांव में किसी भी नई परम्परा की शुरुआत नहीं की जाएगी।

एसडीएम मेहदावल योगेश्वर सिंह और सीओ अम्बरीष भदौरिया ने सोमवार को थानाध्यक्ष धर्मसिंहवा अनिल कुमार के साथ बकरीद त्योहार पर अतिसंवेदनशील गांव मुसहरा में ग्रामीणों के साथ बैठक की। एसडीएम ने ग्रामीणों से कहा कि गांव में किसी भी प्रकार की नई परम्परा की शुरुआत नहीं की जाएगी। त्योहार पुरानी परम्पराओं पर ही मनाया जाएगा। सीओ ने लोगों से कहा कि सोशल मीडिया से हर गतिविधि पर प्रशासन की पूरी तरह से निगाह बनी है। किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और बकरीद का त्योहार अपनी पुरानी परम्परा के अनुसार ही मनाएं। अभी तक दोनों समुदायों के कुल 32 लोगों को पाबंद किया गया है। बैठक में चौकी इंचार्ज बौरब्यास अमित चतुर्वेदी, प्रधान श्रीचंद निषाद, मोहम्मद सिद्दीक, अब्दुल खालिक, बहरैची, पंकज पांडेय, अरमान, मो. नईम, अजमुल्लाह, बृजमोहन, नागेन्द्र सिंह, विनोद आदि मौजूद रहे।



धर्मसिहवा थाना क्षेत्र के मुसहरा में बकरीद त्योहार को लेकर सोमवार को एसडीएम और सीओ ने ग्रामीणों के साथ बैठक की। • हिन्दुस्तान

बीएड प्रवेश परीक्षा को लेकर डीएम ने कलक्ट्रेट में की बैठक

# बीएड प्रवेश परीक्षा की पूरी कर लें तैयारियां

## दिए निर्देश

**09** परीक्षा केन्द्र पर होगी बीएड प्रवेश परीक्षा

**06** जुलाई को प्रवेश परीक्षा 4212 छात्र होंगे शामिल

- बैठक में केन्द्र प्रभारियों और मजिस्ट्रेट को दिए गए निर्देश
- सीसीटीवी की निगरानी में होगी परीक्षा, केंद्र प्रभारियों को निर्देश



बीएड प्रवेश परीक्षा की तैयारियों को लेकर कलक्ट्रेट सभागार सोमवार को डीएम की अध्यक्षता में हुई बैठक में उपस्थित कर्मचारी। ● हिन्दुस्तान

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। बीएड प्रवेश परीक्षा की तैयारियों को लेकर डीएम दिव्या मित्तल ने कलेक्ट्रेट सभागार सोमवार को बैठक की। बैठक में तैयारियों की समीक्षा करते हुए सभी को जरूरी निर्देश दिए। सभी नौ परीक्षा केन्द्रों के प्रभारियों को निर्देश दिया कि सीसीटीवी कैमरे आदि की व्यवस्था को चेक कर लें। गेट से प्रवेश के समय ही सभी की जांच ढंग से कर ली जाए। जिससे अन्दर किसी भी तरह के गड़बड़ी की स्थिति न बने। परीक्षा नकलविहीन और शुचितापूर्ण तरीके से संपन्न कराई जाएगी।

उन्होंने कहा कि जिले के सात विद्यालयों में बनाए गए नौ केन्द्रों पर बीएड की प्रवेश परीक्षा होगी। इसमें कुल 4212 परीक्षार्थी शामिल होंगे। जिलाधिकारी ने सभी सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि परीक्षा नकल विहीन, शुचिता पूर्ण और सख्ती के बीच हो। जो भी कमी हो उसे तत्काल पूर्ण करा लिया जाए। उन्होंने कहा कि सभी केन्द्र व्यवस्थापक यह सुनिश्चित करेंगे कि बिना पहचान पत्र के कोई भी कक्ष निरीक्षक ड्यूटी पर न रहे। ड्यूटी पर लगाए गए सभी मजिस्ट्रेट कल निरीक्षण करके सभी केन्द्रों पर तैयारियों के संबंध में जायजा लें।

पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार ने सभी केन्द्र व्यवस्थापक एवं प्रधानाचार्यो व सम्बंधित अधिकारियों को अवगत कराया कि पुलिस फोर्स प्रत्येक परीक्षा केन्द्रों पर पर्याप्त संख्या में उपलब्ध रहेगी। अपर जिलाधिकारी मनोज कुमार सिंह ने बताया कि परीक्षा सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में होगी। परीक्षा में प्रत्येक केन्द्र का प्रभारी जनपद स्तरीय अधिकारी को बनाया गया है। परीक्षा की निगरानी के लिए दो सचल दल गठित किए गए हैं। सभी सचल दल में पांच-पांच सदस्य शामिल हैं। परीक्षा के लिए एक जोनल और चार सेक्टर मजिस्ट्रेट बनाए गए हैं। जिला विद्यालय निरीक्षक मनमोहन शर्मा ने बताया कि जिले में परीक्षा के लिए नौ केन्द्र बनाए गए हैं। इसमें एचआर इंटर कॉलेज खलीलाबाद और एचआरपीजी कॉलेज में दो-दो केन्द्र बनाए गए हैं। राजकीय कन्या इंटर कॉलेज, मौलाना आजाद इंटर कॉलेज, खलीलाबाद, नेहरू कृषक इंटर कॉलेज , संतकबीर आचार्य राम बिलास इंटर कॉलेज मगहर, पीबी गर्ल्स इंटर कॉलेज को बनाया गया है।

# बैंक, एटीएम पर चला चेकिंग अभियान

संतकबीरनगर। जिले में सभी थाना और चौकी की पुलिस ने सोमवार को अपने-अपने क्षेत्र में जांच अभियान चलाकर बैंक, एटीएम, सर्राफा बाजार, अन्य प्रतिष्ठानों की चेकिंग की। उनसे संवाद स्थापित करते हुए सतर्कता बरतने की अपील की।

इसके अलावा अपराधियों, उचक्कों के खिलाफ सख्त अभियान चलाया। बैंकों के आस-पास संदिग्ध वाहनों व लोगों की सघन चेकिंग की गई। आम लोगों को टप्पेबाजी व साइबर फ्राड से बचाव के लिए जागरूक किया। पब्लिक अप्रूवल रेटिंग सिस्टम के अंतर्गत जून माह में जनपद संतकबीरनगर पुलिस की कार्यप्रणाली व जनता के प्रति व्यवहार के सम्बन्ध में कराए जा रहे सर्वे के दृष्टिगत क्यू आर कोड स्कैन करवा कर पोल करवाया गया। दुकानों, प्रतिष्ठानों पर क्यूआर कोड को चस्पा कर अधिक से अधिक संख्या में आनलाइन पोल के लिए प्रेरित किया गया।

# श्रावण पर्व की तैयारी को लेकर डीएम-एसपी ने लिया जायजा



तामेश्वरनाथ धाम में तैयारियों का जायजा लेने पहुंचीं डीएम दिव्या मित्तल और एसपी सोनम कुमार ● जागरण

- अधिकारियों ने यहां पर भोले शिवशंकर की पूजा-अर्चना की
- शिवरात्रि पर्व पर जुटने वाली भीड़ के प्रबंधन के लिए दिए दिशा-निर्देश

**जागरण संवाददाता, संतकबीर नगर:** डीएम दिव्या मित्तल व एसपी सोनम कुमार सोमवार को तामेश्वरनाथ धाम पहुंचे। अधिकारियों ने यहां पर भोले शिवशंकर की पूजा-अर्चना की। इसके बाद श्रावण मास व शिवरात्रि पर्व के मद्देनजर चल रही तैयारियों का जायजा लिया। श्रद्धालुओं की सुविधा पर विशेष ध्यान दिए जाने की बात कही। यहां पर जुटने वाली भीड़ के प्रबंधन के लिए दिशा-निर्देश दिए। डीएम व एसपी ने तामेश्वरनाथ में जलाभिषेक के लिए लगने वाली महिला व पुरुषों की कतार, बैरियर व रूट डायवर्जन के बारे में जानकारी प्राप्त की। डीएम ने मेला स्थल के आसपास सीसीटीवी लगवाने, अग्निशमन दल व वालंटियर्स की सेवा लेने के साथ ही खोया-पाया कैंप स्थापित करने के निर्देश दिए। दोनों अधिकारियों ने मेला आयोजकों व स्वयंसेवी संस्थाओं के सदस्यों से बातचीत की। जलाभिषेक करने के लिए यहां पर आने वाले श्रद्धालुओं के आने-जाने वाले मार्ग, विश्राम स्थान, बिजली सहित अन्य बिंदुओं के बारे में वार्ता की। इस अवसर पर एडीएम मनोज कुमार सिंह, एसडीएम खलीलाबाद अजय कुमार त्रिपाठी के साथ ही अन्य लोग उपस्थित रहे।

# केंद्रों पर शुचितापूर्ण कराई जाएगी बीएड प्रवेश परीक्षा

## 4212 अभ्यर्थी पंजीकृत, आधा घंटा पूर्व से मिलेगा प्रवेश, केंद्रों पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट व पर्यवेक्षक रहेंगे मौजूद

जागरण संवाददाता, संतकबीर नगर : जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने कहा कि बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा छह जुलाई को होगी। जनपद के सभी नौ केंद्रों पर दो पालियों में होने वाली परीक्षा शुचितापूर्ण ढंग से कराई जाएगी। परीक्षा के लिए 4212 अभ्यर्थी पंजीकृत हैं। हर केंद्र पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट नियुक्त रहेंगे। इसके साथ केंद्र प्रतिनिधि अधिकारी व प्रशासन और शिक्षा विभाग के पर्यवेक्षक मौजूद रहेंगे। जिलाधिकारी सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में परीक्षा के संबंध में अधिकारियों को बैठक में दिशा-निर्देश दे रही थीं। उन्होंने कहा कि सुबह नौ बजे से 12 बजे तक पहली पाली व दूसरी पाली दिन में दो बजे से पांच बजे तक चलेगी। परीक्षा में आधा घंटे पूर्व से प्रवेश दिया जाएगा। परीक्षार्थी अपने साथ पहचान पत्र व एक पासपोर्ट साइज की फोटो लेकर आएंगे।

केंद्रों की क्षमता के अनुसार ही परीक्षार्थियों का आवंटन होगा। सभी केंद्रों पर पूरी पारदर्शिता से परीक्षा संपन्न कराना है। प्रश्नपत्रों, ओएमआर सीट के साथ ही अन्य महत्वपूर्ण कागजात नामित अधिकारी एवं समन्वयक नोडल की



कलेक्ट्रेट सभागार की बैठक मे मौजूद अधिकारी ●जागरण

- परीक्षार्थी अपने साथ पहचान पत्र व एक पासपोर्ट साइज की फोटो लेकर आएंगे
- जिलाधिकारी ने परीक्षा के संबंध में अधिकारियों को दिया दिशा-निर्देश

देखरेख में कोषागार के डबल लाक में रखा जाएगा। यहां से सुरक्षित केंद्रों पर भेजने में केंद्र प्रतिनिधि जिम्मेदारी निभाएंगे। अपर जिलाधिकारी मनोज कुमार सिंह को नोडल अधिकारी व अपर उप जिलाधिकारी रमेशचंद्र श्रीवास्तव को मजिस्ट्रेट नामित किया गया है। विश्वविद्यालय द्वारा हीरालाल रामनिवास इंटर कालेज खलीलाबाद के प्राचार्य डा. ब्रजेश कुमार त्रिपाठी को नोडल समन्वयक व शासन से उप प्राचार्य डा. प्रताप विजय कुमार को उप नोडल अधिकारी नामित किया गया है। जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी नागेंद्र कुमार सिंह, बीएसए अतुल कुमार तिवारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी डा. श्वेता त्रिपाठी, भूमि संरक्षण अधिकारी सत्येंद्र कुमार तिवारी को दो-दो एवं जिला पंचायत राज अधिकारी राजेंद्र प्रसाद को एक केंद्र पर प्रतिनिधि अधिकारी नियुक्त किया गया है।



बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा को लेकर कलेक्ट्रेट में बैठक करती डीएम दिव्या मितल (मध्य में), एसपी सोनम कुमार (दाएं) व एडीएम मनोज कुमार सिंह (बाएं) ●जागरण

पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार ने कहा कि सभी केंद्रों पर सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध रहेंगे।

जिला विद्यालय निरीक्षक मनमोहन शर्मा ने कहा कि परीक्षा शुरू होने के आधा घंटा बाद प्रवेश नहीं दिया जाएगा। इस बीच जांच के बाद ही अभ्यर्थी को परीक्षा कक्ष में जाने की अनुमति दी जाएगी। दूर-दराज के अभ्यर्थियों का मोबाइल केंद्र के बाहर जमा कराया जाएगा। इस मौके पर नोडल समन्वयक अधिकारी डा. ब्रजेश कुमार त्रिपाठी, सभी केंद्र प्रतिनिधि, स्टेटिक मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापक मौजूद रहेंगे।

# वांछित आरोपित के विरुद्ध पुलिस ने की कार्रवाई

धनघटा, संतकबीर नगर : महुली क्षेत्र के पुतसर निवासी एक वांछित आरोपित के घर पुलिस ने नोटिस चस्पा कर 82 की कार्रवाई की। काली जगदीशपुर पुलिस चौकी के प्रभारी रमजान अली ने बताया कि पुतसर निवासी अनिल कुमार प्रजापति एक मुकदमे में वांछित हैं। न्यायालय के बार-बार नोटिस देने के बाद भी वह न्यायालय में हाजिर नहीं हो रहे हैं, जिसके कारण पुलिस ने सोमवार को धारा 82 की कार्रवाई कर कोरम पूर्ति की है। अगर इसके बाद भी वह हाजिर नहीं होते हैं तो कुर्की की कार्रवाई पुलिस करेगी। (जासं)

# डीएम और एसपी ने मेले की तैयारियों को परखा



तामेश्वरनाथ धाम में निरीक्षण करते डीएम और एसपी। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

संतकबीरनगर। 11 जुलाई से शुरू होने वाले वाले श्रवण मास के दौरान तामेश्वरनाथ मंदिर में जलाभिषेक को लगने वाले भीड़ व मेला को देखते हुए सोमवार को डीएम दिव्या मित्तल और एसपी सोनम कुमार ने निरीक्षण किया। इस दौरान तामेश्वरनाथ धाम में विधिवत पूजा-अर्चना करने के बाद शिवरात्रि पर्व की तैयारियों की जानकारी ली।

डीएम दिव्या मित्तल ने कहा कि शिवरात्रि पर्व पर यहां पर मेला लगता है। इसके साथ ही जलाभिषेक को लेकर काफी भीड़ होती है। ऐसे में मंदिर में आने वाले श्रद्धालओं की सुरक्षा व्यवस्था व भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पूरी व्यवस्था कर ली जाए। डीएम ने

## तामेश्वनाथ मंदिर का किया निरीक्षण, दिए दिशा-निर्देश

जलाभिषेक के लिए लगने वाली लाइन की बैरिकेटिंग व रूट डायवर्जन के बारे में जानकारी ली। डीएम ने मेला स्थल के आसपास सीसीटीवी लगवाने, अग्निशमन दल व वालेंटियर्स की सेवा लेने के साथ ही खोया पाया कैंप आदि स्थापित करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर एडीएम मनोज कुमार सिंह, एसडीएम सदर अजय कुमार तिवारी समेत अन्य मौजूद थे। उन्होंने मेला आयोजकों व स्वयंसेवी संस्थाओं के सदस्यों से बात चीत कर जलाभिषेक करने वाले श्रद्धालुओं के आवागमन मार्ग, विश्राम स्थान, भोजन व्यवस्था व बिजली आदि से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की।

# वकील पर जानलेवा हमला करने का एक आरोपी गिरफ्तार

संतकबीरगर। धनघटा पुलिस ने हत्या के प्रयास और लूट के मामले में एक आरोपी को सोमवार को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी को पुलिस ने जेल भेज दिया। जबकि अन्य आरोपियों की तलाश में पुलिस जुटी हुई है।

बहराड़ाडी निवासी अधिवक्ता अवधधारी शर्मा का आरोप है कि 27 जून की शाम वह खलीलाबाद से अपने साथी गांव निवासी पवन नायक के साथ बाइक से घर लौट रहे थे। गांव के पास तिघरा पुलिया के करीब पहुंचे ही थे। उसी दौरान पहले से घात लगा कर बैठे कुछ लोग लाठी-डंडों से उन पर और साथी पर हमला कर दिया। उसके बाद हमलावर फायर किए। जिससे गोली अधिवक्ता के दाहिने हाथ में लगी। हमलावरों की मार से अधिवक्ता और उसके साथी अचेत होकर गिर गए। आरोप है कि हमलावर दस हजार रुपये भी लूट ले गए। पीड़ित अधिवक्ता ने इस मामले में पूर्व प्रधान अमरजीत यादव समेत छह नामजद और दो अज्ञात के खिलाफ हत्या के प्रयास और लूट का केस दर्ज कराया था। एसओ केडी सिंह ने बताया कि नामजद आरोपी सुरेंद्र यादव पुत्र अमरजीत यादव निवासी बहराडाड़ी को जेल भेज दिया गया है। शेष आरोपियों की गिरफ्तारी का प्रयास जारी है। संवाद

# कोर्ट में उपस्थित नहीं हुए तो होगी कुर्की की कार्रवाई

## पुत्सर गांव में आरोपी के घर पर नोटिस चस्पा कराया

संवाद न्यूज एजेंसी

धनघटा। महुली पुलिस ने सोमवार को न्यायालय के आदेश पर पुत्सर गांव में आरोपी के घर पर नोटिस चस्पा कराया। गांव मं डुग्गी- मुनादी भी कराई। कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत नहीं होने पर आरोपी के घर की कुर्की की कार्रवाई करने की चेतावनी भी दिया।

चौकी प्रभारी काली जगदीशपुर रमजान अली ने बताया कि कुछ माह पूर्व पुत्सर गांव निवासी अनिल कुमार प्रजापति के खिलाफ एक व्यक्ति ने विश्वास हनन का मुकदमा दर्ज कराया था। इस मामले में कोर्ट के जरिए कई बार समन भेजकर तलब किया गया, लेकिन आरोपी अनिल कोर्ट में उपस्थित नहीं हुए। आरोपी ने आदेश का उल्लंघन किया।



पुतसर गांव में आरोपी के घर पर नोटिस चस्पा करती महुली पुलिस। संवाद

कोर्ट के आदेश पर आरोपी अनिल के घर डुग्गी मुरादी कराते हुए 82 सीआरपी की नोटिस चस्पा करा दी गई। ग्रामीणों को भी जानकारी दी गई। चौकी प्रभारी रमजान अली ने बताया कि कोर्ट की निर्धारित तिथि में अनिल कुमार के पेश नही होने पर उनके खिलाफ कुर्की की कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर कांस्टेबल शरद राय, एसआई नत्थू प्रसाद आदि मौजूद रहे।

# कुर्बानी को लेकर मुसहरा में सतर्क हुआ प्रशासन

## वर्ष 2007 में गांव में हुआ था विवाद, पुलिस ने 33 लोगों को शांतिभंग में किया है पाबंद

संवाद न्यूज एजेंसी

धर्मसिंहवा। संवेदनशील गांव मुसहरा में बकरीद का पर्व शांतिपूर्वक निपट सकें, इसे लेकर प्रशासन ने तैयारी शुरू कर दिया है। पुलिस ने अब तक 33 लोगों को शांतिभंग की आशंका में पाबंद किया है। इसके साथ ही साथ गांव में पैनी नजर बनाए हुए हैं।

वर्ष 2007 में परंपरा न होने के बावजूद एक पक्ष के जरिए कुर्बानी का त्योहार मनाने से दूसरे पक्ष ने जमकर बवाल काटा था। गांव में आगजनी और लूटपाट की घटनाएं हुई थीं। जिस पर पुलिसकर्मियों सहित अन्य अधिकारियों पर भी कार्रवाई की गई थी। तत्कालीन समय में धर्मसिंहवा थाना जनपद सिद्धार्थनगर के अंतर्गत आता था।

एक पक्ष के अनुसार गांव में कुर्बानी मनाए जाने की परंपरा नहीं थी, पर कुछ लोगों के बहकावे में आकर दूसरे पक्ष के लोगों ने जबरिया कुर्बानी का त्यौहार मना लिया था। जिस पर दूसरे पक्ष के लोग उग्र हो गए थे और जमकर बवाल हुआ था। तब से प्रदेश स्तर के उच्च अधिकारी इस पर्व पर मुसहरा गांव का जायजा लेते हैं। प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार ने बताया कि मुसहरा गांव में शांति व्यवस्था को लेकर 33 लोगों को भारी मुचलके में शांतिभंग में पाबंद किया गया है।

पर्व से पहले सुरक्षा को लेकर सारी तैयारियां कर ली गई हैं। गांव में आवश्यकतानुसार पुलिस बल तैनात किया जाएगा।



मुसहरा गांव मे शांति कमेटी की बैठक करते एसडीएम। संवाद

### परंपरागत तरीके से मनाए कुर्बानी का पर्व : एसडीएम

धर्मसिंहवा। सोमवार को एसडीएम मेंहदावल की अध्यक्षता में मुसहरा गांव में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में गांव के लोगों से परंपरा को ध्यान में रखते हुए पर्व मनाने की अपील की गई। एसडीएम योगेश्वर सिंह ने कहा कि पूर्व की भांति इस बार भी लोगों को मुसहरा गांव में पर्व मनाना है। किसी भी प्रकार की गड़बड़ी की सूचना मिले तो स्थानीय पुलिस को सूचना दें। क्षेत्राधिकारी अंबरीष भदौरिया ने कहा कि सुरक्षा को लेकर गांव में पुलिस बल तैनात रहेगी। किसी के जरिए अगर गड़बड़ी फैलाने की कोशिश की गई तो उस पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक में प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार, चौकी प्रभारी बौरव्यास अमित चतुर्वेदी, प्रधान श्रीचंद निषाद, नागेंद्र सिंह, मोहम्मद सिद्दीक, अब्दुल खालिक, बहरैची, नईम आदि मौजूद थे। संवाद

# नौ केंद्रों पर होगी बीएड प्रवेश परीक्षा, 4212 परीक्षार्थी होंगे शामिल

## छह जुलाई को होने वाली बीएड प्रवेश परीक्षा को लेकर डीएम ने की बैठक, एक जोनल व चार मजिस्ट्रेट की तैनाती, दो सचल दल बनाए गए

संवाद न्यूज एजेंसी

संतकबीरनगर। बीएड की प्रवेश परीक्षा जिले में छह जुलाई को होगी। परीक्षा को सकुशल संपन्न कराने को लेकर डीएम दिव्या मित्तल ने सोमवार के अधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक की। उन्होंने बीएड की प्रवेश परीक्षा को सकुशल, सुचिता पूर्ण, नकलविहीन व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिया।

डीएम दिव्या मित्तल ने कहा कि बीएड की प्रवेश परीक्षा जिले के सात विद्यालयों में बनाए गए नौ केंद्रों पर होगी। इसमें कुल 4212 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा नकलविहीन, सुचिता पूर्ण और सख्ती के बीच हो और जो भी कमी हो उसे तत्काल पूर्ण करा लिया जाए। उन्होंने कहा कि सभी केंद्र व्यवस्थापक यह सुनिश्चित करेंगे कि बिना पहचान पत्र के कोई भी कक्ष निरीक्षक ड्यूटी पर न रहे। ड्यूटी पर लगाए गए सभी मजिस्ट्रेट मंगलवार को निरीक्षण करके सभी केंद्रों पर तैयारियों को देख लें। परीक्षा केंद्र के बाहर 100 मीटर की परिधि में कोई भी फोटो कॉपी की दुकानें नहीं खुली रहनी चाहिए। एसपी सोनम कुमार ने बीएड प्रवेश परीक्षा के संबंध में सभी केंद्र व्यवस्थापक एवं प्रधानाचार्यों को आश्वस्त किया कि परीक्षा को सकुशल, सुचितापूर्ण, नकलविहिन व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए पर्याप्त संख्या में पुलिस बल मौजूद रहेगी। एडीएम मनोज कुमार सिंह ने कहा कि परीक्षा सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में होगी। परीक्षा में प्रत्येक केंद्र का प्रभारी जनपद स्तरीय अधिकारी को बनाया गया है। परीक्षा की निगरानी के लिए दो सचल दल गठित किया है, सभी सचल दल में पांच-पांच सदस्य हैं। परीक्षा को सकुशल संपन्न कराने के लिए एक जोनल और चार सेक्टर मजिस्ट्रेट बनाए गए हैं। डीआईओएस मनमोहन शर्मा ने कहा कि जिले में परीक्षा के लिए सात विद्यालयों में कुल नौ केंद्र बनाए गए हैं। जिसमें एचआर इंटर कॉलेज खलीलाबाद और एचआरपीजी कॉलेज में दो-दो केंद्र बनाए गए हैं। इसके अलावा राजकीय कन्या इंटर कॉलेज खलीलाबाद, मौलाना आजाद इंटर कॉलेज खलीलाबाद, नेहरू कृषक इंटर कॉलेज खलीलाबाद, संतकबीर आचार्य राम विलास इंटर कॉलेज मगहर, पीबी गर्ल्स इंटर कॉलेज खलीलाबाद को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। उन्होंने बताया कि नौ अधिकारियों की ड्यूटी केंद्र प्रतिनिधि के रूप में लगाई गई है, वहीं नौ अधिकारियों को बतौर स्टैटिक मजिस्ट्रेट लगाया गया है। इस अवसर पर नोडल अधिकारी डॉ. ब्रजेश कुमार त्रिपाठी समेत सभी केंद्र व्यवस्थापक व संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।





बीएड प्रवेश परीक्षा की तैयारी को लेकर कलेक्ट्रेट में आयोजित बैठक को संबोधित करती डीएम। - संवाद

# GONDA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 05-07-2022

# इटियाथोक पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी को धर दबोचा

## कार्रवाई

**मेहनौन, संवाददाता।** लड़की का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को कोतवाली इटियाथोक पुलिस ने गिरफ्तार कर मुकदमा दर्ज किया है।

कोतवाली इटियाथोक के एक गांव के रहने वाला राजकुमार उर्फ मंत्री पांच दिन पूर्व गांव की एक युवती का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म कर फरार हो गया था। पीड़ित परिवार ने इसकी सूचना कोतवाली इटियाथोक को दी थी। युवती का अपहरण और उसके साथ दुष्कर्म जैसी घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली इटियाथोक पुलिस ने आरोपी को पकड़ने के लिए उसके कई ठिकानों पर छापा भी मारा। मामले में फरार चल रहे मुख्य आरोपी राजकुमार उर्फ मूसे दूसरे प्रदेश में भागने के लिए मुंडेरवामाफी पहुंचा था। कोतवाली इटियाथोक पुलिस को इसके भागने की सूचना मिली।

पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए युवती का अपहरण और उसके साथ दुष्कर्म करने वाले मुख्य आरोपी को मुड़ेरवामाफी कोतवाली इटियाथोक से गिरफ्तार कर लिया। प्रभारी निरीक्षक इटियाथोक करुणाकर पाण्डेय ने बताया मामले में मुख्य आरोपी राजकुमार उर्फ मूसे के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

# नकब लगाकर चोरी करने वाला दबोचा

रुपईडीह। मल्लापुर में एक किराने की दुकान पर कुछ लोगों ने नकब लगाकर 55 सौ रुपए नगद व भारी मात्रा में खाद्य सामग्री उठा ले गए। इसकी जानकारी होने पर इधर उधर खोजबीन शुरू की। लोगों ने बताया कि पुल के नीचे कुछ लोग सामान बांट रहे हैं। जिस पर एक व्यक्ति को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया जबकि अन्य लोग भागने में सफल रहे।

कौड़िया थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत गौसिया के मजरा तुर्कपुरवा के निवासी सुरेश कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि मल्लापुर स्थित उसके किराने की दुकान में चोरों ने भारी नुकसान पहुंचाया है।

# किशोरी को भगाने का आरोपी पकड़ा

नवाबगंज, संवाददाता। थाना क्षेत्र के माझाराठ गांव से 13 अप्रैल को नाबालिग किशोरी को बहला फुसला कर भगाए जाने के मामले में आरोपित किए गए चार लोगों में से एक आरोपी की गिरफ्तारी सोमवार को पुलिस ने की है। जबकि घटना का मुख्य आरोपी अभी भी पुलिस की पकड से दूर है।

घटना के लगभग दो माह बीत जाने के बाद भी पुलिस अपहृत किशोरी को बरामद नही कर पाई है। दो दिन पूर्व किशोरी के पिता ने एसपी को पत्र देकर बेटी के हत्या कर दिए जाने की आशंका जताई थी। पूर्व मे पीड़िता के पिता से लड़की के बरामदगी के लिए पुलिस द्वारा 25000 रूपए की उगाही का एक आडियो वायरल हो जाने पर पुलिस की किरकिरी भी हो चुकी है।

# सद्भाव कायम रखने की पुलिस ने की अपील

गोण्डा। सम्पूर्णानंद प्रेक्षागृह में सोमवार को पुलिस ने एक बैठक कर लोगों से शांति कायम रखने की अपील की। त्योहारों के मद्देनजर बैठक में नगर पालिका और क्षेत्र के गणमान्य लोग शामिल हुए। सीओ सदर लक्ष्मीकांत गौतम ने कहा कि बकरीद के मद्देनजर लोग सौहार्द से रहें। इस दौरान नगर कोतवाल पंकज सिंह, पूर्व चेयरमैन कमरुद्दीन समेत शहर के गणमान्य लोग शामिल रहे।

# पुरानी रंजिश में जमकर हुई मारपीट, केस दर्ज

रुपईडीह। कौड़िया थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत छिरास के निवासी विपिन शुक्ला ने पुलिस को एक शिकायती पत्र देकर कहा कि पुरानी रंजिश को लेकर गांव के कुछ लोगों ने घर में घुसकर मारपीट की। घर की महिलाओं के मना करने पर उनसे अभद्रता की। थानाध्यक्ष कौडिया मदन लाल गौतम ने बताया कि पुरानी रंजिश को लेकर दोनों पक्षों में मारपीट हुई है।

# बेहोश पड़ी बुजुर्ग महिला का इलाज कराया

करनैलगंज। नगर पुलिस चौकी के पुलिसकर्मियों ने मानवता की अनोखी मिसाल पेश करते हुए सड़क किनारे बेहोश पड़ी एक बुजुर्ग महिला का इलाज कराने के बाद उनके परिजनों को सुपुर्द कर दिया। बुजुर्ग महिला सुशीला 70 वर्ष पत्नी ज्वाला प्रसाद ग्राम काशीपुर की रहने वाली थी। जो कि अपने मायके शिवगढ़ गयी थी। जहां से वापस अपने घर काशीपुर आ रही थी। तेज धूप व प्यास लगने के चलते मौर्य नगर चौराहे पर वह बेहोश हो गयी थी।

# साथी से दुर्व्यवहार पर सभासदों ने सौंपा ज्ञापन

- मालवीयनगर में पानी कनेक्शन देने का मामला
- सभासद ने कोतवाली नगर में दी तहरीर

गोण्डा, संवाददाता। मालवीयनगर सभासद पवन श्रीवास्तव से दुर्व्यवहार पर साथी सभासदों ने कोतवाल को ज्ञापन सौंपा है। वहीं सभासद पवन श्रीवास्तव की ओर से एक व्यक्ति व उसके बेटों के विरुद्ध तहरीर दी गई है। पत्र में अपशब्द कहने व धमकी देने के गंभीर आरोप मढ़े हैं।

कोतवाल पंकज सिंह ने बताया कि मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामला मालवीयनगर में पानी कनेक्शन देने को लेकर है। आरोप है कि मोहल्ले के एक दबंग एक गड्ढे से अपना कनेक्शन जबरन जुड़वाने के लिए पालिका कर्मियों पर दबाव बना रहे थे। जिस पर मौके पर पहुंचे सभासद ने नियमों का हवाला देते हुए दूसरे गड्ढे से कनेक्शन लेने की बात कही तो आग बबूला होकर अपशब्द कहे और धमकी दी। सभासदों में पवन श्रीवास्तव के साथ कुन्नू जायसवाल, आशीष मोदनवाल, अलंकार सिंह, विकास जायसवाल, डब्बू श्रीवास्तव व दानिश रहे।



सोमवार को सरयू घाट चौकी टीम के साथ जायजा लेते डीआईजी। ● हिन्दुस्तान

# डीआईजी ने सरयू तट का लिया जायजा

नवाबगंज। देवीपाटन मंडल के पुलिस महानिरीक्षक डा. उपेन्द्र अग्रवाल सोमवार शाम नवाबगंज थाने सरयू घाट पुलिस चौकी टीम के साथ कटरा शिवदयालगंज बाजार में पैदल गश्त पर निकले, चौकी से कटरा तिराहा होते टिकरी मोड़ तक भ्रमण करने के बाद जिला मुख्यालय के लिए रवाना हो गए। सावन में पड़ने वाले कांवर यात्रा की सुरक्षा की तैयारियों का जायजा लिया।

# मतांतरण के लिए बना रहे थे दबाव, पांच गिरफ्तार

संसू, कर्नलगंज(गोंडा): गौरासिंहपुर गांव में ईसाई मिशनरी के सदस्यों पर मतांतरण के लिए दबाव बनाने का आरोप लगा है। प्रकरण में सात के खिलाफ मुकदमा करके पांच को गिरफ्तार किया गया है। अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम को लगाया गया है।

ग्राम तरहटा के राजू तिवारी ने पुलिस से शिकायत की थी। कहा था कि डा. नरेश, हैप्पी, राजिंदर, विष्णु, मिथिलेश, सुरेश व लालमोहन लंबे समय से ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को ईसाई धर्म स्वीकार करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। तरह-तरह का भय व लालच दिखाकर ईसाई धर्म स्वीकार करने का दबाव भी बनाते हैं। बताया गया कि रविवार को ग्राम गौरासिंहपुर के प्यारेलाल के यहां एकत्र होकर वे ग्रामीणों पर ईसाई धर्म स्वीकार करने का दबाव बना रहे थे। कोतवाल सुधीर कुमार सिंह ने कहा कि भंभुआ पुलिस चौकी प्रभारी वेदप्रकाश शुक्ल ने बाराबंकी जिले के दरियाबाद के शिवदयाल, श्रावस्ती के पूरे गंगाराम के विजय कुमार राजभर, बहराइच के मुर्तिहा के हंसनाथ, गौरासिंहपुर गांव के मिथिलेश व सुरेश को गिरफ्तार किया है।

# भाजपा सभासद से अभद्रता, हत्या की धमकी

## पानी का कनेक्शन जोड़ने से रोकने पर मिली धमकी कोतवाली में जुटे सभासद

संसू, गोंडा: पानी का कनेक्शन लेने से मना करने पर मालवीय नगर के भाजपा सभासद पवन कुमार को धमकी देने का मामला सामने आया है। प्रकरण में सभासदों ने कोतवाली में एकत्र होकर आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी शुरू कर दी है।

कोतवाली नगर के मालवीय नगर सभासद पवन कुमार का कहना है कि सोमवार को बैंक आफ इंडिया के पास एक अन्य व्यक्ति को पानी का कनेक्शन देने के लिए लाइन खोदी गई थी। मुहम्मद खलील व उनके बेटे मौके पर पहुंचकर खुद का कनेक्शन कराने लगे। सभासद ने जब इसका विरोध किया। उन्होंने कहा कि नियमानुसार कनेक्शन दिया जाएगा तो उन लोगों ने सभासद से अभद्रता शुरू कर दी। आरोप लगाया गया है कि आरोपितों ने कहा कि ज्यादा भाजपाई बनोगे तो तुम्हारा भी हाल....कर देंगे। इसके बाद सभासद ने भागकर जान बचाई। इसकी जानकारी पुलिस को दी गई। नगर कोतवाल पंकज सिंह ने बताया कि प्रकरण संज्ञान में है। मुकदमा करके आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए टीम का गठन किया गया है।



सभासद पवन कुमार को धमकी के मामले में कोतवाली में एकत्र सभासद ● जागरण

**कोतवाली में जुटी भीड़:** मालवीय नगर के सभासद पवन कुमार को धमकी की खबर मिलते ही कोतवाली नगर में सभासदों की भीड़ जुट गई। बड़गांव सभासद शेष चौरसिया, कुन्नू जायसवाल, आशीष मोदनवाल, अलंकार सिंह, विकास जायसवाल, डब्बू श्रीवास्तव ने इस मामले में तत्काल कार्रवाई की मांग की है। साथ ही इसको लेकर पुलिस अधिकारियों से भी बात की।

**पहले भी सभासदों को मिल चुकी है धमकी:** इससे पहले पटेलनगर की भाजपा सभासद वंदना जायसवाल के घर पर पथराव का मामला सामने आ चुका है। वीडियो वायरल होने के बाद इस मामले में कार्रवाई भी की गई थी। महारानीगंज सभासद के घर पर हथगोला भी फेंका गया था।

# किशोरी की गुमशुदगी के मामले में एक गिरफ्तार

**नवाबगंज (गोंडा)।** थाना क्षेत्र के एक गांव से करीब ढाई महीना पहले किशोरी के लापता होने के मामले में अमर उजाला में खबर छपने के बाद कार्रवाई करते हुए पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अभी किशोरी व मुख्य आरोपी को तलाश नहीं पाई है।

क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी 13 अप्रैल की रात संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई थी। पीड़ित ने आरोपी मन्ना निषाद, अनिल निषाद उर्फ मांगू तथा तीन अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था लेकिन पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं कर पा रही थी। इस दौरान आरोपियों के परिजनों द्वारा पीड़ित को सुलह करने की बराबर धमकी भी दी जाती रही। पीड़ित अपनी पुत्री की हत्या की आशंका जता रहे हैं। इस संबंध में अमर उजाला में तीन जुलाई को 'लापता किशोरी के परिजनों ने जताई हत्या की आशंका' शीर्षक से खबर प्रकाशित की। इसके बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी अनिल निषाद उर्फ मांगे निवासी माझा राठ को गिरफ्तार कर लिया। वहीं न तो मुख्य आरोपी पकड़ा गया और न ही किशोरी का पता चल पाया। (संवाद)

# दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**इटियाथोक (गोंडा)।** दुष्कर्म करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है। इटियाथोक के ग्राम मझौवा निवासी राजकुमार उर्फ मूसे ने पांच दिन पूर्व एक युवती का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म किया था। पीड़िता के परिजन ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने आरोपी राजकुमार उर्फ मूसे को बहराइच रोड स्थित मुंडेरवा माफी से सोमवार सुबह गिरफ्तार कर लिया। इंस्पेक्टर करुणाकर पांडेय ने बताया कि दुष्कर्म का आरोपी भागने की फिराक में था, तभी उसे दबोच लिया गया। (संवाद)

# किशोरी से दुष्कर्म आरोपी गिरफ्तार

**तरबगंज (गोंडा)।** क्षेत्र के एक गांव में शौच के लिए गई दलित किशोरी से दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है। विरोध करने पर आरोपी ने किशोरी की पिटाई भी कर दी। पुलिस ने पीड़िता के पिता की तहरीर पर केस दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया है।

तरबगंज के एक गांव निवासी पीड़िता के पिता ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा कि शनिवार देर रात उसकी नाबालिग बेटी शौच के लिए गई थी। जहां एक युवक ने उसे पकड़ लिया और उसके साथ दुष्कर्म किया। किशोरी के विरोध करने पर आरोपी उसे पीटकर भाग गया। पीड़िता ने घर पहुंचकर परिजनों को जानकारी दी। इसके बाद यूपी 112 के नंबर पर शिकायत की गई।

तरबगंज इंस्पेक्टर मनोज कुमार पाठक ने बताया कि पीड़िता के पिता की तहरीर पर आरोपी अरुण कुमार द्विवेदी के खिलाफ दुष्कर्म, एससी/एसटी एक्ट सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। किशोरी को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा गया है। (संवाद)

# धर्म परिवर्तन कराने में पांच गिरफ्तार

**करनैलगंज (गोंडा)।** ग्राम गौरासिंह पुर में धर्म परिवर्तन कराने का मामला सामने आया है। पुलिस ने सात लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर पांच को गिरफ्तार किया है।

क्षेत्र के ग्राम तरहटा निवासी राजू तिवारी ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा कि कुछ लोग क्षेत्र के ग्रामीणों को ईसाई धर्म स्वीकार करने के लिए लालच देने के साथ ही बहला-फुसला व धमका रहे हैं। रविवार को ग्राम गौरासिंह पुर निवासी एक व्यक्ति के यहां उक्त लोगों ने एकत्र होकर ग्रामीणों पर ईसाई धर्म अपनाने का दबाव बनाया। कोतवाल सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि शिवदयाल निवासी दरियाबाद बाराबंकी, विजय राजभर निवासी ग्राम पूरे गंगाराम श्रावस्ती, हंशनाथ निवासी मुर्तिहा बहराइच, मिथिलेश व सुरेश निवासी ग्राम गौरासिंहपुर को गिरफ्तार किया गया है। संवाद

# डीआईजी ने परखीं कांवड़ यात्रा की तैयारियां

## शिवदयालगंज में पैदल गश्त कर सुरक्षा-व्यवस्था का लिया जायजा

संवाद न्यूज एजेंसी

**नवाबगंज (गोंडा)।** देवीपाटन मंडल के डीआईजी उपेंद्र अग्रवाल ने सोमवार को पैदल गश्त कर सुरक्षा-व्यवस्था का जायजा लिया। वहीं, कोरोना काल के कारण तीनों वर्ष बाद इस बार फिर कांवड़ यात्रा को लेकर प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। आगामी 24 जुलाई से शुरू होने वाली कांवड़ यात्रा में लाखों शिव भक्त जलाभिषेक करने जाते हैं।



नवाबगंज में सोमवार को पुलिस फोर्स के साथ गश्त करते डीआईजी। -संवाद

डीआईजी उपेंद्र अग्रवाल ने सोमवार को शिवदयालगंज स्थित सरयू घाट पहुंचकर चौकी प्रभारी अभिषेक पांडेय से कांवड़ यात्रा से संबंधित तैयारियों और समस्याओं के बारे में जानकारी ली। थानाध्यक्ष नवाबगंज तेज प्रताप सिंह को आवश्यक निर्देश दिए। डीआईजी ने पुलिस बल के साथ लगभग एक किलोमीटर पैदल गश्त की। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था के साथ-साथ शिवभक्त जिस मार्ग से जलाभिषेक के लिए जाएंगे, उसका भी जायजा लिया। उन्होंने बताया कि कांवड़ यात्रा को लेकर सुरक्षा व्यवस्था और शिवभक्तों की सुविधा के लिए व्यापक इंतजाम किए जा रहे हैं।

BALRAMPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 05-07-2022



थाना कोतवाली देहात में पीस कमेटी बैठक में मौजूद क्षेत्राधिकारी व थानाध्यक्ष।

# विवाद करने वालों होगी कार्रवाई: सीओ

बलरामपुर। त्योहार शांति पूर्वक मनाएं। जिला प्रशासन पूरे तरीके से मुस्तैद है। गड़बड़ी व विवाद करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उप निरीक्षक अपने-अपने क्षेत्रों में नजर बनाए रखें। यह बातें पीस कमेटी की बैठक में क्षेत्राधिकारी वरुण मिश्रा ने कही। सीओ सोमवार को थाना कोतवाली देहात में ईद-उल-फितर त्योहार को लेकर पीस कमेटी की बैठक कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधि पुलिस का सहयोग करें।

# बैंकों में संदिग्धों से की गई पूछताछ

महराजगंज तराई। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर थाना महाराजगंज कस्बा के थाना इंचार्ज अशोक कुमार सिंह व उप निरीक्षक दिग्विजय यादव व पुलिसकर्मियों ने क्षेत्र के बैंकों का भ्रमण कर जायजा लिया। बैंक के आसपास मिले संदिग्ध व्यक्तियों की आईडी देखकर पूछताछ किया गया। बैंक में महिला खाताधारकों से वार्ता कर नारी सुरक्षा के बारे में भी जानकारी दी गई। बैंक के अंदर लगे सीसीटीवी कैमरे की बारीकी से निगरानी की गई।

महाराजगंज थाना के उप निरीक्षक दिग्विजय यादव ने क्षेत्र में भ्रमण कर महाराजगंज में संचालित प्रथमा ग्रामीण बैंक, इलाहाबाद बैंक, व कौवापुर में संचालित भारतीय स्टेट बैंक पहुंचकर सीसीटीवी कैमरे, अलार्म व ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों का जायजा लिया।

# छेड़छाड़ के आरोपित की जमानत निरस्त

**संवादसूत्र, बलरामपुर** : अपर सत्र न्यायाधीश महेंद्र नाथ ने नाबालिग से छेड़छाड़ करने के आरोपित का जमानत प्रार्थना पत्र खारिज कर दिया है। अपर शासकीय अधिवक्ता पवन शुक्ल ने बताया कि पचपेड़वा क्षेत्र में एक घर में घुसकर नाबालिग लड़की के साथ सलमान ने छेड़खानी की थी। विरोध करने पर मारपीट की। पीड़िता की मां की तहरीर पर 16 फरवरी पुलिस ने आरोपित को जेल भेज दिया। जमानत प्रार्थना पत्र में कहा गया कि प्राथमिकी गलत दर्ज कराई गई है। घटना का कोई गवाह भी नहीं है। सरकारी वकील ने जमानत का विरोध करते हुए कहा कि पीड़िता ने रूबरू अदालत बयान में घटना का समर्थन किया है। न्यायाधीश ने घटना अत्यंत गंभीर मानते हुए जमानत निरस्त कर दी।

# चोरी के दो बकरों संग तीन अभियुक्त गिरफ्तार

**संवादसूत्र, बलरामपुर :** उतरौला कोतवाली पुलिस ने चोरी के दो बकरों के साथ फत्तेपुर गांव निवासी बाबू रजा, रियाज व अनवर रजा को गिरफ्तार किया है। अपर पुलिस अधीक्षक नम्रिता श्रीवास्तव ने बताया कि बकरे चोरी होने की शिकायत पर पुलिस चोरों की तलाश कर रही थी।

# जेसीबी चलाकर नाले की जमीन से हटवाया गया अतिक्रमण




श्रीदतगंज के खरदौरी में जेसीबी से हटाया जा रहा अतिक्रमण ● जागरण

**संवादसूत्र, श्रीदत्तगंज (बलरामपुर) :** खरदौरी समेत अन्य गांवों से बारिश का पानी निकालने के लिए सोमवार को उपजिलाधिकारी संतोष ओझा ने जेसीबी से नाला की खोदाई करा दी। नाला पाट कर पक्का निर्माण कर लिया गया था। इससे बारिश होने पर जलभराव हो जाता था। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत जिलाधिकारी श्रुति से की थी। डीएम के निर्देश पर एसडीएम ने अतिक्रमण हटवाते हुए नाला की पुनः खोदाई करा दी।

ग्रामीण फूलचंद, रामेंद्र प्रसाद, कल्लू व बुधई समेत अन्य ने बताया कि श्रीदत्तगंज बाईपास के पास लेखपाल ब्रह्मानंद ने मकान बनाकर नाला पाटकर कब्जा कर लिया था। इससे पानी का निकास बंद हो गया था। बताया कि खरदौरी व आसपास गांव का पानी नाला के रास्ते बाईपास मार्ग पर बने पुल से होते हुए आगे निकल जाता था, लेकिन पाट देने से पानी का बहाव बंद हो गया था। सड़क किनारे व गांव के पास जलभराव रहता था। एसडीएम ने बताया कि नाला की खोदाई कराकर कब्जा हटवा दिया गया है। लेखपाल को पुनः कब्जा न करने की हिदायत दी गई है।

# अराजकता फैलाने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई

**रेहरा बाजार।** स्थानीय थाना परिसर में सोमवार को पीस कमेटी की बैठक की गई। इस दौरान अराजकता फैलाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की चेतावनी भी दी गई। एसडीएम उतरौला संतोष कुमार ओझा व सीओ उदयराज सिंह ने पीस कमेटी की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि वध प्रतिबंधित जानवरों की कुर्बानी कतई न करें। सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में चौकी इंचार्ज पेहर शमशाद अली व चौकी इंचार्ज हुसैनाबाद तेज नरायन गुप्ता सहित क्षेत्र के तमाम गणमान्य लोग मौजूद रहे। (संवाद)

BAHRAICH POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 05-07-2022

# छुट्टा गोवंश को विद्यालय में बंदकर जड़ा ताला

## अधिकारियों ने छुड़ाकर गो आश्रय स्थल पहुंचाया, कई बार शिकायत कर चुके थे ग्रामीण

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**जरवलरोड (बहराइच)।** छुट्टा गोवंश के आतंक से तंग आकर सोमवार को जरवलरोड थाना क्षेत्र में ग्रामीणों ने छुट्टा गोवंश को एक विद्यालय में बंद कर बाहर से ताला लगा दिया। इसके बाद प्रदर्शन किया। इस वजह से विद्यालय की पढ़ाई बाधित रही।

सूचना पर पुलिस, नायब तहसीलदार व बीडीओ मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझाया। इसके बाद विद्यालय में बंद गोवंश को गो आश्रय स्थल भिजवाया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि कई बार शिकायत के बाद भी अधिकारी किसानों की समस्या पर ध्यान नहीं दे रहे थे जिसके चलते यह कदम उठाना पड़ा।सोमवार को ग्राम पंचायत, जुमेरपुर के ग्रामीण छुट्टा गोवंश को इकट्ठा का सुबह लगभग साढ़े सात बजे प्राथमिक विद्यालय, सपसा पहुंचे और उन्हें बंद कर दिया। सूचना पर नायब तहसीलदार विजय कुमार, बीडीओ, जरवल एसपी पांडेय आदि मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझा-बुझाकर गोवंश को मुक्त कराया और गो आश्रय स्थल पहुंचा दिया। बीडीओ ने बाकी छुट्टा गोवंश को भी आश्रय स्थल भेजने की बात कही। इसके बाद ग्रामीण शांत हुए। खंड शिक्षाधिकारी संतोष सिंह ने बताया कि इस घटनाक्रम के चलते विद्यालय में पढ़ाई बाधित रही।



विद्यालय के बाहर इकट्ठा ग्रामीण और मौके पर मौजूद अधिकारी। -संवाद

### बाकी मवेशी भी पहुंचेंगे आश्रय स्थल

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि रखवाली के बाद भी छुट्टा गोवंश फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। इस संबंध में कई बार अधिकारियों से शिकायत के बाद भी सुनवाई नहीं हुई। वहीं, कुछ ग्रामीणों ने बताया कि विधानसभा चुनाव के दौरान प्रधानमंत्री ने किसानों को छुट्टा मवेशियों की समस्या से निजात दिलाने की बात कही थी, लेकिन अधिकारी इस पर अमल नहीं कर रहे हैं। मामले में बीडीओ, एसपी पांडेय ने कहा कि ग्रामीणों को समझाकर गोवंश को गोआश्रय स्थल भिजवा दिया है। कर्मचारियों को बाकी छुट्टा गोवंश को भी आश्रय स्थल भिजवाने के निर्देश दिए हैं।

# संदिग्ध रक्त मिलने पर ब्लड सेंटर सील

**कार्रवाई**

**बहराइच, संवाददाता।** लखनऊ एसटीएफ के हाथ चढ़े नकली खून के सौदागरों से जुड़ी सौदेबाजी की कड़ी बहराइच के रिसिया स्थित हसन हॉस्पिटल के ब्लड सेंटर तक पहुंच गई है। औषधि विभाग की टीम ने ब्लड सेंटर की पांच घंटे तक जांच की। सेंटर में संरक्षित ब्लड संदिग्ध पाया गया है। सैंपल जांच को लखनऊ प्रयोगशाला भेज कर सेंटर सील कर दिया गया है।

लखनऊ में लाल खून के काले कारोबार का खुलासा सहायक आयुक्त औषधि मनोज कुमार की रिपोर्ट पर एसटीएफ ने किया था। पकड़े गए तस्करों ने ने रिसिया में स्थित हसन हॉस्पिटल के ब्लड सेंटर में भी खून आपूर्ति का खुलासा किया था। इस खुलासे के बाद शासन ने मनोज कुमार को देवीपाटन मंडल के सहायक आयुक्त का प्रभार सौंपा है। सोमवार को प्रभार संभालने के साथ ही वे जांच के लिए बहराइच पहुंचे। औषधि निरीक्षक राजू प्रसाद के साथ एसटीएफ के अधिकारियों ने हसन हॉस्पिटल की जांच की। ब्लड बैंक में 39 यूनिट ब्लड संरक्षित पाया गया। ब्लड की जांच में संदिग्ध होने पर सैंपल भरा गया है। अभिलेखों को कब्जे में ले लेकर सैंपल की रिपोर्ट आने तक सेंटर में ब्लड आदान-प्रदान करने पर पाबंदी लगा दी गई है।



हसन हॉस्पिटल के ब्लड सेंटर में ब्लड की जांच करते औषधि निरीक्षक राजू प्रसाद।

# अतिक्रमण बना दोहरे हत्याकांड की वजह

**खुलासा**

**बहराइच, संवाददाता।** बहादुरपुर में ग्राम पंचायत की 15 बिस्वां भूमि पर किए गए अतिक्रमण हटने की आशंका से डरे लोगों ने मुर्गी फार्म पर सो रहे वृद्ध दम्पति की फावड़े से हमलाकर नृशंस हत्या की गई थी। देहात कोतवाली पुलिस ने एसओजी की मदद से इस दोहरे हत्याकांड का खुलासा कर दो कातिलों को दबोच लिया। जबकि दो कातिल अभी भी फरार हैं। हत्या में प्रयुक्त फावड़ा भी बरामद कर लिया गया है।

एसएसपी केशव कुमार चौधरी ने बताया कि देहात कोतवाली के बहादुरपुर में आबादी के बाहर स्थित मुर्गी फार्म पर 13 जून की आधी रात में सो रहे अब्दुल गनी पुत्र गोबरे व उनकी पत्नी चुनमुनियां की नृशंस हत्या कर दी गई थी। 14 जून की सुबह इसकी जानकारी होने पर डीआईजी ने भी मौके पर पहुंच कर जांच की थी। एसएसपी ने इस गुत्थी से उलझे कांड के खुलासे को कोतवाली व स्वाट सहित तीन टीमें लगाई थी।

कोतवाल सत्येन्द्र बहादुर सिंह , दरोगा सुरेन्द्र कुमार बौद्ध ,अनिल कुमार यादव व स्वाट व सर्विलांस के दरोगा अनुज कुमार त्रिपाठी ने तीन सप्ताह बाद इसी गांव निवासी तैनूर व सोनू उर्फ समीर को गिरफ्तार कर लिया।

इन दोनों की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त फावड़ा व इन दोनों कातिलों के खून सने कपड़े बरामद किए गए हैं। वारदात में शामिल दो आरोपी फरार हैं। गिरफ्तार कातिलों ने पूछताछ में बताया कि अब्दुल गनी की कोशिश से चक रोड की पैमाइश में कब्जा की गई 15 बिस्वा सरकारी भूमि जाने के डर से हत्या का प्लान बनाया गया था। एसएसपी ने इनकी गिरफ्तारी करने वाली टीम को 25 हजार के इनाम से प्रोत्साहित किया है।

## गांव के चकरोड की भूमि पर हुआ था अवैध अतिक्रमण

**बहराइच** । देहात कोतवाली के बहादुरपुर में चकरोड की लगभग 15 बिस्वा भूमि पर अतिक्रमण कर खेती की जा रही थी।

अब्दुल गनी चकरोड की पैमाइश व चकरोड पटान के लिए लगातार पैरवी कर रहे थे। जिसकी वजह से अब्दुल गनी अतिक्रमणकारियों तैनूर, सोनू उर्फ समीर व रजऊ की आंख का कांटा बन गए थे। 75 वर्ष की आयु के बावजूद वह शारारिक रूप से चुस्त दुरुस्त थे। वारदात की रात जहां उनका बेटा मुर्गी फार्म के पास लगी आटा चक्की से रात एक बजे काम बंद कर घर गया था। अब्दुल गनी उस समय भी खेती किसानी कर रहे थे। खेत खाली होने की वजह से अब्दुल गनी की कोशिश से चकरोड पैमाइश की प्रक्रिया जून के दूसरे सप्ताह में होनी थी। पंचायत कर अतिक्रमणकारियों ने सात दिन बाद पैमाइश को समय मांगा। समय पूरा होने पर दो दिन की और मोहलत मांगी, और दोहरे कत्ल की वारदात की।

---

**टीम में इनका रहा सराहनीय योगदान :** बहराइच। दोहरे हत्याकांड के खुलासे में स्वाट के हेड कांस्टेबल राजेन्द्र यादव, करुणेश शुक्ला, सिपाही सर्विलांस सेल रवि प्रताप यादव, नितिन अवस्थी, विजय पटेल, अश्विनी चौधरी, सुरेश गुप्ता, नरोत्तम पुरी, कोतवाली के रिंकू कनौजिया, महिला सिपाही ज्योति शर्मा, कोमल का सराहनीय योगदान रहा।

# किशोरी के अपहरण व रेप में 20 वर्ष का कारावास

बहराइच, संवाददाता। न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश, विशेष न्याधीश, पाक्सो के जज वरुण मोहित निगम ने किशोरी का अपरण, रेप व पाक्सो एक्ट में दोषसिद्ध अपराधी को 20 वर्ष का सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। दोषसिद्ध अपराधी पर 1.12 लाख का जुर्माना लगाया है। जिसकी आधी धनराशि पीड़िता को देनी होगी। जुर्माना अदा न करने पर एक वर्ष की अतिरिक्त सजा काटनी होगी।

विशेष जिला शासकीय अधिवक्ता पाक्सो संत प्रताप सिंह ने बताया कि फखरपुर थाने के एक गांव में एक व्यक्ति की अवयस्क बेटी का आठ जुलाई 2018 को अपहरण हो गया। पीड़िता के पिता ने इस मामले में फखरपुर थाने में बुबकापुर के मजरे शिवनाथपुरवा निवासी मोहम्मद अलकमा सलमान को नामजद कर अपहरण का केस दर्ज किया गया। पुलिस सक्रिय हुई।

- 1.12 लाख का जुर्माना अदा न करने पर एक वर्ष की अतिरिक्त सजा होगी
- 2018 को हुई थी वारदात जुर्माना की आधी धन राशि पीड़िता को मिलेगी

किशोरी की बरामदगी के बाद मेडिकल के पश्चात कोर्ट में बयान के आधार पर रेप व पाक्सो एक्ट की धाराओं की वृद्धि हुई।

तहकीकात खत्म होने पर पुलिस ने कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की। सोमवार को जज ने बचाव व अभियोजन पक्ष से विशेष जिला शासकीय अधिवक्ता संत प्रताप सिंह व लोक अभियोजक पाक्सो संतोष कुमार सिंह के तर्कों को सुना। जज ने मोहम्मद अलकमा सलमानी पर दोषसिद्ध होने पर 20 वर्ष की सजा व 1.12 लाख के जुर्माना की सजा सुनाई है।

# दुष्कर्मी युवक को 20 वर्ष का कारावास

**जासं, बहराइच :** अपर सत्र न्यायाधीश विशेष पाक्सो एक्ट वरुण मोहित निगम ने दुष्कर्म के आरोपित को दोषी करार देते हुए 20 वर्ष के कठोर कारावास की सजा दी है। एक लाख रुपये अर्थदंड अदा न करने पर उसे एक वर्ष अतिरिक्त सजा भुगतनी पड़ेगी। अर्थदंड की रकम से 50 फीसद पीड़िता को देने का आदेश दिया है।

जिला विशेष शासकीय अधिवक्ता पाक्सो संतप्रताप सिंह व विशेष लोक अभियोजक पाक्सो संतोष कुमार सिंह ने मामले की पैरवी की। उन्होंने बताया कि फखरपुर थाना क्षेत्र की 15 वर्षीय पीड़िता को आरोपित अलकमा सलमानी आठ जुलाई 2018 को बहला-फुसलाकर अपहृत कर ले गया। तलाश करने पर किशोरी नहीं मिली तो पिता ने थाना फखरपुर में मुकदमा लिखाया। मुकदमे के विवेचक एसआइ अवधराज ने अलकमा सलमानी के खिलाफ अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया।

अदालत ने 21 अगस्त 2018 को मामले का संज्ञान लेकर कार्रवाई शुरू की। नौ जनवरी 2019 को आरोप पत्र बनाया गया, जिससे आरोपित ने इन्कार किया और परीक्षण की मांग की। 29 जून 2022 को दोबारा साक्ष्य देने व जिरह करने का मौका दिया गया, लेकिन उसने कुछ भी कहने से इन्कार किया। अभियोजन और बचाव पक्ष के तर्कों को सुनने के बाद अभियुक्त को 20 वर्ष जेल की सजा सुनाई। अभियुक्त को जेल भेज दिया गया।

**अदालत से**

**01** लाख रुपये जुर्माना अदालत ने ठोंका

**50** फीसद जुर्माने की रकम पीड़ित को देने का आदेश

## चरस बरामदगी के मामले में एक वर्ष की सजा

अपर सत्र न्यायाधीश विशेष एनडीपीएस एक्ट नितिन पांड्येय ने सोमवार को 350 ग्राम चरस रखने के आरोपित को दोषी ठहराते हुए एक वर्ष 23 दिन की सजा सुनाई। विशेष लोक अभियोजक एनडीपीएस एक्ट प्रेमप्रकाश मिश्र ने मामले की पैरवी करते हुए बताया कि कोतवाली देहात के बंजारी मोड़ शेखदहीर निवासी इसरार को 12 जून 2021 को 350 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया था। उसके खिलाफ पुलिस ने अदालत में चार्जशीट दाखिल की थी। सुनवाई के बाद अदालत ने सजा सुनाई।

## अपराध नियंत्रण के लिए एसपी सम्मानित

जासं, बहराइच : अपराध नियंत्रण एवं जिले में शांति कायम करने के लिए पुलिस लाइन्स सभागार में सद्भावना संस्था ने पुलिस अधीक्षक केशव कुमार चौधरी को सम्मानित किया। इस मौके पर सभी 14 ब्लाक व शहर अध्यक्ष समेत संस्था के दो सौ स्वयंसेवकों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का आयोजन संस्था के अध्यक्ष योगेंद्रमणि त्रिपाठी ने किया। सहायक श्रमायुक्त सिद्धार्थ मोदियानी, पियर्स एजुकेटर प्रभारी राकेश गुप्त, एमआर शुक्ल मौजूद रहे। सद्भावना के जिला प्रभारी कौशलेंद्र सिंह ने एसपी को गुरु गोरखनाथ की प्रतिमा भेंट की। एसपी ने बरगद, आम, अमरूद, कटहल और आंवला का पौध लगाया।

# दंपति हत्याकांड में दो गिरफ्तार

## राजफाश करने वाली टीम पुरस्कृत फावड़े से काटकर मार डाला था

**जासं, बहराइच :** बहादुरपुर में 20 दिन पूर्व हुई बुजुर्ग दंपति की नृशंस हत्या के मामले का पुलिस ने राजफाश कर दिया। हत्या में शामिल दो आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एक आरोपित फरार है। चकरोड पाटने के विवाद को लेकर फावड़े से दंपति की हत्या की गई थी। पुलिस अधीक्षक केशव कुमार चौधरी ने बताया कि राजफाश करने वाली टीम को 25 हजार रुपये का पुरस्कार दिया है।



दोहरे हत्याकांड का राजफाश करते एसपी केशव कुमार चौधरी ● जागरण

देहात कोतवाली के बहादुरपुर में 13/14 जून की रात 65 वर्षीय बुजुर्ग अब्दुल गनी व उनकी पत्नी चुनमुनिया की नृशंस हत्या की गई थी। एसपी ने दोहरे हत्याकांड का राजफाश करने के लिए तीन टीमों का गठन किया था। सभी टीमों का नेतृत्व अपर पुलिस अधीक्षक शहर कुंवर ज्ञानंजय सिंह कर रहे थे। जांच के दौरान पुलिस ने बहादुरपुर निवासी तैनूर हसन, सोनू उर्फ समीर को हिरासत में लिया।

पुलिस ने जब सख्ती से पूछताछ की तो दोनों ने गांव निवासी रजऊ उर्फ शहनूर के साथ नृशंस हत्या करने की बात स्वीकार की। आरोपितों ने बताया कि अब्दुल गनी चकरोड पटवाने का प्रयास कर रहे थे। इससे आरोपितों की 15 बिस्वा जमीन चकरोड में चली जाती। बात नहीं मानने पर उन्होंने हत्या कर दी। रजऊ उर्फ शहनूर पुलिस को चकमा देकर फरार है। दोहरे हत्याकांड के राजफाश में कोतवाल सतेंद्र बहादुर सिंह, एसओजी प्रभारी अनुज त्रिपाठी, एसआइ सुरेंद्र कुमार बौद्ध, अनिल कुमार यादव आदि शामिल रहे।

# पुलिस ने जांची बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था

**संसू, गंभीरवाबाजार(बहराइच) :** बैंक की सुरक्षा को लेकर रामगांव पुलिस ने सोमवार को विशेष अभियान चलाया। उपनिरीक्षक शैलेंद्र शर्मा के नेतृत्व में पुलिस फोर्स ने आर्यवर्त बैंक बलवापुर, बौंडी फतेहउल्लापुर, नौतला, स्टेट बैंक सोहरवा, आर्यावर्त बैंक नेवादा का निरीक्षण किया।

उन्होंने बैंक ग्राहकों से सुरक्षा के बारे में जानकारी ली। वहां लगे सीसी कैमरे व सायरन की जांच की। इस दौरान पुलिस कर्मियों द्वारा बैंक में मौजूद लोगों को लेन-देन के दौरान बरती जानेवाली सावधानी के प्रति जागरूक किया। वाहन रोककर संदिग्धों से पूछताछ की। नियमों की अवहेलना पर कार्रवाई करने व उनसे जुर्माना वसूलने की चेतावनी दी।

# दुष्कर्म और छेड़छाड़ के आरोपित गिरफ्तार

**संसू, गंभीरवाबाजार(बहराइच) :** रामगांव थानाध्यक्ष संजय सिंह ने बताया कि सोमवार को दुष्कर्म व छेड़छाड़ के आरोपितों को पुलिस टीम ने छापेमारी कर गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपितों को न्यायालय भेजा गया।

थाना क्षेत्र के नरहरगोंड़ा गांव में कांस्टेबल सुनील कुमार व सुधीर गौतम ने दबिश देकर दुष्कर्म के आरोपित रेहान को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार बाल अभिचारी को थाने के बाल कल्याण अधिकारी उपनिरीक्षक महेंद्र कुमार के संरक्षण में न्यायालय भेजा गया।

एसओ ने बताया कि पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर सरपतहा जाने वाले मार्ग से छेड़छाड़ के आरोपित बबलू निवासी गोबार खसहा मोहम्मदपुर को गिरफ्तार कर लिया। टीम में उपनिरीक्षक महेंद्र कुमार व ओमवीर शामिल रहे। उपनिरीक्षक शैलेंद्र कुमार शर्मा व संजय यादव ने लक्खाबौंडी गहिरवा निवासी राजाराम को गिरफ्तार कर शांतिभंग में न्यायालय भेज दिया।

# बकरीद को शांतिपूर्ण निपटाने की तैयारियों में जुटा प्रशासन

**जासं, बहराइच :** ईदुज्जुहा (बकरीद) पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के मद्देनजर जिलाधिकारी डा. दिनेश चंद्र की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक सोमवार को हुई।

जिलाधिकारी ने आश्वस्त किया कि साफ-सफाई, बिजली, पानी, सड़क के बारे में आए सुझाव पर कार्रवाई की जाएगी। डीएम ने अधिशासी अधिकारियों व डीपीआरओ को निर्देश दिया कि नगरीय व ग्रामीण क्षेत्रों में समुचित साफ-सफाई कराते हुए जलभराव आदि की समस्या को समय से ठीक करा लिया जाए।

नियमित जलापूर्ति व विद्युत आपूर्ति के लिए निर्देश दिया। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने कहा कि असामाजिक तत्वों से सावधान रहें, यदि कोई अप्रिय बात हो तो उच्च अधिकारियों के संज्ञान में अवश्य लाएं। निर्धारित स्थलों पर ही कुर्बानी की जाए व प्रतिबंधित जानवरों की कुर्बानी करने से बचें।

बैठक के दौरान लड्डन खां, खालिद, मोईनुद्दीन कादरी, इनायत उल्ला कासमी, रूमी मियां, कारी जुबेर अहमद, राकेश चंद्र श्रीवास्तव, चेयरमैन महमूद अहमद, पूर्व प्रमुख मुन्ना सिंह, शमशाद अहमद, दीपक सोनी मौजूद रहे।

# जाम का कारण बन रहे ई–रिक्शा, तेज होगा जांच अभियान

संतोष श्रीवास्तव ● बहराइच




- शहर की यातायात व्यवस्था को ध्वस्त कर रहे अप्रशिक्षित ई–रिक्शा चालक
- नहीं हो रही कार्रवाई, संभल कर चलें इनके इर्दगिर्द

शहर में बड़ी संख्या में ई-रिक्शा सड़क पर दौड़ रहे हैं। ज्यादातर चालकों के पास ड्राइविंग लाइसेंस भी नहीं है। यातायात नियम से इन्हें कोई मतलब भी नहीं। जहां मर्जी वहीं वाहन रोक कर सवारी बैठाना शुरू कर देते हैं। इनकी मनमानी के चलते राहगीरों को जाम का दंश झेलना पड़ता है।

शहरी यातायात व्यवस्था को ई-रिक्शा बिगाड़ रहे हैं। रोजगार के नाम पर आए यह सवारी वाहन अब यातायात व्यवस्था के लिए सिर दर्द बन रहे हैं। वाहनों के आसपास आड़े-तिरछे निकलते ई-रिक्शा का नियम-कानून से लेना-देना नहीं है और न ही यातायात व्यवस्था से। पूरी तरह यातायात व्यवस्था को ध्वस्त करने वाले इन चालकों को सलीका सिखाने वाला कोई नहीं है। इनके चलते अब चौक-चौराहों पर जाम समस्या बनता जा रहा है।

लापरवाही का आलम यह है कि ई-रिक्शा चालक इयरफोन लगाए गाने सुनते हुए वाहन को दौड़ा रहे हैं तो कोई पैर पर पैर रखकर वाहन चला रहा है। चालक की यह मामूली सी गलती सवारी के लिए कब जोखिम बन जाए, कुछ कहा नहीं जा सकता। ड्राइविंग सीट पर ही चालक अपने अलावा अगल-बगल दो-दो और सवारियों को बैठाकर फर्राटा भरते रहते हैं। अनुभवहीन चालक यात्रियों की जिंदगी दांव पर लगाकर फर्राटा भर रहे हैं।


रोडवेज परिसर में कुछ इस तरह बेतरतीब खड़े ई–रिक्शा ● जागरण

नियमों का उल्लंघन करने वाले चालकों पर कार्रवाई की जाती है। प्रति सवारी एक हजार रुपये जुर्माना व बिना दस्तावेज के वाहन चलाते पाए जाने पर 2200 रुपये प्रति सवारी जुर्माना वसूल किया जाता है। ऐसे वाहन चालकों के विरुद्ध जांच अभियान तेज किया जाएगा।

**-राजीव कुमार**, एआरटीओ प्रशासन

# ट्विटर पर की शिकायत, झटपट मिला इंसाफ

## सोशल मीडिया की शिकायतों को गंभीरता से ले रही पुलिस

**राहुल यादव**

**बहराइच।** पुलिस थाने व कोतवाली के साथ ही सोशल मीडिया परआने वाले शिकायतों को भी बहराइच पुलिस पूरी गंभीरता से ले रही है। इसके तहत ही ट्विटर (चिड़िया) पर अब तक आने वाली 112 फरियादियों की शिकायत का निस्तारण जिले की पुलिस ने पीड़ितों की संतुष्टि के आधार पर कराया है। सोशल मीडिया पर दर्ज होने वाली इन शिकायतों के निस्तारण में कोई ढिलाई न होने पाए, इसके लिए मीडिया सेल से लगातार निगरानी भी रखी जा रही है।

शिकायतों को समयबद्ध स्तर पर पूरी गुणवत्ता के साथ निपटाने के कार्य पर स्वयं पुलिस अधीक्षक स्तर से नजर रखी जा रही है। यही कारण है कि बीते छह माह में अब तक 112 पीड़ितों को ट्विटर पर की गयी शिकायत के बाद ही समस्या से छुटकारा मिल चुका है। पुलिस अफसरों का मानना है कि जो पीड़ित किसी कारण वंश पुलिस थाने, कोतवाली व एसपी कार्यालय नहीं पहुंच पाते हैं वह अपनी परेशानी दूर कराने के लिए सोशल मीडिया के तहत संचालित ट्वीटर व अन्य एप का सहारा लेते हैं। ऐसे मामलों में गंभीर मुद्दा होने पर डायल 112 को सूचना देने के साथ ही थाने की फोर्स को भी भेजा जाता है। मामूली परेशानी होने पर फोन से ही पीड़ित से संपर्क कर समस्या का समाधान पुलिस करा देती है। एसपी केशव चौधरी द्वारा निगरानी को गठित मीडिया सेल की रिपोर्ट की तैयार रिपोर्ट की भी दैनिक समीक्षा होती है।

### छह माह के दौरान 112 फरियादियों को मिला पूरा समाधान



बहराइच पुलिस की ओर से पीड़ित को दिया गया जवाब। -संवाद

### शिकायतों का निस्तारण पहली प्राथमिकता



शिकायतकर्ता अपनी बात अपने साधन के माध्यम से करता है। कोई कार्यालय आ जाता है तो कोई ट्वीटर पर ट्वीट करके जानकारी देता है। हर प्लेटफार्म से मिलने वाली शिकायतों को गंभीरता से लेकर उसका समाधान कराया जाता है। शिकायतों का निस्तारण कराकर पीड़ित के चेहरे पर मुस्कान लाना ही पुलिस की प्राथमिकता में शामिल है। **-केशव चौधरी**, एसपी बहराइच

### छह माह में निस्तारण

| माह | शिकायत | निस्तारण |
|---|---|---|
| जनवरी | 15 | 15 |
| फरवरी | 21 | 21 |
| मार्च | 24 | 24 |
| अप्रैल | 22 | 22 |
| मई | 19 | 19 |
| जून | 15 | 11 |

# अफीम के साथ दो युवक धरे गये

**रुपईडीहा।** नेपाल के बांके में बैरियर पर चेकिंग के दौरान दो लोगों के पास से अफीम बरामद हुई। इलाका प्रहरी कार्यालय इंचार्ज इन बहादुर मल्ल ने बताया कि संदेह होने पर गोपाल रोकाय व लेखराज बिष्ट की तलाशी ली गई। दोनों के पास से साढ़े तीन किलो अफीम बरामद हुई। दोनों सुर्खेत से नेपालगंज आए थे। उन्होंने बताया कि इस क्षेत्र में कई बार मादक पदार्थों के साथ तस्कर गिरफ्तार किए जा चुके हैं। ऐसे में विशेष सतर्कता बरती जा रही है। ऐसी गतिविधियों किसी भी कीमत पर संचालित नहीं होने दी जाएंगी। संवाद

# 20 साल का सश्रम कारावास

**बहराइच।** विशेष जिला शासकीय अधिवक्ता संतप्रताप सिंह ने बताया कि थाना फखरपुर में वादी ने अपनी नाबालिग पुत्री के अपहरण समेत कई धाराओं में मोहम्मद अलकमा सलमानी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। अपर सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश वरुण मोहित निगम के न्यायालय ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद अलकमा सलमानी को दोषी करार देते हुए 20 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही एक लाख का अर्थदंड भी लगाया है। संवाद

# हसन ब्लड बैंक पर छापा, सील

## टीम ने नमूने लेकर जांच के लिए भेजे, खून की तस्करी में आया था नाम

संवाद न्यूज एजेंसी

**बहराइच।** रिसिया स्थित हसन ब्लड बैंक पर गोंडा से सहायक आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के नेतृत्व में आई टीम ने छापा मारा। इस दौरान ब्लड बैंक से 39 यूनिट रक्त बरामद हुआ। कुछ ब्लड बैग टीम को प्रथम दृष्टया संदिग्ध लगे। इस पर जांच टीम ने नमूने लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेज दिए हैं। साथ ही ब्लड बैंक को सील कर दिया गया है।

बीते गुरुवार को एसटीएफ ने लखनऊ में रक्त की तस्करी करने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ किया था। इनके पास से राजस्थान से तस्करी कर लाया गया कई



हसन ब्लड बैंक पर छापा मारती टीम। -संवाद

यूनिट रक्त बरामद हुआ था। पूछताछ के दौरान गिरफ्तार किए गए तस्करों ने जिले

### जांच में गड़बड़ी मिलने पर की जाएगी सख्त कार्रवाई

के रिसिया स्थित हसन ब्लड बैंक को भी रक्त की आपूर्ति करने की बात स्वीकार की थी। सोमवार की देर शाम गोंडा से सहायक आयुक्त खाद्य एवं औषधि प्रशासन, मनोज कुमार व औषधि निरीक्षक राजू प्रसाद के नेतृत्व में जांच टीम यहां पहुंची। टीम ने यहां से 39 यूनिट रक्त बरामद किया।

कुछ रक्त संदिग्ध लगने पर नमूने लेकर जांच के लिए भेज दिए गये। मनोज कुमार ने बताया कि रिपोर्ट आने तक ब्लड बैंक सील रहेगा। जांच में रक्त में गड़बड़ी मिली तो सख्त कार्रवाई होगी।

SHRAWASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 05-07-2022

# मारपीट के आरोपी को तीन साल जेल

**श्रावस्ती।** विशेष न्यायाधीश अनुसूचित जाति जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम उमेश कुमार-दो ने दलित से मारपीट के आरोपियों को तीन साल जेल की सजा सुनाई है। अभियोजन पक्ष की पैरवी विशेष लोक अभियोजक प्रेम कुमार मिश्र कर रहे थे।

गिलौला थाना क्षेत्र के पौली नदौना निवासी हरीराम ने अपने ही गांव के नीबर, राधेश्याम व ननके के खिलाफ मारपीट करने, भद्दी-भद्दी गालियां देने और अपमानित करने का आरोप लगाते हुए मुकद्मा दर्ज कराया था। मुकद्मे का विचारण विशेष न्यायाधीश की अदालत पर हुआ। विशेष न्यायाधीश अनुसूचित जाति जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम उमेश कुमार दो ने अभियुक्त नीबर, राधेश्याम व ननके को दोषी करार देते हुए सजा सुनाई है।

# 20 लीटर कच्ची शराब के साथ एक गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** सिरसिया थाना प्रभारी निरीक्षक प्रेमपाल सिंह सोमवार को मुखबिर की सूचना पर एक व्यक्ति को 20 लीटर कच्ची शराब और 200 यूरिया के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान विश्राम पुत्र नारायन निवासी चिड़ीमार पुरवा थाना सिरसिया के रूप में हुई। आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई।

# वन महोत्सव को बनाएं जन उत्सव : आयुक्त

**जासं, श्रावस्ती :** वन महोत्सव को सफल बनाने के लिए शासन से नामित नोडल अधिकारी/आयुक्त देवीपाटन मंडल एमपी अग्रवाल सोमवार को श्रावस्ती पहुंचे। कलेक्ट्रेट परिसर में आयुक्त को गार्ड आफ आनर दिया गया। कलेक्ट्रेट सभागार में आयुक्त की अध्यक्षता पौधारोपण अभियान की तैयारी बैठक हुई।



कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित वृहद पौधारोपण अभियान की तैयारी बैठक में मौजूद आयुक्त एमपी अग्रवाल ( बाएं से दूसरे), डीएम नेहा प्रकाश (दाएं से दूसरे), सीडीओ अनुभव सिंह (बाएं) व एएसपी केसी गोस्वामी (दाएं) ● जागरण

आयुक्त ने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव के तहत जिले में पांच से सात जुलाई व 15 अगस्त को वृहद पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन तिथियों में सुबह नौ बजे से पौधारोपण का कार्य शुरू होगा। सभी पौधारोपण स्थल पर जनप्रतिनिधि, विधायक, जिला पंचायत सदस्य, क्षेत्र पंचायत प्रमुख, सदस्य, ग्राम प्रधान व ग्राम पंचायत सदस्य को आमंत्रित कर पौधारोपण कार्य का शुभारंभ कराया जाए।

इसे जन आंदोलन का रूप देकर वन महोत्सव को उत्सव के रूप में मनाकर लक्ष्य के सापेक्ष पौधारोपण कराएं। देखभाल की मुकम्मल व्यवस्था कराएं। विभागाध्यक्ष चिह्नित स्थलों पर पौधारोपण कर रिपोर्ट प्रेषित करेंगे। सामुदायिक स्थल व ग्राम पंचायतों में पौधारोपण कराएं। इसे जन आंदोलन का रूप देते हुए लक्ष्य को पूरा कराएं। ग्राम पंचायतों में अमृत उद्यान लगाए जाएंगे। 15 अगस्त तक लक्ष्य की पूर्ति के लिए महाविद्यालयों, इंटर कालेजों व परिषदीय विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं से उनके सुविधा अनुसार स्कूल व ग्राम पंचायतों में पौधारोपण के लिए निर्धारित जियो टैगिंग वाले स्थलों पर पौधे रोपित कराएं। सरकारी विभागों से संबद्ध गैर सरकारी विद्यालयों व स्वयंसेवी संस्थाओं को भी प्रेरित कर पौधारोपण कराया जाए। डीएम नेहा प्रकाश ने आयुक्त को बताया कि कुल 63 लाख 47 हजार 733 पौधे लगाए जाएंगे। निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष गड्ढा खदान का कार्य पूरा कर लिया गया है।

पौधारोपण के बाद पटान कार्य की भी तैयारी कर ली गई है। 34 पौधशालाओं में 86 लाख 22 हजार 893 पौधे तैयार हैं। इसमें सागौन, आम, अमरूद, आंवला, करौंदा, इमली, सहजन, कदंब, चिलबिल, बालमखीरा, पीपल, पाकड़, बरगद, जामुन, अर्जुन, शामिल हैं। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के पंजीकृत किसानों की ओर से एक से 10 पौधों का रोपण अनिवार्य रूप से कराने के लिए जिला कृषि अधिकारी को नोडल अधिकारी नामित किया गया है। संचालन डीएफओ एपी यादव ने किया। सीडीओ अनुभव सिंह, एडीएम कमलेश चंद्र, एएसपी केशव चंद्र गोस्वामी मौजूद रहे।

वन महोत्सव का किया शुभारंभ : आयुक्त एमपी अग्रवाल व डीएम नेहा प्रकाश ने सोमवार को कलेक्ट्रेट परिसर में मौलश्री व अशोक का पौधा रोपित कर वन महोत्सव का शुभारंभ किया।

आयुक्त ने पौधारोपण कार्यक्रम में सहभागी बनकर जिलेवासियों को अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि मानव जीवन को सुखी, समृद्धि व संतुलित बनाए रखने के लिए पौधारोपण जरूरी है। पौधा लगाओ, जीवन को सुरक्षित बनाओ। डीएम ने कहा कि पेड़-पौधों के बिना हमारा अस्तित्व असंभव है। पेड़ पक्षियों व जानवरों के लिए भोजन व आश्रय प्रदान करते हैं।

****

# चौपाल लगाकर महिलाओं को दी कानून की जानकारी

**श्रावस्ती :** शक्ति मोबाइल टीम ने भिनगा क्षेत्र के गोड्यिनपुरवा, नेवादा, रामलालपुरवा में चौपाल लगाई। महिला आरक्षी संज्ञा भारती, अर्जिता यादव व सोनी ने महिलाओं व बालिकाओं को विभिन्न कानूनों का पाठ पढ़ा कर सशक्त किया। जागरूकता पंप्लेट भी बांटे। (वि.)

# आज होगा वन महोत्सव का आगाज

## 63 लाख से अधिक पौधरोपण का लक्ष्य, मंडलायुक्त ने की तैयारियों की समीक्षा

संवाद न्यूज एजेंसी

**श्रावस्ती।** वन महोत्सव का आगाज मंगलवार से होगा। इसके तहत जिले में 63 लाख 47 हजार 733 पौधे लगाए जाएंगे। सोमवार को आयुक्त, देवीपाटन मंडल ने इनकी तैयारियों की समीक्षा की। साथ ही कलेक्ट्रेट परिसर में मौलश्री व अशोक के पौधे भी रोपे।

तैयारियों की समीक्षा के दौरान डीएम नेहा प्रकाश ने मंडलायुक्त एमपी अग्रवाल को बताया कि वन महोत्सव के तहत 5, 6, 7 जुलाई व 15 अगस्त को जिले में वृहद पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन होगा। जिले में ही 34 पौधशालाओं में 8622893 पौधे तैयार किए गये है। इसमें मुख्य रूप से सागौन, आम, अमरूद, आंवला, करौंदा, इमली, सहजन, कदंब, चिलबिल, बालमखीरा, पीपल, पाकड़, बरगद, जामुन, अर्जुन, इमली आदि शामिल हैं। इस दौरान मंडलायुक्त ने बताया कि शासन ने पौधरोपण कार्यक्रम के लिए सांसद रामशिरोमणि वर्मा को नामित किया है। वही कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे। इस दौरान डीएफओ एपी यादव ने बताया कि जिले को मिला पौधरोपण का लक्ष्य जनप्रतिनिधियों, विभिन्न विभागों के अधिकारियों, कर्मचारियों, स्वयंसेवी संस्थाओं व स्कूली बच्चों को साथ लेकर पूरा किया जाएगा। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी कमलेश चंद्र, एएसपी केशव चंद्र गोस्वामी, एसडीएम प्रवेंद्र कुमार, आरपी चौधरी, सौरभ शुक्ला, रोहित, आशुतोष आदि मौजूद रहे।





कलेक्ट्रेट परिसर में पौधरोपण करते मंडलायुक्त साथ में डीएम। कलेक्ट्रेट सभागार में वन महोत्सव की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक करते मंडलायुक्त (दाएं)। संवाद

# शक्ति मोबाइल टीम ने किया जागरूक



**श्रावस्ती।** भिनगा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गोड़ियन पुरवा, नेवादा व रामलाल पुरवा में महिला आरक्षियों द्वारा सोमवार को चौपाल का आयोजन किया। गोड़ियन पुरवा गांव में आयोजित कार्यक्रम के दौरान महिला आरक्षी संज्ञा भारती ने कहा कि महिलाओं व बालिकाओं को सुरक्षा एवं आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है। इसके लिए उन्हें सेल्फ डिफेंस का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। महिला आरक्षी अर्जिता सिंह ने मौजूद महिलाओं व युवतियों को पंफलेट वितरित कर हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जानकारी दी। महिला आरक्षी सोनी देवी ने कहा कि यदि आपको किसी प्रकार की समस्या होती है या कहीं आने जाने पर कोई अंजान व्यक्ति परेशान करता है तो हेल्पलाइन नंबरों पर फोन कर सहायता प्राप्त कर सकती है। फोन करने वाली महिलाओं व बच्चियों का नाम पता गोपनीय रखा जाएगा। महिला बीट पुलिस अधिकारियों व शक्ति मोबाइल टीमों द्वारा इकौना थाना क्षेत्र के गांवों में चौपाल लगा कर आजादी के अमृत महोत्सव व अन्य कानून तथा नियमों के बारे में जानकारी दी गई। (संवाद)

# तालाब की जमीन से अतिक्रमण हटाया

संवाद न्यूज एजेंसी

**इकौना (श्रावस्ती)।** इकौना तहसील क्षेत्र ग्राम इकौना देहात में बौद्ध परिपथ से सटी तालाब की भूमि पर भू मा फि या ओं द्वारा अतिक्रमण कर प्लाटिंग कार्य के लिए रास्ता बनाया जा रहा था। इसकी शिकायत करते हुए हिन्दू युवा वाहिनी की जिला इकाई के जिला महामंत्री केडी सिंह के नेतृत्व में 22 जून को एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी इकौना आरपी चौधरी को सौंपा गया था।

### हिंदू युवा वाहिनी की शिकायत पर हुई कार्रवाई

शिकायत को संज्ञान में लेते हुए स्थानीय प्रशासन द्वारा रविवार सुबह एक राजस्व निरीक्षक व 4 लेखपालों की टीम बना कर दुर्गा पूजा विसर्जन स्थली तालाब की भूमि की पैमाइश कराई गई। पैमाईश के बाद तालाब की भूमि पर अवैध कब्जा होने की पुष्टि होने पर तत्काल दो जेसीबी मशीन व ट्रैक्टर ट्राली लगाकर अतिक्रमण को हटवा दिया गया है। साथ ही तालाब की भूमि को चिह्नित करते हुए उसके अगल बगल 6 फिट चौड़ा व गहरा गड्ढा खुदवा दिया गया है। जिससे उक्त तालाब की भूमि पर दोबारा अतिक्रमण ना हो सके। इस बारे में उपजिलाधिकारी इकौना ने बताया कि तालाब की भूमि पर अतिक्रमण की सूचना मिली थी। जिसकी जांच करा कर अतिक्रमण हटवा दिया गया है। साथ ही दोषी व्यक्ति के विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी। तालाब की भूमि का मुख्यमंत्री के अमृत सरोवर योजना के तहत सुंदरीकरण कराया जाएगा। इस दौरान राजस्व निरीक्षक लालजी तिवारी, लेखपाल प्रदीप चौधरी, राजेन्द्र पाठक, विजय कुमार व राजेन्द्र पांडेय, हिन्दू युवा वाहिनी के पदाधिकारी समेत प्रभारी निरीक्षक इकौना संतोष तिवारी पुलिस तथा पीएसी के जवान मौजूद रहे।

## कब्जेदार ने आत्मदाह की धमकी दी, गिरफ्तार



**इकौना (श्रावस्ती)।** तालाब व सरकारी भूमि पर अवैध तरीके से कब्जे की शिकायत पर कब्जा हटवाने की कार्रवाई की जा रही थी। इसी बीच कब्जेदार मालिक राम के कच्चे भवन को प्रशासन द्वारा गिराया जाने लगा। इस पर मालिक राम ने आग लगाकर आत्महत्या करने की धमकी देते हुए हंगामा शुरू कर दिया। मौके पर मौजूद पुलिस कर्मियों ने मालिक राम को गिरफ्तार कर शांति भंग के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। उप जिलाधिकारी राजेंद्र प्रसाद चौधरी ने बताया कि शिकायत पर ग्राम समाज की जमीन पर अवैध अतिक्रमण की पैमाइश राजस्व टीम से कराकर अतिक्रमण हटवाने की कार्रवाई की गई है। सरकारी भूमि पर किए गए अतिक्रमण को राजस्व लेखपालों से चिह्नित कराकर ध्वस्तीकरण कराने की कार्रवाई की जाएगी। (संवाद)

# 39 वाहनों का ई-चालान

**श्रावस्ती।** जिला पुलिस ने सोमवार को चेकपोस्ट व बैरियरों पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने जांच कर 39 वाहनों का ई-चालान किया। साथ ही 52500 रुपये शमन शुल्क भी वसूल किया। संवाद

# 20 लीटर कच्ची शराब संग पकड़ा

**श्रावस्ती।** सिरसिया पुलिस ने रविवार रात गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना क्षेत्र के चिड़ीमार पुरवा गांव से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार विश्राम निवासी चिड़ीमार पुरवा के पास से पुलिस ने 20 लीटर कच्ची शराब व 200 ग्राम यूरिया बरामद की। गिरफ्तार युवक पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। (संवाद)

# शांतिभंग के आरोप में 10 गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** जिला पुलिस ने रविवार रात 10 लोगों को शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार किया। इनके विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई कर संबंधित एसडीएम के समक्ष पेश किया गया। (संवाद)